CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, मंगलवार 23 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 172 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 30 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में जातीय रैलियों पर लगा बैन, वाहनों पर नहीं लिख सकेंगे जाति के स्लोगन व नारे पेज 2



प्रीति पाल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय दल की होंगी ध्वजावाहक खेल टाइम्स



करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है मां शाकुम्भरी सिद्ध पीठ सम्पादकीय



अमेरिका ने एच-1बी वीजा फीस बढ़ाई, तो चीन लाया के. वीजा पेज 12

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश: पायलट की गलती बताना गलत

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: स्वतंत्र जांच की संभावनाएं तलाशें, केंद्र-डीजीसीए व एएआईबी से मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो



- शीर्ष अदालत ने उठ रही चर्चाओं को अफसोसजनक बताया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश में पायलट की गलती को लेकर उठ रही चर्चाओं को अफसोसजनक बताया है।

इसके लिए कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) से जवाब मांगा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने इस मामले में स्वतंत्र जांच करवाने की संभावना पर भी ध्यान दिया है। इसको लेकर एविएशन सुरक्षा एनजीओ सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन ने पीआईएल दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि प्रारंभिक रिपोर्ट में जरूरी जानकारी छुपाई गई है और यह नागरिकों के जीवन, समानता और सही जानकारी पाने के अधिकार का उल्लंघन करती है। पीआईएल में कहा गया है कि ईंधन स्विच की खराबी और इलेक्ट्रिकल फॉल्ट जैसी तकनीकी समस्याओं को नजरअंदाज किया गया और दुर्घटना का दोष केवल पायलट पर डाल दिया गया। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान 12 जून को टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गया था। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी। सुमित सभरवाल फ्लाइट के मुख्य पायलट और क्लाइव कुंदर को-पायलट थे। एनजीओ की तरफ से पैरवी कर रहे सीनियर एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कोर्ट में कहा कि दुर्घटना को हुए 100 दिन से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अब तक केवल प्रारंभिक रिपोर्ट ही जारी हुई है। उन्होंने कहा रिपोर्ट यह नहीं बताती कि असल में क्या हुआ और भविष्य में क्या सावधानी बरतनी चाहिए। इसका मतलब है कि आज भी इन बोइंग विमानों में यात्रा करने वाले सभी लोग खतरे में हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि निष्पक्ष जांच की मांग सही है, लेकिन सभी निष्कर्ष सार्वजनिक करने से जांच प्रभावित हो सकती है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर अपनी प्राइमरी रिपोट 12 जुलाई को जारी की थी। रिपोर्ट में पायलट सुमित सभरवाल और को-पायलट क्लाइव कुंदर के बीच बातचीत का जिक्र था।

# आजम खां आज होंगे रिहा



- परवाना सीतापुर जेल पहुंचा, जेल प्रशासन ने पूरी तैयारी की

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां मंगलवार को (आज) जेल से रिहा होंगे। जानकारी के मुताबिक, उनकी रिहाई का परवाना सीतापुर जेल पहुंच गया है। सुबह 8 बजे उन्हें रिहा किया जा सकता है। उनकी रिहाई को लेकर जेल प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है।

आजम खां पिछले 23 महीने से सीतापुर जेल में बंद हैं। हाल ही में क्वालिटी बार पर कब्जे के केस में आजम को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। इस मामले में 21 नवम्बर 2019 को एफआईआर दर्ज हुई थी। हाईकोर्ट ने 21 अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था। रामपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने 17 मई 2025 को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया था। क्वालिटी बार पर कब्जे के केस में आजम के परिवार के खिलाफ 2019 में एफआईआर दर्ज हुई।

### सुप्रीम कोर्ट से जैकलीन को झटका याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर विचार करने से साफ इन्कार कर दिया, जिसमें उन्होंने 200 करोड़ रुपये के मनी लान्ड्रिंग केस में दर्ज प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट यानी ईसीआईआर को रद्द करने की मांग की थी। यह मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है, जो पहले ही कई धोखाधड़ी के मामलों में जेल में बंद है। जस्टिस दिपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने जैकलीन फर्नांडिस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं करेंगे। इसके साथ ही अदालत ने साफ कर दिया कि 3 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को ही बरकरार रखा जाएगा। इसमें जैकलीन की ईसीआईआर रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया गया था।

### एनएससीएन (के) पांच वर्ष के लिए गैर कानूनी संगठन घोषित

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने नगा संगठन नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) (एनएससीएन-के) को उसके सभी गुटों और शाखाओं के साथ आगामी 28 सितम्बर से पांच वर्ष के लिए गैरकानूनी संगठन घोषित किया है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक अधिसूचना जारी कर कहा कि इस संगठन के गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल होने के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि परिस्थितियों और संगठन की गैर कूननी गतिविधियों को देखते हुए इसे गैर कानूनी घोषित किया जाना जरूरी हो गया है।

### सीतारमण ने लिया स्टेशनरी की दुकान का जायजा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में एक स्टेशनरी की दुकान पर पहुंचकर स्वयं यह देखा कि जीएसटी के तहत लागू सुधारों का आम लोगों को फायदा मिल रहा है या नहीं। श्रीमती सीतारमण ने नवरात्र और जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत के मौके पर दुकानदार और दुकान में मौजूद सभी कर्मचारियों को फूल दिए। इसके बाद उन्होंने दुकानदार से जीएसटी में सोमवार से प्रभावी सुधारों से कीमतों में होने वाली कटौती के बार में पूछा। दुकानदार ने बताया कि जीएसटी सुधारों के कारण स्टेशनरी की कीमतें कम से कम 10 प्रतिशत कम हो गई हैं।


### अंतरिक्ष में विदेशी उपग्रह की संदिग्ध हरकत, भारत सतर्क

**नई दिल्ली।** भारत अब अंतरिक्ष में मौजूद अपने उपग्रहों को बाहरी खतरों से बचाने के लिए एक नई योजना पर काम कर रहा है। इस योजना का मकसद उन संभावित हमलों को रोकना है, जो दुश्मन देशों के उपग्रहों से आ सकते हैं। यह कदम इसलिए तेजी से उठाया जा रहा है, क्योंकि हाल ही में एक विदेशी उपग्रह भारत के एक उपग्रह के बेहद करीब आ गया था।

# POK एक दिन बोलेगा 'मैं भारत हूं', ऑपरेशन सिंदूर फिर शुरू होगा

## पीओके बिना हमला किए वापस मिलेगा: राजनाथ सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो



- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मोरक्को में भारतीय समुदाय से की बातचीत
- हमारी सेना ने 100 किमी अंदर जाकर पाक ठिकाने तबाह किए

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत को बिना किसी लड़ाई या हमले के अपने आप मिल जाएगा। पीओके के लोग खुद आजादी की मांग कर रहे हैं और एक दिन वे कहेंगे कि मैं भी भारत हूं।

राजनाथ सिंह ने यह बात मोरक्को में भारतीय समुदाय से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने याद दिलाया कि पांच साल पहले कश्मीर में सेना के एक कार्यक्रम में भी उन्होंने यही बात कही थी। यह बयान उस समय आया है जब विपक्ष केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहा है कि हमने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीओके को कब्जाने का मौका गंवा दिया गया। उस समय भारतीय वायुसेना ने कई पाकिस्तानी फाइटर जेट गिराए थे, लेकिन सरकार ने सीजफायर मान लिया। दरअसल, राजनाथ सिंह दो दिन के दौरे पर मोरक्को पहुंचे हैं। यहां उन्होंने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के नए व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म 8/8 मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन किया। यह अफ्रीका में किसी भारतीय रक्षा कंपनी का पहला संयंत्र है। राजनाथ सिंह ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के अगले ही दिन सीडीएस, तीनों सेनाध्यक्षों और रक्षा सचिव के साथ बैठक में उन्होंने पूछा था कि अगर सरकार आदेश दे, तो क्या सेना तैयार है। सिंह ने बताया उन्होंने बिना एक पल गंवाए कहा कि बिल्कुल तैयार हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने हमें पूरी छूट दी और आपने नतीजा देखा कि सीमा पर नहीं, बल्कि 100 किमी अंदर जाकर आतंकी ठिकाने -शेष पृष्ठ दो पर

# मानहानि को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाए: सुप्रीम कोर्ट

## जेएनयू की पूर्व प्रोफेसर को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

- मीडिया संस्थान के खिलाफ गलत रिपोर्टिंग का किया था केस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अब समय आ गया है कि मानहानि को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाए। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच पूर्व जेएनयू प्रोफेसर अमिता सिंह की ओर से 2016 में एक मीडिया संस्थान के खिलाफ दाखिल मानहानि मामले की सुनवाई कर रही थी।

मीडिया संस्थान की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि प्रोफेसर अमिता सिंह ने एक डॉजियर (दस्तावेज) तैयार किया था, जिसमें जेएनयू को अश्लील गतिविधियों और आतंकवाद का अड्डा बताया गया। अमिता सिंह का आरोप है कि रिपोर्टर और संपादक ने बिना सत्यता जांचे यह खबर प्रकाशित की, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। सुनवाई के दौरान जस्टिस सुंदरेश के आदेश पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से सहमति -शेष पृष्ठ दो पर

### दिल्ली दंगे मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के आरोपियों में शामिल जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्रों शरजील इमाम, उमर खालिद और अन्य की ज़मानत याचिकाओं पर सोमवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, एएम सिंघवी और अन्य की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद नोटिस जारी किया। उन छात्रों को दंगों में एक बड़ी साजिश रचने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। खालिद और अन्य 2020 से दंगों के सिलसिले में जेल में हैं। पुलिस के मुताबिक, दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से ज्यादा घायल हुए थे। अधिवक्ता सिंघवी ने अदालत से अंतरिम ज़मानत याचिका पर भी नोटिस जारी करने का अनुरोध किया।

# पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ न्याय करे मोदी सरकार: राहुल

- कहा: केंद्र की तरफ से व्यापक राहत पैकेज दिया जाए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य के लिए केंद्र की तरफ से व्यापक राहत पैकेज दिया जाना चाहिए।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि पंजाब को बाढ़ की वजह से लगभग 20,000 करोड़ रुपये का नुक़सान हुआ है। ऐसे में प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1600 करोड़ रुपये का प्रारंभिक राहत पैकेज पंजाब के लोगों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि लाखों घर उजड़ गए हैं और चार लाख एकड़ से ज्यादा भूमि पर फ़सल बाढ़ के कारण बर्बाद हो गई है। किसानों को पशुधन की बड़ी हानि हुई है और बड़ी संख्या में किसानों के जानवर बह गए हैं।

# डुसू इलेक्शन की ईवीएम व पेपर ट्रेल्स प्रिजर्व होंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो



- दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश, एनएसयूआई ने चुनाव में गड़बड़ी का लगाया था आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन (डुसू) इलेक्शन में इस्तेमाल किए गए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) और इससे जुड़े पेपर ट्रेल्स को प्रिजर्व यानी संरक्षित करने का आदेश दिया है।

वोटिंग के दौरान ईवीएम में छेड़छाड़ के आरोपों के आधार पर दायर की गई याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई की। पूर्व डुसू अध्यक्ष रौनक खत्री और इस साल अध्यक्ष पद की उम्मीदवार रही एनएसयूआई की जोस्लिन नंदिता चौधरी ने ये याचिका दायर की थी। उनका आरोप है कि 18 सितम्बर, 2025 को हुए मतदान में ईवीएम से छेड़छाड़ की गई थी। इसलिए चुनाव को रद्द कर ज्यूडिशियल मॉनिटरिंग में दोबारा चुनाव कराए जाएं। कोर्ट ने कहा कि रिट याचिका इस प्रेयर के साथ दायर की गई है कि अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान की प्रक्रिया को रद्द किया जाए, क्योंकि ईवीएम में छेड़छाड़ हुई है। याचिका के अनुसार, कई कॉलेजों में मतदान के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। खासकर आरोप यह है कि ईवीएम पर बैलेट डिस्प्ले में एबीवीपी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के नाम के सामने नीली स्याही से निशान लगे हुए थे।

### युवक ने की कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश, हिरासत में

**वाराणसी।** बेंगलूर से वाराणसी आ रहे एयर इंडिया के विमान का हवा में कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश करने वाले युवक को वाराणसी एयरपोर्ट में हिरासत में ले लिया गया है। पायलट को इस बात की जानकारी होते ही एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इस बात की जानकारी दी। एटीसी ने एयरपोर्ट प्रशासन को इसकी सूचना दी। विमान के एयरपोर्ट पर लैंड होते युवक को सीआईएसएफ ने हिरासत में ले लिया। स्थानीय पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई है। बताया जा रहा है कि एयर इंडिया की फ्लाइट (आईएक्स -1086) में सवार युवक टॉयलेट का दरवाजा समझ कर खोलने का प्रयास कर रहा था। फूलपुर थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के साथ आठ लोग थे। कुल नौ लोगों से पूछताछ चल रही है। सभी लोग बेंगलूर से काशी दर्शन पूजन करने आए है।

# मोदी ने देशवासियों से मेड इन इंडिया उत्पाद खरीदने को कहा

शाह टाइम्स ब्यूरो




- प्रधानमंत्री ने देशवासियों को लिखा खुला पत्र, दुकानदारों से की मेड इन इंडिया उत्पाद बेचने की अपील

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव पर देशवासियों को खुला पत्र लिखा है। पीएम मोदी ने लोगों को लिखे पत्र में कहा कि इस वर्ष त्योहारों में हमें एक और उपहार मिल रहा है।

22 सितम्बर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई है। इन रिफॉर्म्स से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, सभी को फायदा होगा। पीएम मोदी ने कहा कि नए जीएसटी रिफॉर्म्स की विशेषता यह है कि अब मुख्य रूप से सिर्फ दो ही दरें रहेंगी। रोज़मर्रा की जरूरी चीजें जैसे खाना, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट और कई अन्य सामान अब जीरो टैक्स- यानी 5 फीसदी की दर से ही मिलेंगे। बाकी सामानों पर टैक्स दरें भी कम हुई हैं। घर और परिवार से जुड़ी ज्यादातर चीजें और सेवाएं अब 5 फीसदी टैक्स दर से ही उपलब्ध होंगी। यानी इंश्योरेंस से लेकर घर के सामान तक सब सस्ता हुआ है। आने वाले समय में और आसान होता जाएगा। नए इंश्योरेंस प्लान भी अब जीएसटी को छोड़कर ही दिए जाएंगे। उन्होंने लिखा कि मुझे ये देखकर अच्छा लगा कि कई -शेष पृष्ठ दो पर

### मोदी बोले- कांग्रेस ने नॉर्थईस्ट को नजरअंदाज किया

**ईटानगर, त्रिपुरा।** पीएम अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा के दौरे पर हैं। उन्होंने अरुणाचल के ईटानगर में 5,100 करोड़ रुपये के नए प्रोजेक्ट्स की नींव रखी। उन्होंने कहा कि अरुणाचल को कांग्रेस ने नजरअंदाज किया। हमारा पूरा नॉर्थ ईस्ट छूट गया। जब मुझे सेवा का अवसर दिया, तो मैंने कांग्रेसी सोच से देश को मुक्ति दिलाई। हमारी प्रेरणा इसी राज्य में वोटों और सीटों की संख्या नहीं , नेशन फर्स्ट की भावना है। पीएम ने कहा कि जिनको कभी किसी ने नहीं पूछा उनको मोदी पूजता है। इसलिए जिस नॉर्थ ईस्ट को कांग्रेस ने भुला दिया था वो 2014 के बाद विकास की प्राथमिकता बन गया है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 9953305014

## संक्षिप्त समाचार

### छुट्टी के बाद मुख्य सचिव शशि प्रकाश ने संभाला कार्यभार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल ने सवा महीने की छुट्टी के बाद नवरात्र के पहले दिन कार्यभार संभाल लिया है। आज वह अपने कार्यालय में बैठे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। दरअसल स्वास्थ्य कारणों के चलते वह छुटी पर चल रहे थे। एसपी गोयल की छुटी के दौरान उनके सारे पद कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार को सौंप दिए गए थे। गौरतलब है कि आईएएस अधिकारी शशि प्रकाश गोयल ने 31 जुलाई को उत्तर प्रदेश के नए मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण किया था। 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गोयल इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव और नागरिक उड्डयन, संपदा एवं प्रोटोकॉल विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत थे। वह उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त स्थानिक आयुक्त भी थे। गोयल ने मनोज कुमार सिंह का स्थान लिया था, जो 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए थे।

### मीट बिक्री पर रोक की मांग पर सियासी पारा चढ़ा

**लखनऊ।** आज से शुरू हुए शारदीय नवरात्र के दौरान मीट बिक्री पर रोक लगाने की मांग ने राजनीतिक पारा बढ़ा दिया है। अब इस मामले पर असदुद्दीन ओवैसी के पार्टी नेता सैयद असीम वकार ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। साथ ही भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। एआईएमआईएम नेता सैयद असीम वकार ने तंज कसते हुए कहा कि लीगल का गोश्त बिकेगा और इल्लीगल का नहीं बिकेगा। यह सरकार सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम करके देश को बांटना चाहती हैं।

# जीएसटी सुधार पर योगी ने व्यापारियों व ग्राहकों से किया संवाद

**गोरखपुर, वार्ता**



नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म यानी अगली पीढ़ी के लिए जीएसटी सुधार सोमवार से लागू हो गए, जिसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में तय जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान के पहले चरण की शुरुआत खुद व्यापारियों और ग्राहकों के बीच जनसंपर्क करके की।

मुख्यमंत्री ने सोमवार पूर्वाह्न पदयात्रा कर झूलेलाल मंदिर से गोरखनाथ मंदिर मार्ग तक कारोबारी प्रतिष्ठानों में जाकर कारोबारियों और वहां मिले ग्राहकों से बात की और जीएसटी सुधारों पर उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने कारोबा. रियों से आग्रह किया मोदी सरकार से उपहार स्वरूप घटी जीएसटी का लाभ ग्राहकों को अवश्य दें और साथ ही स्वदेशी उत्पादों को बघवा देने के लिए प्रतिष्ठानों पर गर्व से कहो यह स्वदेशी है का पोस्टर भी लगाएं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जीएसटी परिषद ने तीन सितम्बर की बैठक में कर सुधारों का निर्णय लिया था। ये निर्णय सोमवार से प्रभावी हो गए। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गत दिनों एक समीक्षा बैठक में 22 सितम्बर से 29 सितम्बर तक 'जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान' का पहला चरण शुरू करने का निर्णय लिया था। इसका शुभारंभ सोमवार को उन्होंने खुद पदयात्रा, जनसंपर्क और संवाद से किया। 'जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान' के तहत मुख्यमंत्री ने झूलेलाल मंदिर से गोरखनाथ मंदिर मार्ग तक पदयात्रा की और मार्ग पर स्थित कई दुकानों में जाकर व्यापारियों और ग्राहकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी की घटी दरों को लेकर उनसे संवाद किया। उन्हें जीएसटी की घटी दरों से संबंधित एक स्टीकर और गुलाब का फूल दिया।

### जीएसटी की नई दर लागू होने के बाद वैष्णव पहुंचे व्यापारियों के बीच

**नई दिल्ली।** देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के आर के पुरम सेक्टर आठ की मार्केट में पहुंचे और व्यापारियों से संवाद किया। वैष्णव ने व्यापारियों से बातचीत के दौरान जीएसटी में नए सुधार को लेकर सरकार की मंशा और नीयत को उनके सामने रखा। उन्होंने जनता के साथ-साथ व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए इन सुधारों को ऐतिहासिक बताया और कहा कि ए सुधार 140 करोड़ से अधिक भारतीयों को राहत देंगे, खपत बढ़ाएंगे और अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेंगे।

# यूपी में 10 गुना बढ़ी नगर आयुक्त की पॉवर

## मेयर भी मंजूर कर सकेंगे पांच करोड़ के प्रोजेक्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने शहरों के विकास को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसमें नगर निगमों में कमिश्नर को 1 करोड़ और मेयर को 5 करोड़ रुपये तक के वित्तीय ताकत दी है।

इस फैसले से नगरायुक्त और मेयर बड़े प्रोजेक्ट भी अपने स्तर पर स्वीकृत कर सकेंगे। इससे बड़े प्रोजेक्ट के लिए शासन से मंजूरी की जरूरत नहीं रहेगी। इसमें निगम कमिश्नर अपने स्तर पर जहां एक करोड़ के प्रोजेक्ट पास कर सकते हैं, वहीं मेयर के पास अब 5 करोड़ रुपये तक की वित्तीय पॉवर होगी। अभी तक नगरायुक्त के पास महज 10 लाख रुपये तक की पॉवर थी, जबकि मेयर 15 लाख तक के प्रोजेक्ट ही मंजूर कर पाते थे।विभिन्न शहरों की लोकल लेबल पर जरूरतों और सरकार से अप्रूवल में देरी की वजह से होने वाली परेशानियों की वजह वित्तीय पॉवर में संशोधन का प्रस्ताव काफी पहले ही आ गया था। हालांकि अब सरकार ने इस प्रस्ताव के गुण-दोष की विवेचना के बाद मंजूरी दे दी है। सरकार के इस फैसले से नगरायुक्त और मेयर की वित्तीय पॉवर दस गुना से भी ज्यादा बढ़ जाएगी। इससे शहर में विकास के बड़े प्रोजेक्ट को भी स्थानीय स्तर पर मंजूर किया जा सकेगा। बड़ी बात यह कि इस तरह के प्रोजेक्ट के लिए स्थानीय निकाय को शासन की मंजूरी का इंतजार नहीं करना होगा। अधिकारियों के मुताबिक इस एक फैसले से सरकार ने कई शिकार किए हैं। इसमें एक तरफ मेयर की वित्तीय पॉवर बढ़ाकर उन्हें खुश किया है। इससे शहर के विकास में तेजी आएगी। इसी के साथ मैन्यूअल टेंडर में होने वाली धांधली पर भी अंकुश लगाने की कोशिश की है।

# मोदी देश-विदेश में लाखों लोगों के लिए प्रेरणा: राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, वार्ता**



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोगों की भावनाओं की गहरी समझ है, उसी के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन करते है, जिससे देश-विदेश में लाखों लोगों के लिए वह प्रेरणा हैं।

श्री राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों पर आधारित संकलित पुस्तकों, 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' का विमोचन किया। प्रधानमंत्री के दूसरे कार्यकाल के चौथे और पांचवें वर्ष के चुनिंदा भाषणों वाली ये पुस्तकें कई मायनों में सुशासन के प्रति उनके दृष्टिकोण और दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि मोदी देश-विदेश में लाखों लोगों के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले ग्यारह वर्षों में निरंतर जनहितैषी कार्य करके देश के अंतिम छोर पर रहने वाले लोगों को भी सीधे लाभ पहुंचाने का काम किया किया। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। मोदी जनता के लिए सच्चे मन से काम करते हैं और बदले में कुछ भी अपेक्षा नहीं करते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाए जाने के बावजूद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमेशा मोदी को अपना अच्छा मित्र बताया है। प्रधानमंत्री मोदी रूसी राष्ट्रपति पुतिन के भी घनिष्ठ मित्र हैं। इसी प्रकार अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में मतभेदों के बावजूद चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के मोदी के साथ अच्छे संबंध हैं।

## आदेश: वाहनों पर नहीं लिख सकेंगे जाति के स्लोगन व नारे

# यूपी में जातीय रैलियों पर लगा प्रतिबंध

**लखनऊ, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट की सख्ती के बाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एफआईआर से लेकर चार्जशीट तक में से जाति का कालम हटा दिया है। इसी के साथ सरकार ने जातीय रैलियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले के तहत अब प्रदेश में कहीं भी न तो सार्वजनिक तौर पर जाति का उल्लेख होगा और न ही कानूनी या सरकारी दस्तावेजों में ही जातियों का जिक्र किया जाएगा। इस संबंध में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव ने सभी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है।

पिछले दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार को कठोर दिशा निर्देश दिए थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव ने भी अपने आदेश में इसे जाति आधारित राजनीति और सामा. जिक भेदभाव पर रोक लगाने के लिए अहम कदम बताया है। कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने अपने आदेश में साफ तौर पर कहा है कि अब प्रदेश में कहीं कोई जातीय रैलियां नहीं होंगी। इसी के साथ सरकारी दस्तावेजों में से भी जाति का कालम हटाने को कहा है। अभी तक एफआईआर, गिरफ्तारी मेमो समेत पुलिस के अन्य दस्तावेजों में शिकायतकर्ता या आरोपियों की जाति का उल्लेख अनिवार्य रूप से किया जाता था।

इसी प्रकार प्रशासनिक दस्तावेजों में भी जाति का उल्लेख करने की परंपरा रही है। अब मुख्य सचिव के आदेश के बाद इनमें से किसी भी दस्तावेज में न तो जाति का उल्लेख होगा और न ही कहीं सार्वजिनिक स्थान पर जाति को लेकर चर्चा होगी। इसी क्रम में जातीय रैलियां पर भी रोक लगाई गई है। सरक. ारी दस्तावेजों में पहचान के तौर पर जाति का जिक्र होता था, लेकिन अब जाति के स्थान पर संबंधित के माता-पिता का नाम लिखा जाएगा।

### एफआईआर में भी जाति का जिक्र नहीं हो सकेगा होगा माता-पिता का नाम

### जातिवाद का खेल खुल कर खेलने के लिए लाया गया आदेश : सपा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कार्यवाहक मुख्य सचिव द्वारा राज्य में जातिगत गत भेदभाव समाप्त करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर जाति के उल्लेख करने पर रोक लगाने के दिए गए आदेश का समा. जवादी पार्टी ने विरोध किया है। पार्टी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया, जब जातिवाद करते हुए ये भाजपा सरकार और इसके जिम्मेदार जनता द्वारा पकड़े गए, जब इन भाजपाइयों का अपना जातिवाद खुल गया, जब पीडीए ने इन भाजपाई जातिवादियों से नियुक्तियों और व्यवस्था में व्याप्त इनका स्वजातिवाद पूछ लिया तो पीडीए से घबरा कर ये नियम ले आए हैं, इस नियम के पीछे भी इन भाजपाइयों की मंशा जातिवाद का खेल और खुलकर खेलने की है, पीडीए रुकेगा नहीं, बल्कि पीडीए इन भाजपाइयों से सवाल पूछता रहेगा।

### अखिलेश ने उठाए पांच सवाल

**लखनऊ।** अखिलेश ने इस कदम को दिखावा करार देते हुए कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोमवार को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि क्या यह फैसला 5000 साल पुरानी जातिगत मानसिकता को खत्म कर पाएगा? अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट में पांच प्रमुख सवाल उठाए। उन्होंने पूछा- और 5000 सालों से मन में बसे जातिगत भेदभाव को दूर करने के लिए क्या किया जाएगा? वस्त्र, वेशभूषा और प्रतीक चिन्हों से जाति-प्रदर्शन को मिटाने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे? किसी से मिलने पर नाम से पहले जाति पूछने की मानसिकता को खत्म करने के लिए क्या उपाय होंगे? किसी का घर धुलवाने जैसे जातिगत भेदभाव को समाप्त करने और झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने की साजिशों को रो. कने के लिए क्या योजना है?



सेंसेक्स 82626.23
निफ्टी 25327.05



सोना रु. 111330
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 128000
प्रति किलो



# लगातार दूसरे दिन लुढ़के शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा के शुल्क में बढ़ोतरी से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में शुरुआती कारोबार में बिकवाली हावी रही और आईटी तथा टेक कंपनियों में बड़ी गिरावट देखी गई। इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टीसीएस के शेयरों में दो से ढाई प्रतिशत के बीच गिरावट चल रही थी।

बीएससी का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 475.16 अंक की गिरावट के साथ 82,151.07 अंक पर खुला। हालांकि बाद में इसकी गिरावट कुछ कम हुई और खबर लिखे जाते समय यह पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 154. 95 अंक (0.15 प्रतिशत) नीचे 82,471. 28 अंक पर था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 सूचकांक भी 88. 95 अंक की गिरावट में 25,238.10 अंक पर खुला और खबर लिखे जाते समय 31. 30 अंक यानी 0.12 प्रतिशत गिरकर 25,296 अंक पर था। आईटी के अलावा फार्मा, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों में गिरावट देखी गई। वहीं बैंकिंग, ऑटो, धातु और एफएमसीजी सेक्टरों के शेयरों में लिवाली का जोर रहा। आईटी कंपनियों के अलावा एलएंडटी और एयरटेल भी गिरावट में रहने वाली प्रमुख कंपनियों थे। वहीं, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट और इंटरनल के शेयरों में तेजी थी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने 21 सितम्बर से एच1बी वीजा के लिए 1,00,000 डॉलर का शुल्क लगा दिया है। हालांकि बाद में यह स्पष्टीकरण दिया गया कि यह शुल्क पुराने बीमाधारकों पर लागू नहीं होगा और सिर्फ नए वीजा के लिए आवेदन करते समय चुकाना पड़ेगा।

### जीएसटी 2-0 से आसान होगा जीवनयापन: फिक्की

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (फिक्की) ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत सोमवार से लागू अगली पीढ़ी के सुधारों का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे आम लोगों का जीवनयापन आसान होगा। फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने एक बयान में कहा, षफिक्की आज से जीएसटी 2-0 के लागू होने का स्वागत करता है। संशोधित ढांचा एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों) के लिए अनुपालन संबंधी बोझ को कम करेगा, 'मेक इन इंडिया' उत्पादों की लागत प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करेगा और जीवन को आसान बनाएगा। उल्लेखनीय है कि देश में सोमवार से जीएसटी के हालिया सुधार लागू हो गए हैं। इसके तहत स्लैब की संख्या चार से घटाकर दो कर दी गई है। आम लोगों के इस्तेमाल की अधिकतर चीजों पर कर की दर शून्य या पांच प्रतिशत कर दी गई है।

### चांदी के बाद अब सोने ने तोड़े सभी रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** एमसीएक्स में अचानक सोने की रफ्तार तेज हो गई। सुबह चांदी में भी तेजी देखी गई थी। उस समय सोने में भी बढ़ोतरी हो रही थी, हालांकि ये इतनी ज्यादा नहीं थी। लेकिन अब सोने की रफ्तार चांदी तेज हो गई। सोने ने सोमवार दोपहर 12 बजे के आसपास एक नया रिकॉर्ड बनाया है। आईबीजेए में सोमवार को 24 कैरेट सोने का भाव 109775 रुपये दर्ज किया गया है।। इसमें 1209 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी है। सोने ने अब तक 110202 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचकर लो रिकॉर्ड और 109847 रुपये पहुंचकर हाई रिकॉर्ड बनाया है। दोपहर 1 बजे 1 किलो चांदी की कीमत 132,457 रुपये दर्ज की गई है। इसमें 2619 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी देखी जा रही है। चांदी ने अब तक 130658 रुपये प्रति किलो पहुंचकर लो रिकॉर्ड और 132665 रुपये पहुंचकर हाई रिकॉर्ड बनाया है।

# चावल-गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़, दालों में आया उबाल



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिस बाजारों में सोमवार को चावल के दाम बढ़ गए। गेहूं में भी तेजी रही। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया, जबकि चीनी और दालों में तेजी रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसम्बर वायदा 17 रिंगिट की बढ़त में 4,442 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50.17 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिस बाजारों में चावल की औसत कीमत 130 रुपए बढ़कर 3,875.45 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी सात रुपए महंगा हुआ और 2,870.42 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 3,325.15 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सूरजमुखी तेल 95 रुपए और वनस्पति 267 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। अन्य तेलों में गिरावट रही। सरसों तेल औसतन पांच रुपए और मूंगफली तेल 41 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल 70 रुपए और सोया तेल 50 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। दाल-दलहनों में आज तेजी का रुख रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 185 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल में 58 रुपए और मूंग दाल में 168 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी दर्ज की गई। मसूर दाल 184 रुपए और चना दाल 131 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 104 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 18 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7956. 51 रुपए, मसूर काली 8185.87 रुपए, मूंग दाल 10145.57 रुपए, उड़द दाल 10460.99 रुपए, अरहर दाल 10589.67 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2870.42 रुपए और चावल 3875.45 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4316.01 रुपए और गुड़ 5018.68 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पीओके एक...** तबाह किए गए। जैश-ए-मोहम्मद का एक बड़ा आतंकी कह रहा था कि मसूद अजहर के परिवार को भारत ने तबाह कर दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकियों को उनके धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि उनके कर्म (अपराध) देखकर मार गिराया। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमारे लोगों को धर्म पूछकर मारते हैं, लेकिन भारत ने उनका धर्म नहीं देखा, सिर्फ उनके बुरे काम देखकर जवाब दिया है। राजनाथ सिंह ने मोरक्को की राजधानी रबात में भारतीय समुदाय से मुलाकात और चर्चा की। राजनाथ सिंह मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लाउदिई के साथ बैठक करेंगे। इसमें दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर एक समझौता (एमओयू) होने की संभावना है। इस समझौते के तहत प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग और नौसेना के सहयोग को बढ़ाया जाएगा। भारतीय नौसेना के जहाज पहले भी अक्सर मोरक्को के कासाब्लांका बंदरगाह जाते रहे हैं। भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत भारत ने बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद सहित पाकिस्तान के 7 शहरों में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया था, जिनमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए।

**मानहानि को...** जताते हुए कहा कि राहुल गांधी का मामला भी इसी तरह विचाराधीन है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने प्रोफेसर अमिता सिंह को नोटिस भेजा। 2017 में दिल्ली की एक मेट्रोपॉलिटन अदालत ने मीडिया संस्थान के एडिटर और डिप्टी एडिटर को मानहानि मामले में समन भेजा था। 2023 में दिल्ली हाईकोर्ट ने यह समन रद्द कर दिया। लेकिन 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए केस को दोबारा मजिस्ट्रेट कोर्ट में भेज दिया। इसके बाद मई 2025 में हाईकोर्ट ने फिर से समन को सही ठहराया। इसके खिलाफ मीडिया संस्थान और डिप्टी एडिटर ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। याचिका में कहा गया, अब नया कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) लागू है। इसके सेक्शन 223 के अनुसार केस की सुनवाई शुरुआती स्तर पर ही होनी चाहिए। हालांकि हाईकोर्ट का मानना है कि चूंकि शिकायत 2016 की है, इसलिए नया कानून लागू नहीं होगा। दरअसल, भारत उन कुछ लोकतांत्रिक देशों में शामिल है जहां मानहानि को अब भी आपराधिक अपराध माना जाता है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 356 इसके लिए सजा का प्रावधान करती है। पहले यही प्रावधान आईपीसी की धारा 499 में था, जिसकी संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट ने 2016 में सही ठहराया था। 2016 में सुब्रमण्यम स्वामी बनाम भारत सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आपराधिक मानहानि कानून बोलने की आज़ादी पर एक जरूरी रोक है और यह लोगों के जीवन और सम्मान की रक्षा करता है।

**मोदी ने...** दुकानदार और व्यापारियों ने अपने यहां 'पहले और अब' के बोर्ड लगाए हैं, जिसमें लोगों को दिखाया जा रहा है कि कोई सामान कितना सस्ता हो गया है। हमारी जीएसटी यात्रा 2017 में शुरू हुई थी। तब सरकार ने अनेक वस्तुओं के टैक्सों को खत्म कर कारोबारियों को बहुत राहत मिली थी। अब ये नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफार्म्स हमें और आगे ले जा रहे हैं। इसमें सिस्टम को और सरल बनाया गया है। इससे हमारे दुकानदार साथियों, लघु उद्योगों की सहूलियत और बढ़ेगी। पीएम मोदी ने कहा कि नागरिक देवो भव हमारा मंत्र है। पिछले 11 वर्षों में हमारे प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। देश में एक बड़ा मिडिल क्लास तैयार हुआ है। अब इसे और सशक्त बनाना हमारा संकल्प है।

हमारे मध्यम वर्ग की मेहनत को मजबूती देने के लिए 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की आयकर में छूट दी जा चुकी है। अब जीएसटी रिफॉर्म्स से भी मध्यम वर्ग को सीधे लाभ मिल रहा है। नए जीएसटी रिफॉर्म्स को लागू करने से देशवासियों को सालाना लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये बचेंगे। उन्होंने लिखा, देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के हमारे संकल्प को सिद्ध करने के लिए आत्मनिर्भरता का रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है। अभी जो नए जीएसटी रिफॉर्म्स आए हैं, उनसे आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी तेज गति मिलेगी। आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है कि हम स्वदेशी को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। जब भी आप अपने देश के कारीगरों, श्रमिकों और इंडस्ट्री के बनाए सामान को खरीदते हैं, तो आप कई परिवारों की रोजी-रोटी में मदद करते हैं और देश के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करते हैं। पीएम मोदी लोगों से अपील करते हुए लिखा कि मैं अपने दुकानदारों और व्यापारियों से भी अपील करता हूं कि वे स्वदेशी सामान ही बेचें। आइए गर्व से कहें, ये स्वदेशी है। आपके घर की बचत बढ़े, आपके सपने पूरे हों, आप अपने पसंद की चीजों को और त्योहारों की खुशी को बढ़ाएं...इसी यही कामना है। एक बार फिर, मैं आपको नवरात्रि के साथ ही 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुभकामनाएं देता हूं।

### जीएसटी सुधारों का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाना सरकार के लिए चुनौती

**लखनऊ।** केंद्र सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती कर बड़ी राहत दी है। जीएसटी स्लैब को सरल बनाया है और कई वस्तुओं पर कर कम किया है, लेकिन अधिकारियों की मानें, तो राज्य स्तर पर इसे लागू करना मुश्किल साबित हो सकता है, क्योंकि खुदरा विक्रेताओं और ग्राहकों के बीच कुछ चीजों को लेकर विवाद की भी आशंका बनी हुई है।

उत्तर प्रदेश के अधिकारियों की मानें, तो इसको लागू करने में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।अधिकारियों की मानें, तो वो यह सुनिश्चित करने की तैयारी कर रहे हैं कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती वास्तव में उपभोक्ताओं तक पहुंचे, क्योंकि नई दरें सोमवार से पूरे देश में लागू हो रही हैं।














वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# युवक पर किया चाकू से जानलेवा हमला, हालत गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार थानांतर्गत त्रिलोकपुरी के ३५ ब्लॉक में एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया, हमले में युवक जख्मी हुआ है जिसका इलाज जीटीबी अस्पताल में चल रहा है स फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घायल युवक की पहचान अनिकेत (२२) वर्ष के रूप में हुई है वह अपने परिवार के साथ त्रिलोकपुरी में ब्लॉक ३५ के मकान नंबर-३४३ और ३४४ में रहता है इनका परिवार संयुक्त है जिसमे दादा-दादी, ताई-ताऊ, चाचा-चाची, मम्मी-पापा, भाई बहन सब इकट्ठा रहते है स अनिकेत नोएडा की किसी कंपनी में जॉब करता है, रविवार रात करीब ९.३० बजे उसकी गली से कुछ लड़के हुड़दंग मचाते हुए निकले थे जिसके बाद हुड़दंगी लड़के ब्लॉक-३५, डीडीए मार्किट के पास मैन रोड पर पहुंचकर शोर मचा रहे थे जिस वजह से अनिक.ेत और उसकी गली से कई लोग यह देखने की क्या हुआ है वहां पहुंच गए।

इसी दौरान किसी ने अनिकेत को चाकू मार दिया और मौके से फरार हो गया स अनिकेत को घायल अवस्था में उसके परिजन लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी गंभीर हालत देखकर उसे जीटीबी अस्पताल में रेफर कर दिया जहां उसका इलाज चल रहा है।

अनिकेत के ताऊ के लड़के आशु ने बताया की अचानक काफी लड़के उनकी गली में शोर मचाते हुए और गालियां देते हुए आए थे जिस वजह से गली के लोग भी बाहर निकल आए थे, जब शोर मचाने वाले लड़के बाहर रोड पर जाकर हुड़दंग करने लगे जिनको देखने गली के लोगो के साथ अनिकेत भी बाहर रोड पर चला गया, इसी दौरान किसी ने अनिकेत को चाकू मार दिया, जब परिजन मौके पर पहुंचे तो अनिकेत घायल पड़ा हुआ था और उसके घाव से खून बह रहा था स वारदात स्थल पर मौजूद लोगो ने बताया था कि चाकू मारने वाले तीन-चार लड़के थे जो चाकू मारने के बाद मौके से भाग गए,अस्पताल में अनिक.ेत को २३ टांके लगाए गए है उसकी हालत अभी गंभीर बनी हुई है।पुलिस को अस्पताल पहुंचने के बाद वारदात की सूचना दी गयी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# नॉर्थ-वेस्ट पुलिस का ऑपरेशन कवच 10.0, 24 घंटे में 43 छापे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस ने आगामी त्यौहारों पर सुरक्षा व्यवस्था को ओर मजबूत बनाने के लिये बीती रात ऑपरेशन कवच १०.० चलाकर ४३ जगहों पर छापेमारी की। जिसमें यह छापेमारी एक साथ की गई थी। पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने कहा कि इस तरह के ऑपरेशन भविष्य में चलते रहेगें। उनका मकसद जिले में शांति बनाए रखना और बदमाशों की योजनाओं को नाकाम साबित करने के साथ साथ जिले में किसी भी प्रकार की गैरकानूनी हरकत को बंद करवाना है।

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कवच 10.0 बीते शनिवार और रविवार को चलाया गया। २४ घंटे तक चले इस ऑपरेशन में जिले के कई बड़े बदमाशों के नेटवर्क को तोड़ा गया। वहीं उनके ठिकानों पर छापेमारी करके गैरकाननूी सामान को भी जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) के तहत भी सख्त कार्रवाई की गई। उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कुल ३०६ चालान काटे गए।

इस अभियान के परिणामस्वरूप ४७.७७ ग्राम स्मैक जब्त करके १० ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया। शराब तस्करी को लेकर ३२ कैन बीयर और ३७३.५ लीटर अवैध शराब जब्त कर १८ तस्करों को गिरफ्तार किया। अवैध हथियारों को रखने वाले दर्जनभर आरोपियों को पकडकर उनके कब्जे से ७ चाकू, ५ पिस्टल, ३ कारतूस और १ मोटरसाइकिल बरामद की। ऑपरेशन के बीच कई स्थानों पर छापेमारी करके १७ लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्ज से ५४ हजार ६ सौ ३५ रुपये जब्त किये। उन्होंने बताया कि ११६ वाहन जब्त करके ३९८ बुरे चरित्र/हिस्ट्रीशीटर को भी हिरासत में लिया गया है।

# नवकार महामंत्र जाप का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** "साध्वी जीवन का सार त्याग और तप ही नहीं, बल्कि समाज को दिशा देना और आत्मा को उसकी असली पहचान से जोड़ना है" ख्र यह प्रेरणादायी संदेश महासाध्वी श्री सोनम जी महाराज साहब ने अपने पावन सान्निध्य में उपस्थित श्रद्धालुओं को दिया।

उन्होंने कहा कि महासाध्वी श्री मुनेश देवी जी म. का जीवन इस सत्य का जीवंत उदाहरण था। उनकी साधना और करूणा से भरा व्यक्तित्व आज भी जैन समाज को धर्म, अहिंसा और आत्मकल्याण की ओर अग्रसर कर रहा है।

इसी पावन भावभूमि में महरौली के अग्रसेन वाटिका, शमसी तालाब में महासाध्वी श्री मुनेश देवी जी म. की ११वीं पुण्य स्मृति एवं गुणगान दिवस के अवसर पर सामूहिक नवकार महामंत्र जाप का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर १०८ जोड़ों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए, जिन्होंने साध्वी जी के जीवन आदर्शों को आत्मसात करते हुए श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

महासाध्वी श्री मुनेश देवी जी म. , रामपुर (सोनीपत, हरियाणा) की जैन साध्वी थीं। गंगेरू, उत्तर प्रदेश में दीक्षा ग्रहण करने वाली ये साध्वी त्याग, तप और साधना की प्रतिमूर्ति थीं। उनका देवलोक गमन २२ सितम्बर २०१४ को हुआ। साध्वी जी निरंतर स्वाध्याय, जप और तप में निमग्न रहीं तथा उनकी सरलता, करूणा और मधुरवाणी समाज के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रही।

# मुख्यमंत्री ने किया मल्टी-लेवल इलेक्ट्रिक बस डिपो का शिलान्यास

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हरिनगर में दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन के अत्याधुनिक मल्टी- लेवल इलेक्ट्रिक बस डिपो का शिलान्यास किया। बस डिपो के शिलान्यास के अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के साथ कैबिनेट मंत्री आशीष सूद भी मौजूद रहे।

अत्याधुनिक मल्टी-लेवल इलेक्ट्रिक बस डिपो के शिलान्यास के अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस परियोजना को डीटीसी के इतिहास में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि हरिनगर डिपो डीटीसी कर्मचारियों के लिए काम करने के तरीके और ज्यादा बेहतर बनाएगा। साथ ही बस यात्रियों के लिए भी विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजधानी दिल्ली सार्वजनिक परिवहन की दिशा में एक नए युग की गवाह बन रही है। हरिनगर बस डिपो लगभग ४०० इलेक्ट्रिक बसों को एक साथ खड़ी करने में सक्षम है और अत्याधुनिक चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर से लैस है।

हमारी सरकार साफ-सुथरी, सस्ती, सुलभ और सतत मोबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना सिर्फ एक बस डिपो नहीं है, बल्कि यह ग्रीन और क्लीन दिल्ली की नींव है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि यह सुविधा वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर मॉडल के रूप में विक.सित की जा रही है। लगभग २ लाख वर्ग फुट के सेल्फ-सस्टेनेबल वाणिज्यिक क्षेत्र में रिटेल के साथ कई परियोजनाओं को भी शामिल किया जाएगा, जिससे राजस्व की प्राप्ति होने के साथ ही इस परियोजना की लागत को पूरा करने में भी मदद करेगा। बस डिपो में अतिरिक्त सुविधाओं में ३२४ कार पार्किंग स्लॉट, १०४ टू-व्हीलर की पार्किंग, डीटीसी ऑफिस और डारमेट्री के लिए २६,२५७ वर्ग फुट क्षेत्र और आधुनिक वाणिज्यिक हब शामिल हैं।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता हरिनगर में अत्याधुनिक मल्टी-लेवल इलेक्ट्रिक बस डिपो का शिलान्यास करते हुए।

## एक नजर

### बच्चियों की मौत मामले में मुआवजे की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** किराड़ी के प्रेम नगर में ट्रेन की चपेट में आने से दो बच्चियों की दुखद मौत के लिए आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। साथ ही जान गंवाने वाली बच्चियों के परिवारों को सरकार से एक-एक करोड़ का मुआवजा देने और अफसरों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। किराड़ी से आप विधायक अनिल झा ने कहा कि यहां पर कई सालों से रेलवे ओवरब्रिज बनाने की मांग की जा रही है। मैं खुद प्रधानमंत्री, रेल मंत्री और केंद्र-दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को कई पत्र लिख चुका हूं, लेकिन अभी तक आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। जबकि ओवर ब्रिज बनाने में १०-१२ करोड़ रुपयेकी ही लागत आएगी। उन्होंने जल्द से जल्द किराड़ी-नांगलोई रेलवे फाटक पर आरओबी बनाने की मांग की है।

### नवरात्रि पर गंगा जल व फल वितरण कार्यक्रम



**नई दिल्ली।** शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर इन्द्रप्रस्थ संजीवनी द्वारा दिल्ली के 9 अलग-अलग स्थानो पर गंगाजल एवं फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष डॉ संजीव अरोड़ा गंगा.पुत्र की अगुवाई में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। आज इस कार्यक्रम की शुरूवात नारायणा के श्री सनातन धर्म माता मंदिर से की गई। जहां पर पवित्र गंगाजल एवं फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली सरकार के दिल्ली पार्क एंड गार्डन सोसायटी के सीईओ डॉ एस डी सिह उपस्थित रहे। इस अवसर पर गंगापुत्र ने उन्हें पवित्र गंगाजल एवं रुद्राक्ष की माला भेंट करी। संस्था की महासचिव रश्मि मल्होत्रा एवं उपाध्यक्ष सरदार बलबीर सिंह ने उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर उनको सम्मानित किया।

### ब्लू ओशन को सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन को आधिकारिक तौर पर व्यावसायिक विकास और सप्लाई चेन परिवर्तन के लिए सर्वोच्च वैश्विक सम्मानों में से एक से सम्मानित किया गया है। इसका मुख्यालय लंदन में है और इसका स्वामित्व एक भारतीय के हाथ में है। दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे सम्माननीय सप्लाई चेन मैनेजमेन्ट संस्था, एसोसिएशन फॉर सप्लाई चेन मैनेजमेंट (एएससीएम) द्वारा इस कंपनी को सप्लाई चेन ट्रेनिंग और कन्सल्टिंग में विश्व स्तर पर नंबर 1 का दर्जा दिया गया है।

अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन लीडर्स की उपस्थिति में एएससीएम के एक्जिक्यूटिव वाइस प्रेसिडेन्ट-कॉर्पोरेट एंड स्ट्रैटजिक अलायन्सिस डग्लास केंट और एएससीएम के चेयर-इलेक्ट माइकल बंग के हाथों से ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन के ग्रुप सीईओ डॉ. सत्या मेनन ने यह अवॉर्ड प्राप्त किया। इस बाबत डॉ. सत्या मेनन ने कहा कि यह सम्मान ऐसे समय में मिला है जब भारत मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और नेशनल लॉजिस्टिक्स पॉलिसी जैसी पहलों के माध्यम से खुद को एक ग्लोबल सप्लाई चेन हब के रूप में रणनीतिक रूप से स्थापित कर रहा है।

### उत्तम मंचन करने वाली रामलीला को करेंगे सम्मानित

**नई दिल्ली।** मीडिया प्रेस क्लब दिल्ली एनसीआर में उत्तम मंचन करने वाली रामलीला को जिला एवं दिल्ली एनसीआर स्तर पर रिफ्रेश दशहरा पुरस्कार 2025 से सम्मानित करेगी। रिफ्रेश दशहरा पुरस्कार 2025 दिल्ली एनसीआर के मशहूर पुरस्कार है बड़े रामलीला आयोजक इस पुरस्कार को प्राप्त करने के लिए अपनी रामलीला की तैयारी रिफ्रेश दशहरा पुरस्कार 2025 की दिशा निर्देश अनुसार करते हैं।

प्रेसवार्ता में मीडिया प्रेस क्लब के अध्यक्ष 'अशोक लालवानी' ने पत्रकारों को बताया रिफ्रेश दशहरा पुरस्कार 2025 में भाग लेने की आज 20 सितम्बर 2025 अंतिम दिन है। जितनी भी रामलीला रिफ्रेश दशहरा पुरस्कार 2025 के लिए भाग लेगी उन सभी को 22 सितम्बर 2025 को भाग लेने वाली प्रत्येक रामलीला में 1 रामलीला जज जो अपने परिवार के साथ रामल.ीला का अवलोकन करने के लिए जाएंगे उनके द्वारा रामलीला का जज किया जाएगा उन रामलीला जजों के निर्णय के आधार पर प्रत्येक जिले से 6 रामलीला चुनी जाएगी।

## जीएसटी रिफॉर्म पर व्यापारियों से लिया फीडबैक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश को जी.एस.टी. रिफॉर्म की सौगात देने वाली वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन स्वंय केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के साथ पूर्वी दिल्ली की लक्ष्मी नगर मार्किट में जा कर व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं से मिलीं और जी.एस.टी. कम होने पर उनका पहला फीडबैक लिया। उनके साथ विधायक अभय वर्मा एवं पार्षद अल्का राघव भी थे। लक्ष्मी नगर के व्यापारियों ने जहां टैक्स बोझ घटने से व्यपार के लिए पूंजी बढ़ने के लिए तो उपभोक्ताओं ने दाम घटने के लिए प्रधान मंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार प्रकट किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने त्रिनगर मार्किट में जा कर व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं से जी.एस.टी. रिफॉर्म पर चर्चा की।

# एटीएम कार्ड बदलकर निकाले रुपये

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** एटीएम से पैसे निकलवाने जा रहे हैं,अगर आपसे अंजान व्यक्ति बातचीत करता है तो सावधान हो जाएं। नहीं तो आपका एटीएम कार्ड बदल सकता है। जिससे अगले ही पल आपके खाते से आपकी कमाई साफ हो सकती है। बाहरी जिला साइबर थाना पुलिस ने पीडिघ्ता के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है। एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल.कर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। पीडिघ्ता से बैंक डिटेल लेकर मनी ट्रॉलिंग की जांच के लिये बैंक अधिकारियों की मदद ले रही है।

जानकारी के मुताबिक पश्चिम विहार में रहने वाली पीडिघ्ता कीर्ति ने बताया कि बीते १६ सितम्बर को

**■ तीन दिन बाद बैंक जाने पर बैंक अधिकारियों ने दी रुपये निकलने की जानकारी**

वह ईस्ट पंजाबी बाग स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम बूथ में गई थी। उसने तीन हजार रुपये निकाले। उस वक्त एक लडका

गेट के बाहर खड़ा था,जो तुरंत अंदर आया। उसके पीछे उसका साथी भी आ गया,जिसने बोला मैडम जी क्या पैसे नहीं निकल रहे हैं। उसको जब बोला कि ऐसा नहीं हैं। वह रुपये और एटीएम निकालकर बाहर जाने के लिये मुड़ी,अचानक से एक युवक ने उसका एटीएम जबरन ले लिया,बोला मैडम जी मशीन अभी भी प्रॉसेस में है। उसने पलटकर देखा तो ऐसा कुछ नहीं था। उसने कार्ड लिया और वहां से बाहर आ गई। शक होने पर उसने दोनों युवकों को अंदर देखा,जो एटीएम से रुपये निकाल रहे थे।

वह वापिस घर आ गई। घर आकर उसने अपने फोन नंबर की सिम को नेटवर्क नहीं आने के कारण बंद करके नया सिम ले लिया। पुराने सिम को घर रखकर वह ऑफिस के काम से दिल्ली से बाहर चली गई। अब जब वह वापिस आई तो बैंक रुपये निकलवाने गई।

पता चला कि बीते १६ से १८ सितम्बर के बीच पांच ट्रांजेक्शन से करीब साढ़े ७३ हजार रुपये निकले थे। बैंक डिटेल निकलवाने पर पता चला कि पहले ट्रांजेक्शन डायमंड की खरीदारी। जिसके तुरंत बाद ऑनलाइन और बाहरी साइबर थाने में शिकायत दी।

# फर्जी आईएएस बन सरकारी टेंडर का जाल बिछाया, तीन धरे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने फर्जी सरकारी वेबसाइट और टेंडर के नाम पर व्यापारियों को ठगने वाले एक बड़े गिरोह को पकड़ा है। एडिशनल सीपी अमरूता गुगलोत के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। टीम ने मास्टरमाइंड रत्नाकर, उनकी पत्नी अनीता और स्टेट हेड सौरभ को गिरफ्तार किया गया। इस फ्रॉड में अब तक ६०-७० करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। पूरे देश से १५ से अधिक पीड़ितों ने शिकायत की थी। गिरोह ने श्राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशनश यानी आजीएसएम नाम की फर्जी वेबसाइट बनाई, जो केंद्रीय सरकार की पहल बताई गई। इस वेबसाइट के जरिए स्कूल यूनिफॉर्म, मेडिकल किट जैसे सामान के फर्जी टेंडर जारी किए जाते थे। आरोपी भारत सरकार के नाम से दस्तावेज तैयार करते, स्टांप ड्यूटी वसूलते और कमीशन के नाम पर पैसे ऐंठते। सामान डिलीवर करने के बाद भुगतान के बहाने अतिरिक्त रकम मांगते और फरार हो जाते।

एडिशनल सीपी अमरूता गुगलोत ने बताया ने आरजीएसएम एक पूरी तरह फर्जी संस्था थी। आरा.ेपी ने गाजियाबाद और उत्तम नगर में फ्लैट खरीदे, लग्जरी कारें लीं और ट्रस्ट के खाते से ३.५ करोड़ रुपये निकाल लिए। गिरोह ने बाराखंबा रोड पर फर्जी दफ्तर भी खोला, जहां मीटिंग्स आयोजित की जातीं। इन मीटिंग्स में फर्जी लोगों को आईएएस अधिकारी बनाकर पीड़ितों को भ्रमित किया जाता था।



उप महापौर जय भगवान यादव अलीपुर में जलजमाव प्रभावित इलाकों में मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर ड्रोन तकनीक के माध्यम से कीटनाशक दवा के छिड़काव के कार्य का शुभारंभ करते हुए।

# अलीपुर में ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक दवा का छिड़काव

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप महापौर जय भगवान यादव ने आज नरेला क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर-४ अलीपुर में जलजमाव प्रभावित इलाकों में मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु ड्रोन तकनीक के माध्यम से कीटनाशक दवा के छिड़काव के कार्य का शुभारंभ किया। ड्रोन तकनीक के माध्यम से व्यापक क्षेत्र में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया जिससे डेंगू,मलेरिया एवं चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम में मदद मिलेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय निगम पार्षद एवं ग्रामीण क्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष श्री योगेश राणा,उप स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय कुमार और डॉ.संजय सिन्हा सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

उप महापौर जय भगवान यादव ने कहा कि १० लीटर की टैंक क्षमता वाले ड्रोन के माध्यम से सात मिनट में दो किलोमीटर के इलाके में कीटनाशक का छिड़काव किया जा सकेगा। श्री जय भगवान यादव ने कहा कि आधुनिकतम तकनीक की सहायता से मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम में मदद मिलेगी। श्री जय भगवान यादव ने कहा कि ड्रोन के माध्यम से अनधिकृत कॉलोनियों और जलजमाव वाले क्षेत्रों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा सकेगा जहां पर निगम के कर्मचारियों को पहुंचने में दिक्कत आती है। उप महापौर जय भगवान यादव ने दिल्ली के नागरिकों से अपील की कि डेंगू,मलेरिया और चिकुनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों से बचने का तरीका मच्छरों के प्रजनन को स्त्रोत पर ही नष्ट करना है। उन्होंने कहा कि अपने आस पड़ोस में पानी जमा न होने दें। श्री जयभगवान यादव ने कहा कि खाली डिब्बे,कबाड़ इत्यादि ऐसे चीजें जिनमें पानी इकठ्ठा हो सकता है उनकी अच्छी तरह सफाई करें। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम के डीबीसी कर्मचारियों के साथ सहयोग करें।

# श्री धार्मिक रामलीला में किया सुंदर कांड का मंचन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** श्री धार्मिक रामल.ीला दक्षिणी दिल्ली चिराग दिल्ली में इस वर्ष रामलीला में सुंदर कांड के दौरान इलाके के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इसके बाद गणेश वंदना से रामलीला का मंचन किया गया। श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली के मुख्य संरक्षक राकेश गुलिया ने बताया कि इस बार भी हर वर्ष की तरह भव्य राम लीला का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस का स्टेज अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर 135 फुट लंबा और तीन मंजिला है। उन्होंने कहा कि इस बार रामलीला में ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर मंचन देखकर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। सोमवार को कल्याणकारी श्री सुन्दरकाण्ड का पाठ, लक्ष्मी जी का



श्राप, ऑपरेशन सिंदूर का मंचन हुआ। मंगलवार 23 सितम्बर 2025 को श्री गणेश वंदना, जय विजय, रावण वेदवती, रावण अत्याचार होगा। रामलीला का मंचन 22 सितम्बर आज से और 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस मौके पर वीएचपी के अध्यक्ष आलोक कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। रामलीला के पदाधिकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की और उन्हें रामलीला में आने का निमंत्रण दिया। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सुनीता गुलिया, प्रधान आनंद जैन, सुशील गुप्ता,सोमनाथ मुखर्जी, कपिल शर्मा, प्रदीप तेवतिया, सुदन गुप्ता, इंद्रजीत गुलिया, धर्मेंद्र गुलिया, हर्ष गुलिया, वरुण सुदन, विक्रान्त गुलिया, कार्यकारिणी सदस्यों सहित मौजूद रहे।

## इनामी पीओ 16 साल बाद गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने रणजीत नगर में हुई हत्या-सह-डकैती के मामले में वांछित को सोलह साल बाद गिरफ्तार किया है।आरोपी को मामले में पीओ घोषित किया था। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए पेंटर का काम कर रहा था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) आदित्य गौतम ने बताया कि एक व्यक्ति की शिकायत पर रणजीत नगर थाने के तहत हत्या सह डकैती का एक मामला दर्ज किया गया था जिसमें डकैती के दौरान महिला की हत्या की गई थी।जाँच के दौरान रामप्रीत कामत (४०) की भूमिका सामने आई और उसे २०१० में कोर्ट द्वारा पियो घोषित कर दिया गया। उसकी गिरफ्तारी पर ५,०००/- रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था।इसी बीच एसआई रितेश कुमार को पीओ रामप्रीत कामत के बारे में जानकारी मिली।

# जाम से परेशान लोगों ने निकाली पदयात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बादली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भलस्वा डेरी इलाके के पास जाम हटाओ, जान बचाओ आंदोलन चलाया गया। यह आंदोलन भाईजी फाउंडेशन के तत्वाधान में चलाया गया।

इस मौके पर जानकारी देते हुए फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि भलस्वा डेरी के पास गुर्जर चौक व विजय चौक के पास हमेशा ही भयंकर जाम लग जाता है स जिससे यहां के आस-पास रहने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान को लेकर रविवार को जाम हटाओ, जान बचाओ आंदोलन चलाया गया है।

इस आंदोलन की शुरुआत भलस्वा गुरुद्वारे से की गई। यह पदयात्रा क्षेत्र के कई इलाकों से होते हुए भलस्वा गांव एमएलए ऑफिस पर आकर संपन्न हुई। मनोज शर्मा ने बताया कि भयंकर जाम के कारण मरीज अस्पताल नहीं पहुंच पाते,नौकरी करने वाले लोग अपने ऑफिस टाइम से नहीं पहुंच पाते, स्कूल के बच्चे एग्जाम देने टाइम से नहीं पहुंच पाते, यहां तक की एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और पुलिस आदि के वाहन भी घंटो जाम में फंसे रहते हैं। इस समस्या के समाधान को लेकर आज यह पदयात्रा निकाली गई है।

उन्होंने सरकार से मांग की है कि गुर्जर चौक व विजय चौक पर जाम की समस्या है। इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान निकाला जाए, अगर समाधान नहीं निकला तो यह आन्दोलन ओर अधिक तेज किया किया जायेगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# वेव सिटी में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा दशहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वेव सिटी में इस वर्ष लव कुश रामलीला समिति के सहयोग से सेक्टर 4 के गेट नंबर 5 पर स्थित पावन माँ उमा मंदिर के ठीक सामने दशहरे के भव्य आयोजन की तैयारी हो रही है। भक्ति, संस्कृति और बुराई पर अच्छाई की विजय की विरासत को आगे बढ़ाते हुए वेव सिटी का यह आयोजन सबसे खास सांस्कृतिक समारोहों में से एक होगा, जिसमें परम्परा, सामुदायिक भावना और उत्सव की भव्यता का मिश्रण देखने को मिलेगा।




त्योहारों की इस पावन ऋतु के प्रारंभ से पहले 5 सितंबर 2025 को भूमि पूजन किया गया। इन आगामी उत्सवों की सूची में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक गतिविधियां शामिल होंगी जो 2 अक्टूबर 2025 को होने वाले शानदार रावण दहन तक चलती रहेंगी तथा राज तिलक, प्रस्तुति समारोह और डांडिया कार्यक्रम के साथ समाप्त होंगी। इस दशहरा समारोह के बारे में वेव सिटी के सीओओ सी.जे सिंह ने कहा कि ष्वेव सिटी में हम न केवल आधुनिक जीवनशैली को बढ़ावा देने में, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सद्भाव को भी बढ़ावा देने में विश्वास करते हैं।

उत्सव के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भक्ति संगीत, सभी उम्र के लोगों के लिए सामुदायिक समारोह शामिल होंगे। लव कुश रामलीला समिति के नेतृत्व में स्थानीय समितियों और निवासियों की सक्रिय भागीदारी से दशहरा मनाया जा रहा है, जिसमें बिजेंद्र भाटी (अध्यक्ष), राजकुमार नागर (महासचिव), विजय भारद्वाज (कोषाध्यक्ष) शामिल हैं। आध्यात्मिक उत्साह, सांस्कृतिक समृद्धि और उत्सवी माहौल के साथ वेव सिटी में दशहरा 2025 एक यादगार अनुभव साबित होगा।

वेव सिटी के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को इस तरह से एकीकृत किया गया है कि यह एक शहरी और मॉडेम जीवन शैली की सभी सुविधाओं को शामिल करता है।

वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स जैसी अतिरिक्त सुविधाओं के साथ, जिसमें अपने निवासियों के लिए दिन की जरूरतों, गोल्फ रेंज, स्पोर्टजोन, 6.5 एकड़ सेंट्रल पार्क, नहर वॉकवे, साइकिल ट्रैक, पोस्ट ऑफिस, ई रिक्शा सुविधा शहर, पुलिस स्टेशन, प्रसिद्ध हैस्कूल/ कॉलेज/ अस्पताल 2 किमी, मंदिरों और कई और अधिक के आसपास के क्षेत्र में, वेव सिटी उत्तर भारत की सबसे वांछित टाउनशिप इसलिए, यदि आप प्रकृति की गोद में आधुनिक दुनिया की विलासिता के साथ एक जीवित व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं, तो वेव सिटी आपके लिए सही गंतव्य है।

## आयकर पोर्टल पर समस्याओं व टैक्स ऑडिट की तिथि बढ़ाने को प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मोदीनगर।** उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन, लखनऊ व अन्तर्राष्ट्रीय न्यायविद परिषद, लंदन से जुडे वरिष्ठ कर अधिवक्ता अरूण राघव ने प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री को पत्र लिख कर आयकर पोर्टल पर आ रही तकनिकी समस्याओ से अवगत कराया तथा टैक्स आडिट की अंतिम तिथि बढाने की मांग की है। पत्र मे राघव ने माननीय प्रधानमंत्री को अवगत कराते हुए लिखा है कि टैक्स ऑडिट की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2025 है जो कि काफी निकट है। जबकि आयकर विभाग का ई पोर्टल सुचारू रूप से कार्य नही कर रहा है। आलम यह है कि पोर्टल पर बार बार लॉग-इन करना पडता है, एक बार मे लॉग-इन नही होता है, यह स्थिति ठिक वैसी है जैसे किसी व्यक्ति को मोबाइल से फोन करने पर एक बार मे बात नही होती, बार बार डिस्क्नैक्ट होता है और आवाज भी कट कट कर आती है। यही स्थिति वर्तमान मे आयकर पोर्टल की है, साथ ही थोडी थोडी देर मे आयकर पोर्टल पर तकनिकी त्रुटिया अर्थात एरर दृष्टिगत होती है जो आयकर पोर्टल की गति को और धीमा कर देती है। ऐसी विपरीत परिस्थिति मे आयकर विभाग चाहता है कि 30 सितम्बर तक पूरे देश मे होने वाले लगभग 45 लाख ऑडिट समय पर पूर्ण हो जाए। ऐसा कैसे सम्भव है? जबकि आज तक सिर्फ 3.10 लाख ऑडिट ही पूर्ण हो सके है। इसके अतिरिक्त आपके संज्ञान मे लाना है कि देश का प्रत्येक टैक्स प्रोफेशनल 16 सितम्बर तक गैर ऑडिट मामलो की आयकर रिटर्न फाइलिंग मे व्यस्त था, जिसे हमने रात रात भर जागकर किसी तरह से पूर्ण किया जबकि आयकर पोर्टल 10 सितम्बर से ही रूक रूक कर कार्य कर रहा था। ऐसी विपरीत परिस्थितियो मे देश का टैक्स प्रोफेशनल ठिक वैसे कार्य कर रहा है जैसे देश की सीमा की रक्षा करता हुआ भारतीय सेना का एक सजग प्रहरी। भारत सरकार को राजस्व की प्राप्ति कराता है टैक्स प्रोफेशनल, जिस राजस्व से देश चलता है। क्या आयकर पोर्टल को दुरूस्त करने का दायित्व आयकर विभाग का नहीं है? क्या इसके लिए भी देश का व्यापारी या टैक्स प्रोफेशनल जिम्मेदार है? आगामी नौ दिनो मे कैसे यह लक्ष्य पूर्ण हो सकेगा जबकि आयकर पोर्टल पर फार्म अपलोड करने मे कठिनाई हो रही है, पोर्टल बार बार क्रैश हो रहा है। आयकर पोर्टल की तकनीकी व्यवस्था की विसंगतियो तथा खराब पोर्टल पर प्रतिदिन हो रहे संशोधन से सम्पूर्ण भारत का कर अधिवक्ता समाज तथा टैक्स प्रोफेशनल्स उक्त रक्तचाप व ह्रदय से सम्बंधित बिमारीयो का शिकार हो रहा है। इसका जिम्मेदार कौन?

## तीन दिन में सड़कों के गड्ढे नहीं भरे गए तो होगा बड़ा आंदोलन: डॉ. बबली गुर्जर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले पीडब्ल्यूडी ऑफिस गाजियाबाद पर मोदीनगर देहात की खराब सड़कों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया मोर्चे के अध्यक्ष डॉ बबली गुर्जर ने बताया कि। मुख्य रूप से सीकरी खुर्द से कलछिना तक व काजमपुर से दौसा तक सड़कों की हालत बहुत खराब है गड्ढों में सड़क है मोर्चा के महासचिव राहुल गुर्जर व उपाध्यक्ष निर्दोष खटाना ने बताया कि पिछले पंद्रह दिन के अंदर कई दुर्घटनाएं सड़क खराब होने की वजह से हो गई हैं उनको लेकर पीडब्ल्यूडी ऑफिस में धरना दिया गया लगभग 1 घंटे के बाद अधिशासी अभियंता राम राजा एवं इंजीनियर सुरेंद्र सिंह के साथ मोर्चा के पदाधिकारी एवं किसानों के साथ वार्ता हुई। लगभग 1 घंटे वार्ता चलने के बाद अधिशासी अभियंता ने आश्वासन दिया कि दोनों सड़कों के गड्ढे 3 दिन में भर दिए जाएंगे और जल्द ही स्टीमेट सैंक्शन कराकर सीकरी कलछिना मार्ग के चौड़ीकरण के साथ मशीन से सड़क बनाई जाएगी काजमपुर से दौसा मार्ग के गड्ढे भी तीन दिन में भर दिए जाएंगे और एक महीने के अंदर सड़क बनवा दी जाएगी अधिशासी अभियंता को 3 दिन में गड्ढे भरवाने की शर्त पर ज्ञापन देकर धरना समाप्त किया। इस मौके पर मुख्य रूप से सुनील प्रधान, संजय खटाना, राहुल सिंह रमेश महाशय विक्रम सिंह जीत सिंह परसराम प्रधान जी मोहित प्वाइंटिंग गुर्जर राम लखन गुर्जर जयप्रकाश शर्मा मोनू प्रधान साहब सिंह गुर्जर।

## पीएम मोदी के 75वें जन्मदिवस पर नमो मैराथन का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत महानगर में 'नमो मैराथन' का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्त भारत अभियान से जोड़ना और सामाजिक जागरूकता फैलाना था। मैराथन का आयोजन भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के संरक्षण में तथा भाजयुमो महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा जो कार्यक्रम संयोजक एवं अभिषेक शर्मा सहसंयोजक के नेतृत्व में किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं की घोषणा एवं सम्मान: मैराथन में बालकों और



बालिकाओं दोनों श्रेणियों में प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बालक वर्ग किशोर - प्रथम स्थान पंकज - द्वितीय स्थान कविता चौधरी - तृतीय स्थान बालिका वर्ग: एकता - प्रथम स्थान अलिफसा - द्वितीय स्थान ऋतिका - तृतीय स्थान सभी विजेताओं को मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा स्मृति चिह्न, मेडल और प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। इस अवसर पर सुधांशु त्रिवेदी राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा एवं राज्यसभा सांसद सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कश्यप अतुल गर्ग सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल पूर्व राज्यसभा सांसद संजीव शर्मा विधायक अजीतपाल त्यागी विधायक सत्येंद्र अवाना प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा रंजीत राय प्रदेश उपाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

मैराथन में मुख्य रूप से पश्चिमी उपाध्यक्ष सिद्धार्थ युगल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश मंत्री काजल त्यागी, नितिन शर्मा, संदीप चौधरी, राम त्यागी, दीपक शर्मा, पुष्पेंद्र गुप्ता, अभिजीत मुखर्जी, राहुल मावी, अभिषेक शर्मा, बिट्टू त्यागी, दीपक शर्मा, ओम राजपूत, पंकज लड्डू, अनुज कसाना, नवीन उप्पल, रोहित चौधरी दीपक मंडल, विहान मावी, आशु गुर्जर, सूरज सेन, लवनीश त्यागी, मोहित सिंह, रॉबिन भड़ाना, कृष्ण त्यागी, विवेक नागर, विहान मावी, विपिन त्यागी, डॉ नवीन उप्पल, सभी मंडल अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## रावली कला में जाट समाज की हुई बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** गांव रावली कला में श्री जेठूसा शाह महाराज मंदिर के परिसर में जाट समाज की एक बैठक का आयोजन की गई। जिसमें आगामी पंचायती चुनाव को लेकर चर्चा की गई। बुजुर्गो ने समाज को एकजुट रहकर एकता करने के लिए प्रेरित किया। सभा का आयोजन चौधरी वीरेंद्र सिंह द्वारा किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे बुजुर्ग और युवा साथियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी की कोशिश रही कि जाट समाज को एकता की जाए। वह किसी भी आने वाली स्थिति से एकजुटता के साथ लड़ा जा सके। इस मौके पर राजेश्वर चौधरी पिंटू प्रधान मंटू पहलवान गौरव चौधरी हरीश कुमार सोनपाल सिंह सूरजभान सिंह जगपाल सिंह पवन कुमार वेदपाल सिंह चौधरी मुकेश सिंह ओमवीर सिंह आशु चौधरी सचिन कुमार सुमित चौधरी सौरभ पवार मौजूद रहे।

## गिन्नी देवी कॉलेज में कैंसर पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज मोदीनगर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों इकाइयां (इकाई-ए, बी, सी, एवं डी) एवं लायंस क्लब मोदीनगर राइजिंग स्टार, श्री वैश्य कुटुंब सेवा समिति, जैन महिला मंडल समिति एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य स्तन कैंसर एवं बच्चे दानी कैंसर हेतु जानक. ारी एवं जागरूकता था। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. पूनम शर्मा ने, मुख्य अतिथियों समेत, मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।



कार्यक्रम का संचालन NSS की चारों इकाइयों की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आकांक्षा सारस्वत, शालू देवी, राखी शर्मा एवं ऐश्वर्या बहुगुणा द्वारा किया गया। इनके साथ संयुक्त रूप से डॉ. वर्षा गुप्ता जी, चार्टर अध्यक्ष, लायंस क्लब मोदीनगर राइजिंग स्टार एवं प्रदेश चेयरमैन, श्री वैश्य कुटुंब सेवा समिति, मोनिका माहेश्वरी जी, प्रदेश अध्यक्ष, पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन एवं मीनल जैन जी, जैन महिला मंडल अध्यक्ष, उपस्थिति रहीं। छै इकाई-सी की कार्यक्रम अधिकारी राखी शर्मा ने महाविद्यालय में आए विशेष अतिथिगणों का सभी के समक्ष परिचय देते हुए कार्यशाला का सुगम रूप से संचालन किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ललिता सिंघल, वरिष्ठ रेडियो ऑंकोलॉजिस्ट, श्री जगन्नाथ चौरिटेबल कैंसर इंस्टिट्यूट एंड रिसर्च सेंटर, दुहाई, गाजियाबाद, डॉ. अरुण कुमार, सी. एस. आर. हैड, श्री जगन्नाथ चौरिटेबल कैंसर इंस्टिट्यूट एंड रिसर्च सेंटर दुहाई, डॉ. ज्योति कौशिक, वरिष्ठ,साइकोलॉजिस्ट, श्री जगन्नाथ चैरिटेबल कैंसर इंस्टीट्यूट, दुहाई उपस्थित रहे।

डॉ ललिता ने उपस्थित सभी महिलाओं एवं महाविद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को स्तन कैंसर एवं बच्चेदानी के कैंसर से जुड़ी जानका. रियां एवं इसके प्रति सावधानियां बरतते हुए जागरूक किया। उन्होंने बताया की समय पर जागरूकता, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और सही जानकारी से इन गंभीर बीमारियों की रोकथाम और समय पर इलाज संभव है। डॉ. ज्योति ने कैंसर पीड़ित रोगियों को धीरज बरतने एवं अपनी कृतज्ञता बनाए रखने की सलाह दी। डॉ अरुण ने बताया कि कैसे हम लाफटर थेरेपी से बीमारियों को पास आने से रोक सकते हैं और खुशहाल जिंदगी सकते हैं।

इस कार्यशाला के माध्यम से छात्राओं और समाज के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण संदेश प्रसारित हुआ है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. पूनम शर्मा ने अंत में छात्राओं को संदेश दिया कि आज की बदलती जीवनशैली और व्यस्त दिनचर्या में महिलाओं का स्वास्थ्य अकसर उपेक्षित रह जाता है जिसके लिए हमें जागरुक होने की आवश्यकता है। महाविद्यालय की शिक्षिकाएं डॉ .मीनू अग्रवाल, डॉ सारिका गर्ग, सुश्री कनिका गोयल का इस कार्यशाला में विशेष योगदान रहा।

## तहसीलदार अरुण अग्रवाल ने छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोदीनगर तहसील में बतौर तहसीलदार न्यायिक डॉ अरुण अग्रवाल ने नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज सुराना गाजियाबाद मे कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य जी एवं अन्य लेक्चरर्स की उपस्थिति में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के विषय में जानकारी दी की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए कैसे योजना बनाकर उस पर कार्य किया जाए। इस दौरान बच्चो के साथ एनडीए एसएससी, सीडीएस ,ंजि, टीजीटी, पीजीटी, यूपी एस आई, यूपीएससी, यूपीपीसीएस ,सीए, जीआईसी ,जीडीसी एवं अन्य एग्जाम मैं सफल होने के लिए पूर्वनियोजित योजना के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई।



विद्यार्थियों को बताया गया की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्न कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की एनसीईआरटी की पुस्तकों से ही पूछे जाते हैं, अत: उनको टिप्स पर लाने की आवश्यकता है। कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में पूर्व में पूछे गए इतिहास, भूगोल एवं अन्य प्रश्न भी छात्रों से पूछे गए, तब उन्हें यह वास्तविक रूप से ज्ञात हो गया, की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की पुस्तकों से ही प्रश्न पूछे जा रहे हैं। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए कुछ उदाहरण भी प्रस्तुत किया, जैसे अरुणिमा सिन्हा जिसने द्रृण इच्छा शक्ति , आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम के बल पर सर्वाधिक ऊंचाई पर स्थित एवरेस्ट चोटी पर सफलतापूर्वक पर्वतारोहण किया। पूर्व राष्ट्रपति महामहिम एपीजे अब्दुल कलाम का भी उदाहरण पेश किया गया कि उन्होंने अपने कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास एवं इच्छा शक्ति के बल पर अविस्मरणीय इतिहास रचा।

प्रथम ब्लाइंड आईएएस प्रांजल पाटिल एवम अन्य उदाहरण जैसे ईरा सिंघल, मनोज शर्मा, गोविंद जायसवाल, महेश सिंह भी बच्चों के साथ शेयर किए गए एवं बताया गया की विपरीत परिस्थितियों के बाबजूद भी जब आत्मविश्वास , द्रण इच्छा शक्ति एवं कठिन परिश्रम के बल पर जब यह लोग अपने सफल हो सकते हैं, तो आप क्यों नहीं।

## ऑल इंडिया जाट संगठन मनाएगा शहीद भगत सिंह की जयंती: रविंद्र नेहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** आल इंडिया जाट संगठन की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें संस्था के कार्यो पर चर्चा की गई व आगामी 28 सितंबर को शहीद भगत सिंह की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। संगठन के मुख्य संरक्षक चौ० रविन्द्र नहेरा ने कहा कि समाज के कार्य करना तो हमारा उद्देश्य है ही लेकिन भगत सिंह जैसे शहीद की जयंती भी मनानी चाहिए क्योंकि उन जैसे क्रांतिकारियों के कारण ही आज हम आजाद है।



मुख्य संरक्षक रविन्द्र नेहरा व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा० रूपेश पूनिया जी के नेतृत्व में आयोजित की गई इस बैठक में संगठन ने कुछ गणमान्य व्यक्तियों को उनके कार्यो तथा लग्न की देखते हुए उन्हें संगठन में पदाधिकारी मनोनीत किया।मनोनीत पदाधिकारियों में जिसमें संरक्षक चौ० घनश्याम कीचक चौ० गोविन्द सिंह (सलाहकार), चौ० वी पी० सिंह बालियान (सलाहकार) उपाध्यक्ष संजय चौधरी, सगग्न महासचिव दीपक चौधरी, सचिव दलवीर चौधर कोषाध्यक्ष चौण्डविन्द्र मलिक, चौ० कृष्णवीर, प्रचार सचिव चौनीटू शिवाच चौ. संजीत, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य चौ देवराज मलिक, मोदीनगर अध्याय -चौ० सौदान सिहं चिकारा, मोदीनगर युवा अध्यक्ष चौ दीपक सांगवान सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अमित सिरोही, उपाध्यक्ष चौ० संजय सिह, चौ० नफे सिंह, चौ. सचिन, किसान मोर्चा युवा अध्यक्ष चौ० सन्चिन शिक्षक प्रभारी जिला अध्यक्ष प्रमोद मास्टर जी, तहसील अध्याक्ष कपिल नहरा कानूनी सलाहकार चौ० अरुण सिंह, खेल प्रकोष्ठ युवा जिला अध्यक्ष चौधरी अभिषेक, सोशल मिडिया प्रभारी चौ.राज, चौ. अनुज, चौ० सचिन आदि नव निर्मित सदस्य चौ० चन्द्रपाल सिंह, चौ० जिले सिंह, पौ० नगेन्द्र सिंह, चौ० लोकेन्ड चौ० नगेन्ड दीवान, चौ० नौख आदि। इस बठक में खिलाडियो को भी सम्मानित किया गया।

## बिना वजह चालान काटे जाने के सम्बन्ध में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के द्वारा लोहा मंडी में खड़ी गाड़ियों का पुलिस द्वारा अवैध रूप से चालान किए जाने के संबंध में ज्ञापन सोपा गया। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर के द्वारा बताया गया कि लोहा मंडी में रात्रि के समय



सड़क के किनारे गाड़ी खड़ी रहती है जिनके चालान अवैध रूप से काटे जा रहे हैं। उनके द्वारा बताया गया कि पुलिस बिना किसी वजह के ड्राइवर व गाड़ी मालिक को परेशान कर रही है। एसोसिएशन के अधिकारियों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपकर उचित कार्यवाही की मांग की है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर, जिला महासचिव सुरेन्द्र सिंह नागर, जिला चौयरमेन इकबाल खान, कोषाध्यक्ष नरेश सिंह खरकिया, संरक्षक दीपक, धर्मेन्द्र कालरा, संरक्षक अनूप बेरी, जिला उपाध्यक्ष मनोज गौड़, राजेश भारद्वाज, राहुल शर्मा, कुलदीप कुमार, जावेद अली, महामंत्री नमन तनेजा, जिला सचिव रामसकल सिंह, संजय कुमार, कमल जीत सिंह, सुनील भारद्वाज, सलाहकार राजेन्द्र सिंह, बुधनारायन शर्मा, सचिव अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, मिडिया सलाहकार बृजेश सिंह सहित सेकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## आईटीएस की मेधावी छात्रा को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा 37 वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि एवं कुलाधिपति, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा आई.टी. एस कॉलेज मुरादनगर की मेधावी छात्रा मिस आकृति सिंह को बी.डी.एस. परीक्षा 2025 में 86.81 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर वाईस चांसलर स्वर्ण पदक एवं मेरिट सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आई.टी.एस.-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा ने छात्रा को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता संस्थान की उच्च



गुणवत्ता वाली शिक्षा, छात्र-छात्राओं की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। समारोह में अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली, प्रो. टी. जी. सीताराम समारोह के मुख्य अतिथि, मंत्री उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, योगेन्द्र उपाध्याय समारोह के अति विशिष्ट अतिथि एवं राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, रजनी तिवारी समारोह की विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्रदान किए। आई.टी. एस डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ देवी चरण शेट्टी को भी इस समारोह में आमंत्रित किया गया। सम्मानित छात्रा, मिस आकृति सिंह ने संस्थान को उत्कृष्ट शिक्षा एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद दिया और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी इस सफलता में शिक्षकों और संस्थान की प्रेरणा एवं समर्थन का महत्वपूर्ण योगदान है। इस गौरवान्वित उपलब्धि के लिए आई.टी.एस-एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आर.पी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। श्री अर्पित चड्ढा के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं संस्थान में उपलब्ध कराई गई शोध एवं शैक्षणिक सुविधाओं ने छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सक्षम बनाया।

# फ्लैट में मिली महिला की दो दिन पुरानी लाश

- पति भी गंभीर हालत में मिला, दोनों के बगल में बैठा था मानसिक रोगी बेटा
- चुप हो जाओं, मेरे पापा-मम्मी चार दिन से सो रहे हैं, बिना खाए-पिए
- बेटी चार दिनों से हांगकांग से अपनी मां की आवाज सुनने के लिए हर रोज कर फोन कर रही थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बुजुर्ग महिला का शव बिस्तर पर सड़ी गली हालत में पड़ा था, पास ही बिस्तर पर बिमार और चलने फिरने से लाचार उसका पति लेटा हुआ था, उसके मुंह में पानी डालने और निवाला खिलाने वाला भी नहीं था।

पास ही एक करीब ४७ साल का मानसिक रोगी बेटा, जिसको अपना ही खुद होश नहीं था, फर्श पर बैठा था। जब उससे पूछने की कोशिश की तो सिर्फ यहीं बोला पापा मम्मी सो रहे हैं अभी वह पिछले ३-४ दिनों से बिना कुछ खाए-पिए घर में ही बंद हैं। कमरे में बदबू भी इनती थी कि नाक पर रुमाल रखकर ही अंदर जाने की हिम्मत होती। पिछले करीब चार दिनों से मोबाइल फोन पर घंटी भी कई बार बजी, मगर कोई उसको सुनने वाला नहीं था। फोन की घंटी हॉगकॉग में बैठी महिला की बेटी कर रही थी, जो हर रोज फोन करके अपनी मां से उसका और पिता व भाई का हालचाल पूछ लिया करती थी। मगर पिछले चार दिनों से फोन नहीं मिलने पर उसने नजदीक रहने वाले अपने मामा को फोन करके जानकारी लेने के लिये कहा। पुलिस भी जब कमरे में जबरन दरवाजा तोडकर घुसी।

तीनों की हालत देखकर वो भी दंग रह गई। जामिया नगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। उसके पति और बेटे को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है। हॉगकॉग से बेटी के आने के बाद उसकी मां का पोस्टमार्टम होगा। जिसके बाद ही मरने का कारण पता लग पाएगा। पड़ोसियों ने दावा कि मृतक महिला के पति के भाई ने बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान को संगीत का ज्ञान दिया था। रात ११ बजकर १० मिनट पुलिस को मिली पीसीआर कॉल पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते रविवार रात ११ बजकर १० मिनट पर जामिया नगर पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी।

कॉलर डब्ल्यू. अहमद खान ने बताया कि बी१, क्वीन अपार्टमेंट, जी. नं. १, गफ्फार मंजिल, जामिया में एक शव पड़ा है। कॉल करने वाले ने बताया कि उसकी बहन और जीजा रहते हैं, जब वह घर आया तो घर आए तो कॉलर का भांजा इमरान तो बोल रहा है, लेकिन गेट नहीं खुल रहा और जीजा की आवाज भी नहीं आ रही है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पड़ोसी और कॉलर की देखरेख में दरवाजे को जबरन खुलवाया। कमरे से काफी बदबू आ रही थी। बिस्तर पर महिला आफताब जहां (६५) सड़ी गली हालत में शव पड़ा था। बराबर में उनका पति सिराज खान (७०) बिस्तर पर लेटे हुए थे। जिनकी बिमारी के कारण हालत काफी नाजूक थी। उनका बेटा इमरान उर्फ शैली बेडरूम के बाहर बैठा था। उनका बेटा अपने माता-पिता के लिए चिकित्सा सहायता लाने के लिए पड़ोसियों और रिश्तेदारों से मदद नहीं मांग सका। शव को कब्जे में लेकर सिराज को एम्स ट्रॉमा जबकि उनके बेटे को हिबास में भर्ती कराया गया। जहां से उनको जीटीबी अस्पताल में शिफ्ट कर दिया।

सिराज खान जामिया मिल्लिया इस्लामिया के सेवानिवृत्त संगीत शिक्षक रह चुके हैं। बार बार मां से बात करने के लिये बेटी हांगकांग से फोन कर रही थीपुलिस अधिकारियों ने बताया कि उनकी बेटी अपने परिवार के साथ हांगकांग में रह रही है। उसने पिछले ३-४ दिनों में अपने परिवार (माँ, पिता और भाई) से बात करने की कोशिश की, लेकिन उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया, इसलिए उसने जामिया नगर में रहने वाले अपने मामा डब्ल्यू. अहमद खान को परिवार से मिलने के लिए बुलाया। ये कैसी मजबूरी कि कोई रिश्तेदार अटेंडेंट बनने को तैयार नहीं

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इमरान ने पहले उपचार चल रहा था, मगर बाद में उपचार बंद हो गया था। वह अपने माता-पिता की देखभाल करने में असमर्थ था। घर में अकेले रहते हुए वह न तो पड़ोसियों से मदद मांग पाया और न ही रिश्तेदारों को अपनी स्थिति बता पाया था। जिसको पुलिसकर्मी अपने साथ शाहदरा स्थित इबास अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जीटीबी अस्पताल में शिफ्ट कर दिया।

पुलिस उस वक्त हैरान रह गई। जब रिश्तेदारों से बातचीत करके जब उनको इमरान की हालत के बारे में बताया और उसकी देखभाल का जिम्मा किसी रिश्तेदार को लेने के लिये कहा तो कोई भी रिश्तेदार उसका अटेंडेंट बनने के लिए आगे नहीं आया। सिराज खान के पड़ोसियों ने बताया कि खान साहब और उनका पूरा परिवार संगीत से जुड़ा हुआ है। उनके शिष्य बॉलीवुड में भी है और कई तो सीरियल आदि में संगीत भी दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि परिवार का संबंध बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान से भी है। उनके बड़े भाई ने दिल्ली में रहने के दौरान शाहरुख खान को संगीत सिखाया था। उनके बड़े भाई का परिवार फिलहाल कहां रहता है, इसकी जानकारी उनके पास नहीं है। उनको कभी यहां देखा भी नहीं हैं। सिराज और उनकी पत्नी एक शांत प्रभाव के इंसान थे। उनके घर से किसी ने भी तीनों में से किसी एक की भी तेज आवाज तक नहीं सुनी थी। आज इस परिवार का यह हाल हो जाएगा, कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

## डांस टीचर बलात्कार मामले में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी इलाके में एक डांस टीचर ने अपनी ही शिष्या से बलात्कार किया। जिसको पुलिस ने मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक १७ साल की पीडिघ्ता परिवार के साथ भलस्वा डेयरी इलाके में रहती है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह १२ वीं कक्षा की पढ़ाई सरकारी स्कूल से कर रही है। उसने ऑनलाईन जहांगीरपुरी में आरोपी की डांस क्लास के बारे में जानकारी ली थी। क्लास में दाखिला लेने के बाद फरवरी महीने में उसके साथ आरोपी ने बलात्कार किया। उसके बाद भी डरा धमकाकर बलात्कार किया। पीडिघ्ता ने मामले की जानकारी परिवार को दी। जिसके बाद जहांगीरपुरी थाने में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई और मेडिकल के बाद आरोपी को उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया।

## सरकारी स्कूल में बच्चों का आधार कार्ड बनाने के कैम्प की शुरूआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने जनकपुरी के पोषांगीपुर क्षेत्र के सर्वोदय सह शिक्षा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों के लिए आधार कार्ड बनाने के कैंप का शुभारंभ किया।

दिल्ली में पहली बार किसी भी विधानसभा में बच्चों के लिए इस प्रकार के आधार कार्ड का कैंप लगाया गया है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने बताया की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हम दिल्ली के हर स्कूल में बच्चों के लिए स्कूल परिसर में ही आधार एनरोलमेंट करवाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। आज इसी कड़ी में पहले कैम्प की शुरुआत इस स्कूल की गई है। इस पहल के माध्यम से सभी बच्चों के आधार कार्ड बनानेकी प्रक्रिया अब आसान और सुविधाजनक तरीके से सीधे स्कूल परिसर में ही पूरी की जाएगी। इससे अभिभावकों और बच्चों दोनों को सुविधा मिलेगी और समय की बचत भी होगी। सूद ने यह भी कहा कि यह कदम बच्चों की शिक्षा और पहचान से जुड़ी सभी योजनाओं को सुलभ बनाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों की पहचान सुरक्षित और सरल होनी चाहिए। आधार कार्ड अब विद्यालय स्तर पर ही उपलब्ध होगा, जिससे दिल्ली में पढ़ने वाले सभी बच्चों को इसका लाभ मिलेगा।



दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद जनकपुरी के पोषांगीपुर क्षेत्र के सर्वोदय सह शिक्षा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों के लिए आधार कार्ड बनाने के कैंप के शुभारंभ अवसर पर।

## सड़कों पर लगे पेड़ों की हर 6 माह में होगी छंटाई

- सूखे और कमजोर पेड़ों को समय पर हटाना अनिवार्य होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पीडब्लयूडी ने सड़कों के किनारे हरियाली बढ़ाने के साथ ही पड़ों की देखभाल को और सख्त किया है। इस संबंध में विभाग की ओर से पेड़ों की देखभाल और छंटाई के लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई है। इसका उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं बल्कि सड़क पर चलने वाले लोगों और वाहनों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करना है।

माना जा रहा है कि पिछले माह कालकाजी में तेज बारिश के दौरान सड़क पर चल रहे वाहनों पर नीम का पेड़ गिरने से एक शख्स की मौत व उसकी बेटी के गंभीर रूप से घायल होने की घटना ने राजधानी में पेड़ों की सुरक्षा और रखरखाव को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे। इस घटना से सबक लेते हुए विभाग की तरफ से एसओपी जारी की गई है। एसओपी के अनुसार, अब अधिकारियों को हर छह माह में सड़कों के सेंट्रल वर्ज और फुटपाथों पर लगे पेड़ों की छंटाई करनी होगी। साथ ही, सूखे और कमजोर पेड़ों को समय पर हटाना अनिवार्य होगा।

यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पेड़, पौधे और झाड़ियां सड़क पर लगे ट्रैफिक लाइट, संकेतक, यू-टर्न और स्ट्रीट लाइटों की दृश्यता में बाधा न डालें। सेंट्रल वर्ज पर लगे पेड़ों की ऊंचाई अधिकतम पांच मीटर तक रखी जा सकती है जबकि झाड़ियों की ऊंचाई १ से १.२ मीटर तक सीमित रहेगी। यदि किसी पेड़ की शाखाएं बिजली की तारों या स्ट्रीट लाइटों में रुकावट पैदा करती हैं तो उन्हें काटने के लिए वन विभाग से अनुमति लेकर तुरंत हटाया जाएगा। एसओपी के मुताबिक, पीडब्ल्यूडी की बागवानी शाखा को निर्देश दिया गया है कि हर २५०० वर्ग मीटर हरित क्षेत्र पर कम से कम एक माली की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही, सभी कर्मचारियों को प्रभारी अभियंता की ओर से अनुमोदित वर्दी पहनना अनिवार्य होगा। राजधानी में पेड़ों के गिरने से हादसों की घटनाएं नई नहीं हैं। कुछ वर्षों में मानसून या आंधी-तूफान के दौरान कई लोगों की मौत हो चुकी है। वर्ष २०२२ में लोधी रोड इलाके में बड़ा पेड़ कार पर गिर गया था जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी।

## संकटग्रस्त महिलाओं को सहायता प्रदान कर रही है हेल्पलाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महिला हेल्पलाइन नंबर १०९१ संकटग्रस्त महिलाओं के लिए एक २४०७, निःशुल्क, आपातकालीन हेल्प लाइन सेवा है। संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल सहायता और सुरक्षा प्रदान करने के लिए यह हेल्पलाइन और व्हाट्सएप नंबर ७८३५०७५०१२ चौबीसों घंटे कार्यरत है।

इसके तहत दिल्ली पुलिस की स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वूमेन एंड चाइल्ड (एसपीयूडब्लूएसी) द्वारा दिल्ली के स्कूलों, कॉलेजों और झुग्गी-झोपड़ियों में आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान महिला हेल्पलाइन और व्हाट्सएप नंबर का नियमित रूप से प्रचार किया जा रहा है।इस हेल्पलाइन का उद्देश्य संकटग्रस्त महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करना और महिलाओं तक दिल्ली पुलिस की पहुँच बढ़ाना है।

## जीएसटी सुधार से अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई रफ्तारः सूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में एकता मार्केट शुक्र बाजार महावीर एनक्लेव, पार्ट - ३ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जीएसटी में किए गए सुधारों की जानकारी देने हेतु एक यात्रा का नेतृत्व किया। इस यात्रा में जनकपुरी के कई सारे व्यापारी और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित थे। यह सुधार आज से प्रभावी हो गए हैं। इन सुधारों का उद्देश्य व्यापार को सरल बनाना, कर प्रणाली को पारदर्शी करना और आम जनता के लिए वस्तुओं की खरीद को अधिक किफायती बनाना है।

मंत्री ने क्षेत्रीय व्यापारियों की दुकानों पर जाकर व्यक्तिगत रूप से उनसे संवाद किया और उन्हें विस्तार से बताया कि इन नए सुधारों से न केवल व्यापारियों को बल्कि उपभोक्ताओं को भी सीधा लाभ होगा। इस दौरान क्षेत्र के अनेक व्यापारी एवं नागरिक उपस्थित रहे और उन्होंने इन सुधारों का स्वागत किया। मंत्री महोदय ने व्यापारियों और लोगों को समझाया कि मोदी जी ने कैसे दिल्ली के लोगों को दिवाली आने से पहले दिवाली के त्योहार के उपहार दिये है।

इस अवसर पर सूद ने कहा की नवरात्र के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बचत उत्सव की शुरुआत की है। यह एक प्रकार का डबल बोनांजा है। एक तो टैक्स कम हुआ है दूसरा सामान खरीदना भी आसान हुआ है। जिससे न केवल दुकानदार की बिक्री बढ़ेगी बल्कि ग्राहकों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने आम जनता को बताया की दिल्ली जो मुख्य रूप से मध्यमवर्गीय, सेवा कर्मियों, छोटे दुकानदारों और कारोबारियों का शहर है इस सुधार से विशेष रूप से लाभान्वित होगा। इससे आम लोगों का जीवन आसान होगा साथ ही जेब में पैसा बचेगा और व्यापार भी बढेगा। इससे समग्र रूप से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

सूद ने कहा की प्रधानमंत्री ने जीएसटी -- टू लाकर दूरगामी राहत देने का काम किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी इस राहत को जनता तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री जी लगातार स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का आह्वान कर रहे हैं। उन्होंने हर भाषण में कहा है की मेरे देश के किसान, मेरे कुम्हार, मेरे श्रमिकों द्वारा बनाए गए सामान को खरीदिए। यही स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत का रास्ता है। इससे हमारे कारीगरों, छोटे उद्यमियों और हाथ से काम करने वालों की जेब में पैसा पहुँचेगा और यही विक. सित भारत का प्रतीक बनेगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा की जीएसटी सुधार सिर्फ कर वसूली का विषय नहीं है बल्कि यह भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत, प्रतिस्पर्धी और जन-हितैषी बनाने का बड़ा कदम है। २२ सितम्बर से लागू हुए ये बदलाव व्यापार को सरल बनाएंगे, निवेश को प्रोत्साहित करेंगे और उपभोक्ताओं को राहत देंगे। दिल्ली सरकार का विश्वास है कि इन सुधारों से राजधानी की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और कर प्रणाली और अधिक पारदर्शी बनेगी।

## एक्स पर केजरीवाल ने पीएम पर कसा तंज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सितंबर से भारत में कई चीजें सस्ती हो गई हैं। वस्तु एंव सेवा कर यानी जीएसटी में बदलाव होने से इन वस्तुओं के दामों पर असर पड़ा है। दरअसल, अब भारत में जीएसटी के सिर्फ दो ही स्लैब ५% और १८% बचे हैं, जबकि १२% और १८% वाले स्लैब को हटा दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी सामान खरीदने का आह्वान किया है। लेकिन इसको लेकर पूर्व सीएम केजरीवाल ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है।

केजरीवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि प्रधानमंत्री जी, आप चाहते हैं कि जनता स्वदेशी इस्तेमाल करे तो आप खुद स्वदेशी इस्तेमाल करना शुरू कीजिए? केजरीवाल ने कहा, जिस विदेशी जहाज से रोज घूमते हैं, उसे छोड़ दीजिए? सारा दिन जितने विदेशी समान इस्तेमाल करते हैं, उन्हें छोड़ दीजिए। आप खुद स्वदेशी इस्तेमाल करना शुरू कीजिए? जिस विदेशी जहाज से रोज घूमते हैं, उसे छोड़ दीजिए? सारा दिन जितने विदेशी समान इस्तेमाल करते हैं, उन्हें छोड़ दीजिए। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप भारत में काम कर रही चार अमेरिकी कंपनियों को बंद कर दीजिए? डोनाल्ड ट्रंप रोज भारत और भारतीयों का अपमान कर रहा है। आप भी तो कुछ कीजिए? लोग अपने प्रधानमंत्री से एक्शन की उम्मीद रखते हैं।

## ईवीएम को लेकर हाईकोर्ट ने डीयू को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू छात्र संघ (डूसू) चुनाव में इस्तेमाल की गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को सुरक्षित रखने का दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली विश्व. विद्यालय व चुनाव आयुक्त को निर्देश दिया है।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) नेता रौनक खत्री और जोसलिन नंदिता चौधरी द्वारा दायर याचिका पर अदालत ने डीयू को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। डूसू चुनाव में अध्यक्ष पद पर मैदान में रहीं जोसलिन नंदिता चौधरी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के उम्मीदवार आर्यन मान के डूसू अध्यक्ष पद पर चुनाव को चुनौती दी है।




आध्यात्मिक गुरु और सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख, संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की अध्यक्षता में 29वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन में भाग लेते विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु।

## 29वां विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आध्यात्मिक गुरु और सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख, संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की अध्यक्षता में 29वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन के समापन सत्र में विशिश्ट अतिथि के रूप में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मौजूद थीं। इसके अलावा लोकसभा सांसद मनोज तिवारी, भाजपा विधायक श्री अशोक गोयल जी और अन्य कई प्रसिद्ध धर्मगुरु और अंतर्राष्ट्रीय प्रति. निधि भी उपस्थित थे।सम्मेलन की शुरूआत में मानव-कल्याण के लिए 65वें रक्तदान शिविर आयोजन कृपाल बाग, दिल्ली में किया गया। इसके अलावा अगले दिन 41वां निःशुल्क नेत्र जाँच एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर आयोजन भी कृपाल बाग, दिल्ली में किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों को दृश्टि का वरदान प्राप्त हुआ। यह सम्मेलन संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के जन्मदिवस पर आयोजित किया गया, जिसे पूरे विश्वभर में 'अंतर्राष्ट्रीय ध्यान-अभ्यास दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है। अपने संदेश में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने सम्मेलन के समापन सत्र आए एक विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ध्यान-अभ्यास के द्वारा इंसान के अंदर बदलाव लाया जा सकता है, जिसकी आज के समय में बहुत आवश्यकता है। सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संत राजिन्दर सिंह जी महाराज को अध्यात्म का मार्गदर्शक बताया और लाखों लोगों को आत्म-ज्ञान का मार्ग दिखाने के लिए संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का दिल की गहराईयों से आभार व्यक्त किया।

## पूरे नवरात्रि व्रत रखूंगी: पूनम पांडे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किले में होने वाले भव्य लव-कुश रामलीला के लिए एक्ट्रेस पूनम पांडे को मंदोदरी के किरदारनिभा रही हैं। जिसको लेकर सोशल मीडिया पर विवाद छिड़ा हुआ है तो वहीं दूसरी तरफ पूनम पांडे ने वीडियो जारी कर पूनम पांडे ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं।

मैंने तय किया है कि मैं पूरे नवरात्रि व्रत रखूंगी, ताकि तनख्रमन से इस रोल (मंदोदरी) को और बेहतर कर सकूं। लव-कुश रामल. ीला में राज बब्बर के बेटे आर्य बब्बर रावण की भूमिका निभा रहे हैं। लालकिला मैदान की लवकुश रामलीला सबसे चर्चित रहती है। इस बार भी यहां फिल्म और टीवी जगत के नामचीन चेहरे हिस्सा लेंगे। भगवान श्रीराम की भूमिका फिल्म अभिनेता किंशुक वैद्य निभा रहे हैं। डॉ. राजन शर्मा लक्ष्मण तो अभिनेत्री रिनी आर्या सीता बनी हैं। हनुमान की भूमिका गुजराती पृष्ठभूमि से जुड़े थियेटर कलाकार मल्हार पांड्या तो अभिनेता आर्य बब्बर करेंगे रावण बने हैं।

## हवा में घुले स्मॉग को सोखेगी नई तकनीक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की हवा में घुले स्मॉग को सोखने के लिए विशेष तकनीक को शहर की सड़कों पर इस्तेमाल करने की तैयारी है। दिल्ली सरकार ने स्मॉग-ईटिंग फोटो कैटलिटिक सतहों का अध्ययन शुरू करने का फैसला किया है। ये सतहें सड़कों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थानों पर प्रदूषण को सोखकर हवा को साफ करेंगी। सरकार का कहना है कि यह पहल हर बच्चे, बुजुर्ग और कामगार की सांसों को सुरक्षित करने की दिशा में कारगर साबित हो सकती है। स्मॉग सर्दियों में लाखों लोगों की सांसों पर संकट खड़ा करता है लेकिन हवा में घुले इस जहर को कुछ हद तक कम करने के लिए दिल्ली सरकार ने खास तकनीक का इस्तेमाल करने का निर्णय लिया है। पर्यावरण मंत्री मर्न. जंदर सिंह सिरसा ने पर्यावरण विभाग को टाइटेनियम ऑक्साइड आधारित स्मॉग-ईटिंग कोटिंग्स की व्यवहार्यता जांचने के निर्देश दिए हैं। ये कोटिंग्स सूरज की रोशनी में रासायनिक प्रक्रिया शुरू करके एनओ-२ और हानिकारक हाइड्रोकार्बन जैसे प्रदूषकों को तोड़ देती हैं।

## भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ सभागार में संगोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटीज फेडरेशन ऑफ दिल्ली लिमिटेड और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सहकार नीति 2025 एवं उसका राज्य सहकारिता पर प्रभाव विषय पर भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेखराज अतिरिक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएँ दिल्ली, दीनानाथ ठाकुर संरक्षक सहकार भारती, सुनील गुप्ता अध्यक्ष यूनाइटेड थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट को- ऑपरेटिव सोसाइटीज फेडरेशन ऑफ दिल्ली लिमिटेड, वेद प्रकाश सेतिया कार्यकारी निदेशक भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ, राम इकबाल नेकाब के अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा पूर्व निदेशक राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम, धन्नजय सिंह निद. ेशक एन. सी. डी. सी, लक्ष्मी दास अध्यक्ष नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक, टी. प्रसाद राव डोरा फिस्कोफेड के अध्यक्ष, बलवान गौतम संगठन प्रमुख सहकार भारती दिल्ली, प्रवेश कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, विष्णु पाल बंसल महामंत्री एवं शिव शंकर गुप्ता कोषाध्यक्ष यूनाइटेड थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटीज फेडरेशन ऑफ दिल्ली लिमिटेड, अभिषेक राठौर मुख्य कार्यकारी नेशनल युवा को. ओ.सोसायटी लिमिटेड, अशोक छिब्बर अधयक्ष भाई मति दास को. ओ., सत्यदेव सोलंकी, जितेन्द्र राजपूत निदेशक क्रेडिट सोसायटी फेडरेशन दिल्ली एवं अनेक सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गाजीपुर लैंडफिल से कचरा हटाने का कार्य धीमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गाजीपुर सेनेटरी लैंडफिल साइट पर्यावरणीय समस्या बनी हुई है। भलस्वा व ओखला लैंडफिल साइट की तुलना में यहां से कचरा हटाने का कार्य काफी धीमा चल रहा है। ऐसे में अगले साल के अंत तक पूरी तरह कचरा हटना मुश्किल है।

दिल्ली सरकार ने एमसीडी को अगले साल दिसंबर तक कूड़ा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं जबकि एमसीडी ने दिसबंर २०२७ तक यहां से पूरी तरह कूड़ा हटाने का लक्ष्य रखा हुआ है। एमसीडी के अनुसार, जून २०२२ के ड्रोन सर्वे के अनुसार गाजीपुर लैंडफिल साइट पर ८५ लाख मीट्रिक टन कचरा जमा था। इसके बाद जुलाई २०२२ से अगस्त २०२५ तक २० लाख मीट्रिक टन कचरा और गाद यहां डाली गई। तीन वर्षों से अधिक समय में एमसीडी केवल २३ लाख मीट्रिक टन कचरे की ही बायो-माइनिंग कर सकी है। नतीजा यह है कि आज भी यहां ८२ लाख मीट्रिक टन कचरा पड़ा है। यहां स्थिति इतनी गंभीर है कि दिल्ली सरकार के आदेश के तहत दिसंबर २०२६ तक इसे पूरी तरह कूड़ा मुक्त करने का लक्ष्य मात्र कागजी साबित होता दिख रहा है। मौजूदा रफ्तार से अगले सवा साल में इतने बड़े कचरे के पहाड़ का निपटान कर पाना असंभव प्रतीत हो रहा है। गाजीपुर में दशकों से लगातार कचरा डाला जा रहा है।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 322391 |
| 2 | कार्य का नाम और कार्य स्थान | बोगी शॉप की डिसअसेंबली और असेंबली लाइन की आउटसोर्सिंग जिसमें पेंटिंग, डैम्पर परीक्षण और कोच को नीचे चढ़ाना और उठाना शामिल है आरसीएनके में। |
| 3 | अनुमानित लागत | रुपये 5,97,28,684.28/- जीएसटी @ 18% सहित |
| 4 | बयाना राशि | रु. 4,48,700/- |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| 6 | कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से चौबीस महीने। |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 13.10.2025 खुलने का समय 15:00 बजे। |
| 8 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | |

सं.: 322391 दिनांक: 22.09.2025 2914/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौर**

वाद सं.-693/2020

**शहनाज बनाम जावेद**

धारा-125 सी.आर.पी.सी.

थाना- नजीबाबाद

शहनाज आयु करीब 31 वर्ष पुत्री वाश्दि नि. हाल मौ. जाफतागंज, कस्बा व थाना नजीबाबाद, जिला बिजनौर

**बनाम**

जावेद आयु करीब 35 वर्ष पुत्र मौ. शाकिब नि. सी-215 लाल कुआ चुंगी नं. 2 रामप्यारी कैंप के पास, थाना प्रहलादपुर, नई दिल्ली-110044

चूंकी उपरिनामांकित से इस बअदालत से यह आवेदन किया है कि अत: एवं आपको एतद्द्वारा-चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्षित करने के लिए 17.10.2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 17.10.2025

**प्रबंधक**

**अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर (उ.प्र.)**

# प्लास्टिक शीट बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का सामान राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना क्षेत्र के यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र में एक प्लास्टिक शीट बनाने वाली फैक्ट्री में सोमवार को आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री उसकी चपेट में आ गई। आग लगने से फैक्ट्री में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली के रहने वाले राजीव अग्रवाल की इस फैक्ट्री में अचानक धुआं उठना शुरू हुआ, और देखते ही देखते इसने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें और काला धुआं दूर से ही दिखाई दे रहे थे, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। मजदूरों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। सूचना



मिलते ही धौलाना और हापुड़ से दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन शॉर्ट सर्किट को इसका संभावित कारण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर दमकल विभाग की टीमें समय पर न पहुंचतीं, तो आग आसपास की अन्य फैक्ट्रियों तक भी फैल सकती थी, जिससे एक बड़ा हादसा हो सकता था।

## नाबालिग बहनों से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने दो नाबालिग बहनों को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने की घटना में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि नाबालिक लड़कियों के परिजनों द्वारा थाने पर आरोपियों के खिलाफ दो नाबालिक बहनों को बहला फुसलाकर उनके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने का मामला दर्ज कराया गया था। परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर लिया गया था और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। सोमवार को पुलिस ने नाबालिग बहनों को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने की घटना में फरार चल रहे आरोपी अजय पुत्र सुरेश चन्द और आशु पुत्र नानकचन्द निवासी ग्राम असौडा थाना हापुड देहात जनपद हापुड को टियाला बाईपास के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को गिरफ़्तार कर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# एसडीएम ने थाने पर किया महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में बाबूगढ़ थाने में सदर एसडीएम ईला प्रकाश ने स्कूली छात्राओं के साथ मिलकर महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया है। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार की महिला सशक्तिकरण पहल का हिस्सा है।

इसी के तहत, मुख्यमंत्री ने 20 तारीख को वर्चुअल माध्यम से पूरे प्रदेश में महिला हेल्प डेस्क-5 की शुरुआत की थी। अब इसी कड़ी में बाबुगढ़ थाने में भी यह सुविधा शुरू हो गई है। एसडीएम ने बताया कि इस हेल्प डेस्क का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकना है। केंद्र और राज्य सरकार की फेज-4 महिला सशक्तिकरण योजना के तहत, इस तरह की हेल्प डेस्क पूरे प्रदेश के सभी थानों में स्थापित की जा रही हैं। इस डेस्क के जरिए, पीड़ित महिलाओं को तुरंत मदद मिल सकेगी और उन्हें अपनी शिकायत दर्ज कराने में आसानी होगी। यह कदम महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# व्यापार व जिला उद्योग बंधु की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीएम अभिषेक पाण्डेय के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में व्यापार और जिला उद्योग बंधु की मासिक बैठक हुई। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई थी। इस बैठक में मुख्य रूप से उद्योगों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने यूपीसीडा के वरिष्ठ प्रबंधक को हापुड़ के एमजी रोड औद्योगिक क्षेत्र में सड़क और नाले के निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

धीरखेड़ा स्थित औद्योगिक इकाइयों में जल निकासी की समस्या को हल करने के लिए एक संयुक्त टीम का गठन किया गया है। इस टीम में लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग और जिला पंचायत



के अधिकारी शामिल होंगे। यह टीम तकनीकी सर्वेक्षण करेगी ताकि समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि बैठक में व्यापारियों और उद्यमियों द्वारा बताई गई सभी समस्याओं का समाधान अगली बैठक से पहले कर लिया जाए। इस बैठक में उपायुक्त उद्योग, उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, विद्युत विभाग, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, और यूपीसीडा के अधिकारी मौजूद थे। इनके अलावा, विभिन्न एसोसिएशनों के पदाधिकारी और उद्यमी भी बैठक में शामिल हुए।

# नाबालिग से छेड़छाड़ करने के दोषी को 3 साल की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी, सशक्त पैरवी करते हुए नाबालिग से छेड़छाड़ करने के मामले में एक आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास व 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित कराया गया।

आपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत आरोपियों को न्यूनतम समय में सजा दिलाए जाने के क्रम में हापुड़ पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए सोमवार को न्यायालय द्वारा नाबालिग से छेड़छाड़ करने के मामले में एक आरोपी को दण्डित कराया गया है। अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी ने बताया कि 30 जून 2018 को आरोपी शाबिर अली पुत्र शमशाद निवासी ग्राम नारायणपुर थाना धौलाना जनपद हापुड़ द्वारा नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गई थी जिसके सम्बन्ध में थाना धौलाना पर पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था तथा 25 अक्टूबर 2018 को आरोप पत्र में प्रेषित किया गया था। सोमवार को न्यायालय एडीजे/स्पेशल पॉक्सो प्रथम हापुड़ द्वारा 3 वर्ष का सश्रम कारावास व 5,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी, विवेचक उप निरीक्षक कमलेश, पैरोकार हेड कांस्टेबल रघुवीर व कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल प्रशांत कुमार का विशेष योगदान रहा।

## प्लॉट के नाम पर सैनिक से पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र में एक सैनिक के साथ प्लॉट दिलाने के बहाने पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित फौजी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह मामला नगर पालिका क्षेत्र में स्थित 109 वर्ग गज के एक प्लॉट से जुड़ा है। पीड़ित विपिन, जो थाना कपूरपुर के रहने वाले हैं, ने आरोप लगाया है कि गाजियाबाद के सोहनवीर, औमपाल और नीरज नाम के तीन व्यक्तियों ने उन्हें प्लॉट दिलाने का झांसा दिया। पीड़ित के मुताबिक, उसने आरोपियों को बयाना और नकद के रूप में कुल पांच लाख रुपये का भुगतान किया, जिसमें तीन लाख रुपये चेक से और दो लाख रुपये नकद शामिल थे। हालांकि, जब भी पीड़ित ने प्लॉट का बैनामा कराने की बात कही, तो आरोपियों ने न केवल धमकियां दीं, बल्कि पैसा वापस लौटाने से भी इनकार कर दिया। आरोपियों ने यहां तक कहा कि अब प्लॉट का दाम बढ़ गया है और अगर पीड़ित ने फिर पैसे की मांग की तो उसे खतरनाक नतीजे भुगतने पड़ेंगे। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान शुरू किया है।

# रुद्र कॉलेज की छात्रा काजल को मिला स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के 37वें दीक्षांत समारोह 2025 में रुद्रा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, नानपुर की एमकॉम की छात्रा काजल ने मुरारीलाल माहेश्वरी स्वर्ण पदक हासिल कर जिले व संस्थान का नाम रोशन किया। इसी कार्यक्रम में एमकॉम की ही छात्रा रेशु चौधरी ने विश्वविद्यालय मेरिट में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

संस्थान की प्राचार्या डा. पूनम नागर ने बताया कि वर्ष 2022 से लगातार रुद्रा इंस्टिट्यूट के छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर उपलब्धियां अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान में शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास पर विशेष ध्यान



दिया जाता है। यहां प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना और एमएसएमई के तहत ग्राफिक्स डिजाइन, योग, कंप्यूटर शिक्षा और सिलाई केंद्र जैसे कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

स्वर्ण पदक विजेता काजल ने अपनी सफलता का श्रेय मेहनत, माता-पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद को दिया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और कुलपति डा. संगीता शुक्ला से गोल्ड मेडल पाकर बेहद खुशी हुई। इस मौके पर प्राचार्या डा. पूनम नागर ने वाणिज्य विभागाध्यक्ष शेंकी त्यागी सहित सभी अध्यापकों को बधाई दी।

वहीं, चेयरमैन डा. सोमेंद्र तोमर ने दोनों छात्राओं और समस्त शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

# पानी से भरे गड्डे में गिरने से मासूम बच्ची की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शिवगढ़ी में खेलते खेलते सड़क किनारे बने एक पानी से भरे गड्डे में गिरने से तीन साल की मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। मासूम बच्ची की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर नगर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला शिवगढ़ी में मज़दूर चांद की तीन साल की बेटी मरियम अपने घर के बाहर खेल रही थी। खेलते-खेलते वह सड़क किनारे बने एक खुले और पानी से भरे गड्डे के पास गई। उसका पैर फिसल गया और वह पानी में गिरकर डूब गई। आसपास के लोग तुरंत उसे बाहर निकालकर अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने प्रशासन और नगर पालिका पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मोहल्ले में जल निकासी की व्यवस्था बहुत खराब है और कई सालों से खुले गड्डे नहीं भरे गए हैं। बारिश के बाद ये गड्डे पानी से भर जाते हैं और बच्चों के लिए जानलेवा खतरा बन जाते हैं। उन्होंने कई बार इसकी शिकायत की थी, लेकिन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम इला प्रकाश और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एसडीएम ने बताया कि एक जांच टीम गठित की



गई है और मामले की छानबीन की जा रही है। स्थानीय लोगों की मांग है कि सिर्फ जांच ही नहीं, बल्कि तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। बच्चों के खेलने की जगहों के पास सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं। इस घटना ने एक बार फिर से बुनियादी ढांचे और सुरक्षा की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह एक ऐसी दुखद कहानी है, जिससे सबक लेने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फैक्ट्री में तैनात चौकीदार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित एक फैक्टरी में बुजुर्ग चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की जाँच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित मोहल्ला शिवगढ़ी निवासी 75 वर्षीय ओमप्रकाश मोहल्ला जगदीशपुरम में स्थित एक रेगुलेटर बनाने वाली फैक्ट्री में चौकीदारी के रूप में तैनात थे। देर रात को वह ड्यूटी पर थे, लेकिन सोमवार सुबह फैक्ट्री के कर्मचारी ज़ब फैक्ट्री पहुंचे, तो गेट बंद था। काफी देर तक गेट न खुलने पर कर्मचारियों को संदेह हुआ। ज़ब उन्होंने फैक्ट्री के अंदर किसी तरह झांककर देखा तो ओमप्रकाश जमीन पर पड़े हुए थे। मामले की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सीओ सिटी वरुण मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ सिटी वरुण मिश्रा ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जीएस यूनिवर्सिटी में बी फार्मा एवं डी फार्मा पाठ्यक्रम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा/ हापुड़।** जीएस यूनिवर्सिटी में आज बी फार्मा एवं डी फार्मा पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. चांसलर डा अंकित शर्मा व सीईओ डा. नेहा शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रो. चासंलर डा. अंकित शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि फार्मेसी शिक्षा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और रोगी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अब जीएस विश्वविद्यालय द्वारा बी फार्मा और डी फार्मा पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए रोजगार और शोध के नए अवसर खुलेगें जोकि छात्रों के लिए उनके भविष्य में फार्मेसी के क्षेत्र में नवीन उपलब्धियां साबित होगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुमित सिंह ने बताया कि ये पाठ्यक्रम करने के बाद छात्रों को फार्मा कंपनियों में नौकरियां रिसर्च और शिक्षण के अवसर और अपना रोजगार प्रारम्भ करने के समुचित विकल्प उपलब्ध होंगे जिससे उनका जीवन सुखमय एवं व्यवस्थित बन सकेगा। आयुर्वेदविज्ञान, आयुर्वेद, नर्सिंग और फार्मेसी के जनहित क्षेत्रों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर रूप से नए शिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराने के पुण्य कार्य में जुटी है। उन्होंने कहा कि इसी से समाज का विकास होगा और भारत फिर से विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में अपना स्थान प्राप्त कर सकेगा। इस मौके पर डा. प्रदीप गर्ग, डा. एस कुमार, डा. मंजुल, उपनिदेशक मनोज शिशोदिया एसएन



सिंह, विकास, डा. नमन, शशी प्रभा शर्मा, क्रिस्टीना जॉर्ज, नीलम शर्मा समस्त प्राध्यापक व सहप्राध्यापक, छात्र आदि मौजूद रहे।

# गुर्जर बिरादरी के लोगों की गिरफ्तारी पर भाकियू भड़की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मेरठ में आंदोलन करने के दौरान पुलिस द्वारा लाठियां भांजकर जेल भेजे गए गुर्जर बिरादरी के लोगों को पूरी तरह निर्दोष बताते हुए बिना शर्त रिहाई न करने पर भाकियू लोकहित ने आंदोलन करने की चेतावनी दी।

मेरठ में आंदोलन करने के दौरान रविवार को गुर्जर बिरादरी की पंचायत में भीड़ उग्र हो गई थी, जिस पर पुलिस ने लाठियां भांजते हुए कई नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जिसको लेकर गुर्जर बिरादरी के लोगों में आक्रोश के साथ ही पुलिस और प्रशासन के प्रति नाराजगी व्याप्त हो गई है। सिंभावली क्षेत्र के गांव शुक्लमपुरा में सोमवार को गुर्जर समाज की पंचायत हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए भाकियू लोकहित के राष्ट्रीय प्रवक्ता हरीश हूण ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने के दौरान गुर्जर बिरादरी के लोगों पर लाठी भांजकर पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें जेल भेजा जाना सीधे तौर पर एक गंभीर अपराध के समान है। मेरठ में अपनी वाजिब मांगों को लेकर पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग में आंदोलन कर रहे गुर्जर समाज के लोगों पर पहले तो सत्ता पक्ष के दबाव में बिना वजह लाठियां भांजी गईं, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पिंटू प्रधान ने कहा कि गुर्जर समाज हमेशा से देश सेवा में कुर्बानी देता आ रहा है, परंतु उसके बाद भी अगर सरकार बंदूक की नोक पर गुर्जर सम्राट मिर्घहिर भोज के वंशजों को डराकर उनकी आवाज को दबाना चाहती है तो इसका पुरजोर ढंग में विरोध किया जाएगा। बिरादरी के उत्पीड़न के विरोध में जनपद हापुड का गुर्जर समाज पूरी तरह से लामबफ है, इसलिए जेल भेजे गए निर्दोष लोगों को किसी भी शर्त के बिना जल्द से जल्द रिहा किया जाए। अन्यथा आंदोलन की रणनीति तय करते हुए सड़कों पर उतरा जाएगा। मनपाल गुर्जर ने कहा कि मेरठ में हुए अत्याचार ने साबित कर दिया है कि गुर्जर समाज अब पूरी तरह एकजुटता के साथ अपने मान-सम्मान को लेकर किसी भी कीमत पर कोई समझौता नहीं करेगा। कपिल मावी ने कहा कि सरकार की तानाशाही के ख़िलाफ यह लड़ाई पूरी मज़बूत से लड़ी जाएगी। रोहित गुर्जर,विनोद कुमार, प्रमोद हुण, दीपेंद्र नागर, महिपाल, नीरज मावी, मामचंद समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# मायावती की रैली में भीड़ जुटाने को बसपाई हुए सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** लखनऊ में नौ अक्टूबर को होने वाली रैली को अभूतपूर्व बनाने के उद्देश्य से सक्रिय हुए बसपाइयों ने अलग अलग टीम बनाकर अधिक से अधिक भीड़ ले जाने का दायित्व तय किया।

सिंभावली के कैंप कार्यालय में सोमवार को बसपा की बैठक हुई, जिसमें पार्टी संगठन को मजबूत करने के साथ ही मायावती की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से नौ अक्टूबर को लखनऊ में होने वाली मायावती की रैली में अधिक से अधिक भीड़ ले जाने का लक्ष्य तय करते हुए कार्यकर्ताओं को टीम बनाकर अभी से सघन जनसंपर्क करने का दायित्व सौंपा गया। जिलाध्यक्ष एके कर्दम, जिला प्रभारी सतीश प्रधान, जिला उपाध्यक्ष जिया परवेज, विधान सभा क्षेत्राध्यक्ष राजू जाटव, शिवकुमार, पवन कुमार, नौफिल समेत सेक्टर अध्यक्ष और महासचिव मौजूद रहे।

## शारदीय नवरात्र का भव्य शुभारंभ, हवन से हुई शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** हरिहर चंडी मेला समिति की ओर से सोमवार को चंडी मंदिर प्रांगण में शारदीय नवरात्र का शुभारंभ हवन-यज्ञ के साथ हुआ। प्रथम नवरात्रि पर सुबह आठ बजे पटेल जजमान परिवार ने नौ दिन तक चलने वाले इस विशेष हवन की शुरुआत की।

मुख्य यजमान शेखर सिंहल व नेहा सिंघल के परिवार ने इस अवसर पर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति के अध्यक्ष अखिलेश मित्तल ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी दोनों नवरात्रों में नौ-नौ दिनों तक विशेष आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में सजावटी लाइटों की व्यवस्था, पुख्ता सफाई और बंदरों से बचाव के लिए लंगूरों का प्रबंध किया गया है ताकि किसी भी तरह की परेशानी न हो। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष केशव शर्मा, मंत्री राहुल मित्तल, विजयपाल रोहिल्ला सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### युवक पर जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ़्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

धौलाना थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि धौलाना पुलिस द्वारा युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी संदीप उर्फ लाला पुत्र नन्दू उर्फ नन्द किशोर शर्मा निवासी ग्राम करनपुर जट्ट थाना धौलाना जनपद हापुड को जारचा बार्डर बम्बे की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गर्भवती महिला के साथ दहेज उत्पीड़न का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के सद्दीकपुरा मोहल्ले में दहेज उत्पीड़न और मारपीट का एक गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर उसके पति सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता फरीन के अनुसार, उसकी शादी जुलाई 2021 में गाजियाबाद निवासी शोयब के साथ हुई थी, जिसमें परिवार ने बारह लाख रुपये खर्च किए थे। हालांकि, शादी के बाद उसके पति शोयब, सास कोशर, जेठ वसीम, जेठ अशरफ, नन्द शहाना और नन्दोई आजम ने अतिरिक्त पांच लाख रुपये और एक कार की मांग शुरू कर दी। तीन बच्चों की मां और आठ माह की गर्भवती फरीन ने आरोप लगाया है कि मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने उसे बार-बार मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसने यह भी बताया कि दस सितंबर को अस्पताल से लौटने पर पता चला कि उसका पति शोयब पड़ोस की एक लड़की को साथ लेकर फरार हो गया है, जिसका अब तक कुछ पता नहीं है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। महिला अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### विधायक ने मुख्य बाजार व्यापारी व ग्राहकों से की वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** जीएसटी घटाए जाने से हुए लाभ गिनाने को विधायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मुख्य बाजार में व्यापारी और ग्राहकों से वार्ता करते हुए किसानों को कृषि उपकरणों की खरीद में मिली राहत के विषय में भी जानकारी दी। प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी में कटौती किए जाने से भाजपा कार्यकर्ता पूरी तरह गदगद हो रहे हैं। जिन्होंने सोमवार को क्षेत्रीय विधायक हरेंद्र तेवतिया के नेतृत्व में गढ़ के मुख्य बाजार समेत सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर व्यापारी, ग्राहक और किसानों से वार्ता की। जिन्होंने बड़ी गर्मजोशी के साथ भाजपाइयों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री का तहेदिल से आभार जताया। विधायक ने कहा कि जीएटसी में कटौती किए जाने से छोटे व्यापारियों के साथ ही घरेलू सामान और जीवन रक्षक दवा खरीदने वाले ग्राहकों को बड़े स्तर पर राहत मिली है। विधायक ने बताया कि ट्रैक्टर समेत अन्य कृषि उपकरणों की खरीद करने वाले किसानों को भी जीएसटी की दरों में कटौती होने से बड़ी राहत हुई है। दिनेश गर्ग, अर्जुन ठाकुर, गोपाल ठाकुर, करन गौतम, शोभित ठाकुर, भूषण पंडित, रोहित मल्होत्रा, पूर्व चेयरमैन रामौतार राजौरा दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किसान को गोली मारने के मामले में तीसरे दिन आई तहरीर, अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गर्दन में गोली लगने से घायल हुए किसान की हालत अब खतरे से बाहर होने पर परिजनों द्वारा घटना के तीसरे दिन तहरीर देकर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया गया है। जांच में जुटी पुलिस बहुत जल्द घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। गढ़ क्षेत्र के गांव मानकचौक में शनिवार की दोपहर को मंडी में नींबू बेचकर किसान तस्वीर सिंह पिंटू अपने खेत पर स्थित नलकूप में खाली क्रेट रखने पहुंचा था। जहां अज्ञात हमलावरों द्वारा हत्या करने की नीयत से उसकी गर्दन में गोली मार दी गई थी। जहां चिकित्सकों द्वारा ऑप्रेशन कर शरीर में फंसी गोली बाहर निकाले जाने से घायल किसान की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है, किसान तस्वीर की हालत में सुधार होने पर घटना के तीसरे दिन उनके छोटे भाई कश्मीर सिंह ने कोतवाली में पहुंचकर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी है। सीओ स्तुति सिंह का कहना है कि गोली लगने से घायल किसान के भाई की तहरीर पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर अज्ञात हमलावरों की सुरागरसी कराई जा रही है। हमलावरों को बहुत जल्द गिरफ्तार कर घटना में उपयोग किया गया हथियार बरामद कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# नवरात्रि: मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन सोमवार को मंदिरों में कलश स्थापना की गई। कलश पूजन के लिए सुबह से ही मंदिरों व पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह छह से आठ बजे के शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी को लाल चुनरी चढ़ाने मंदिरों में पहुंचे।

देवी की पूजा व दर्शन के लिए दिनभर श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी कलश स्थापना की। इसके अलावा सेक्टरों व सोसायटियों में देवी दुर्गा को समर्पित पंडालों में प्रतिमाएं स्थापित की गई। शहर भर के पंडालों में ढोल-नगाड़ों व वाद्य यंत्रों के साथ प्रतिमाएं स्थापित की गईं। नौ दिनों तक देवी के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी।

शहर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। दिनभर श्रद्धालु भक्तिगीतों में डूबे रहे। मंदिरों व पंडालों को विशेष फूलों व रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। शाम होते ही मंदिर व पंडाल रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठे। शाम 6 बजे से ही पंडालों में दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।



**कीर्तन के माध्यम से होगी देवी मां की आराधना:** सेक्टर 40 स्थित शक्तिधाम मंदिर में देवी माँ की विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद कलश स्थापना और दीप प्रज्वलन किया गया। भीड़भाड़ से बचने के लिए भक्तों के दर्शन हेतु अलग-अलग कतारें लगाई गईं। व्रत के फल वितरित किए गए। पहले दिन देवी माँ का शैलपुत्री के रूप में श्रृंगार किया गया। पूरे नवरात्रि में देवी के नौ स्वरूप सजे रहेंगे। भक्त नौ दिनों तक नौ देवियों के दर्शन कर सकेंगे।

**मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचे:** भक्तों ने माँ वैष्णो देवी के दर्शन के लिए सेक्टर 20 स्थित हनुमान मंदिर का रुख किया। भक्तों ने सिंह द्वार से गुफा में प्रवेश किया और माँ वैष्णो देवी के दर्शन किए। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों ने भजन कीर्तन भी किया। देवी माँ को व्रत का भोग लगाया गया। नवरात्रि के दौरान, मंदिर सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक भक्तों के लिए खुला रहेगा, जिससे भक्त किसी भी समय दर्शन कर सकेंगे।

**दुर्गा सप्तशती के पाठ के साथ पूजा-अर्चना:** सेक्टर 2 स्थित लाल मंदिर में दुर्गा सप्तशती के पाठ के साथ माँ दुर्गा की पूजा की जा रही है। पहले दिन देवी शैलपुत्री की प्रतिमा की पूजा की गई और घट स्थापना की गई। अष्टमी तक चंडी पाठ जारी रहेगा। मंदिर को विशेष रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया है। मंदिर में प्रतिदिन भजन और कीर्तन होंगे। भक्तों को भोजन वितरित किया जाएगा।

# डॉ.महेश शर्मा ने गणेश पूजन के साथ किया 12 दिवसीय लीला मंचन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ महोत्सव के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री व क्षेत्रीय सांसद डा. महेश शर्मा एवं अनिल सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा व संस्था के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

श्रीरामलीला मंचन की शुरूआत श्री गणेश वंदना एवं गणेश पूजन के साथ हुई। गणेश वंदना में कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रथम दृश्य में दिखाया गया कि नारद जी को अहंकार हो जाता हैं और भगवान अपने भक्त के अहंकार का समूल नाश करते हैं। भगवान विष्णु अपनी माया से एक माया नगरी बनाते हैं,जिसमें विश्वमोहनी नाम की राजकुमारी का स्वयंवर होता है।

नारद जी उस कन्या पर मोहित होकर उससे विवाह करना चाहते हैं और भगवान से सुन्दर स्वरूप मांगते हैं लेकिन भगवान उनको बंदर का स्वरूप प्रदान करते हैं।जब वह सभा में पहुंचते हैं तो शिवगण उनका मजाक उड़ाते हैं और वह कन्या भगवान विष्णु के गले में वरमाला डाल देती है।उपहास से क्रोधित नारद जी भगवान को श्राप दे देते हैं। इधर लंका का राजा रावण राक्षसों के साथ ऋषि मुनियों पर अत्याचार करता है। इसी के साथ प्रथम दिवस की रामलीला का समापन भगवान की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



**नोएडा।** श्री सनातन धर्म रामलीला का शुभारंभ करते गौतम बुध नगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, पूर्व विधायक विमला बाथम, कैप्टन विकास गुप्ता, नोएडा महानगर अध्यक्ष भाजपा, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुंदर सिंह राणा सहित रामलीला कमेटी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नोएडा के स्ट्रीट वेंडर्स को वेंडर जोन से मिली राहत

**ग्रेटर नोएडा।** रबूपुरा के रेहड़ी-पटरी वालों को अब धूप, बारिश और धूल से राहत मिलेगी। नगर पंचायत ने रामोत्सव मैदान के किनारे वेंडर जोन में 42 लाख रुपये की लागत से 47 दुकानें बनवाकर रेहड़ी-पटरी वालों को सौंप दी हैं। इससे न केवल रेहड़ी-पटरी वालों को मौसम की मार से राहत मिलेगी, बल्कि ग्राहकों को खरीदारी का बेहतर अनुभव भी मिलेगा। शहर के महाराणा प्रताप चौक पर रेहड़ी-पटरी वाले लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे थे। बारिश हो, आंधी हो या धूप, उन्हें रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ता था। हालांकि, अब स्थायी वेंडर जोन में दुकान मिलने से रेहड़ी-पटरी वालों में खुशी का माहौल है। जूस विक्रेता आरिफ ने बताया कि दिन भर छाता लेकर सड़क किनारे खड़े रहना मुश्किल था। अक्सर ट्रैफिक जाम की समस्या रहती थी।

# गणेश पूजन के साथ सेक्टर 46 की रामलीला का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी सेक्टर 46 के द्वारा सोमवार को रामलीला के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने पूजा पाठ के बाद जहां रामलीला का शुभारंभ किया वहीं उन्होंने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज से अच्छाई पर बुराई का प्रतीक त्योहार दशहरा पर्व का शुभारंभ हुआ है, 2 अक्टूबर को अच्छाई पर बुराई की हार होगी। और उसे दिन रावण, मेघनाथ कुंभकरण के पुतले दहन किया जाएंगे।

इस अवसर पर रामलीला संयोजक पंडित कृष्ण स्वामी ने बताया कि रामलीला में गणेश पूजन से रामलीला का शुभारंभ हुआ इसके बाद दशरथ समबरासुर के बीच युद्ध हुआ।



इतना ही नहीं कैकई द्वारा राजा दशरथ के प्राणों की रक्षा तथा दशरथ द्वारा की गई को दो वर देने का वचन और दशरथ दरबार व पुतरष्टि यज्ञ का आयोजन किया।

इस बार रामलीला में नए कलाकारों को मौका दिया गया है ,खासकर इसमें नोएडा के रहने वाले कलाकार भी शामिल है।

आयोजन समिति की तरफ से चेयरमैन मनोज अग्रवाल ( सीएमडी प्रिया गोल्ड), वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन, पूनम सिंह, अध्यक्ष विपिन अग्रवाल, महासचिव गिर्राज अग्रवाल,कोषाध्यक्ष सीईए मनोज अग्रवाल, पं कृष्णा स्वामी, मेला संयोजक संजय गोयल, आलोक गुप्ता, गौरव कुमार यादव, रामवीर यादव , अशोक गोयल, विकास बंसल , संदीप अग्रवाल, सुशील कुमार सिंघल, पीयूष गोयल, कार्तिक मिश्रा, सुशील गुप्ता, पीयूष द्विवेदी, शरद कुमार सिन्हा, अभिषेक जैन, डॉ कपिल सिंघल, कुलदीप गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, गौरव मित्तल, पवन अग्रवाल, नवीन सोनी, सौरभ अग्रवाल, बिमलेन्दु कुमार, सुनील जैन, गौरव छावड़ा, श्रीधर गोयनका, राम अवतार सिंह, अखिल जैन, विजय अग्रवाल, अरुण गोयल, विकास जैन, दीपांशु अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सात खाद्य पदार्थों के नमूने किए संग्रहित

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** आगामी नवरात्रि एवं दशहरे के पर्वो के दृष्टिगत जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर रहे हैं।

इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी सय्यद इबादुल्लाह, विशाल कुमार गुप्ता एवं अमर बहादुर सरोज की टीम द्वारा सेक्टर-62 नोएडा स्थित आनंद डेयरी से बफैलो मिल्क एवं डबल टॉन्ड मिल्क का 01-01 नमूना, इंपीरियल स्पाइसेज रेस्टोरेंट से टोमैटो ग्रेवी व पनीर का 01-01 नमूना लिया गया।इसी टीम द्वारा दादरी स्थित सिंघल बेकरी से पाइन एपल कैक का 01 नमूना तथा सुपरटेक इको विलेज बिसरख स्थित फरहान खान के स्टोर से कुट्टू आटा का एक नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविन्द्र नाथ वर्मा द्वारा जेवर चौराहा स्थित मिठाई की दुकान से सोन पापड़ी का 01 नमूना लिया गया। इस प्रकार कुल 07 नमूने संगहीत कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के निर्देशन में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके।

### भगवान परशुराम भवन बनाने की मांग

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शहर में जल्द ही भगवान परशुराम भवन बनाया जाएगा। सोमवार को सेक्टर 108 स्थित राष्ट्रीय परशुराम परिषद के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विनोद शर्मा के आवास पर हुई बैठक में इस पर सहमति बनी। बैठक में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे। समाज के उत्थान और युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों पर चर्चा हुई।

राष्ट्रीय परशुराम परिषद की कार्यकारिणी का शहर में तेजी से विस्तार हो रहा है। हाल के दिनों में सैकड़ों ब्राह्मण समाज के लोग परिषद में शामिल हुए हैं। ब्राह्मण समाज की बैठक में सभी ने सर्वसम्मति से शहर में परशुराम भवन बनाने पर सहमति जताई। जल्द ही कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।

युवा ब्राह्मणों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता लक्ष्मण शर्मा प्रधान, सुरेश शर्मा, नीरज शर्मा और विनोद शर्मा ने की। बैठक में शामिल एडवोकेट ललित शर्मा और उनकी टीम को भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान अजय शर्मा, ज्ञानेंद्र शर्मा, दिनेश कुमार तिवारी, हरिदत्त शर्मा, मनीष शर्मा, सुधीर शर्मा, महेंद्र शर्मा, राकेश शर्मा, मनमोहन शर्मा, शिंगा पंडित, सतेंद्र शर्मा, दिनेश शर्मा, दीपेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### ग्रेनो प्राधिकरण महाप्रबंधक समेत 13 पदों पर सेवानिवृत्त कर्मियों की सेवा लेगा

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** विकास परियोजनाओं और दफ्तर से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सेवानिवृत्त कर्मियों की मदद लेगा। इसके लिए महाप्रबंधक, सहायक महाप्रबंधक प्रशासन/ सामान्य व लेखपाल समेत 13 पदों पर सेवानिवृत्त कर्मियों की नियुक्ति जल्द की जाएगी। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्राधिकरण अधिकारी के मुताबिक यह नियुक्ति एक निश्चित समयावधि के लिए की जाएगी। इससे कार्यबल की कमी दूर होने के साथ प्राधिकरण को उनके अनुभव का भी लाभ मिलेगा। इससे कामकाज निपटाने में आसानी होगी। दरअसल विभिन्न विभागों में कई महत्वपूर्ण पद पिछले लंबे समय से खाली पड़े हैं। शासन द्वारा रिक्त पदों पर स्थायी अधिकारियों व कर्मचारियों की नियुक्ति न किए जाने से कामकाज प्रभावित हो रहा है।

समय से काम न होने से आवंटियों को दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। ऐसे में मानव संसाधन की कमी को दूर करने के लिए प्राधिकरण ने रिक्त पदों के सापेक्ष 13 पदों पर सेवानिवृत्त कर्मियों को रखे जाने का निर्णय लिया है। बता दें कि पहले भी सेवानिवृत्त कर्मियों की भर्ती की जा चुकी है। प्राधिकरण के कार्मिक विभाग द्वारा जारी की गई सूचना के मुताबिक रिक्त पदों के सापेक्ष महाप्रबंधक प्रशासन/सामान्य के पद पर 1, सहायक महाप्रबंधक प्रशासन/सामान्य के पद पर-1, सहायक प्रबंधक प्रशासन/सामान्य के पद पर-3, सहायक प्रबंधक सिविल-6, कनिष्ठ सहायक के पद पर -1 एवं लेखपाल के 1 पद पर भर्ती की जाएगी। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक सेवानिवृत्त कर्मियों को एक निश्चित अवधि के लिए रखा जाएगा। इच्छुक लोगों को सात दिन के अंदर आवेदन करना होगा। बता दें कि लंबे समय से खाली पड़े पदों पर शासन द्वारा भर्ती न किए जाने सेवानिवृत्त कर्मियों को निश्चित समयावधि के लिए रखकर काम चलाना पड़ रहा है।

# लाइसेंसी रिवॉल्वर से युवक ने खुद को मारी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की चर्चित हाउसिंग सोसायटी आम्रपाली लेजर वैली में आज सुबह बड़ी वारदात हुई। 22 साल के युवक ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। युवक को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। अब तक की जांच में पता चला है कि मानसिक तनाव में युवक ने यह कदम उठाया है। सोसायटी में अचानक गोली चलने की वारदात ने लोगों में हड़कंप मचा दिया।

**पार्क में आधे घंटे तक बैठा रहा युवक:** सोसायटी में अजय कुमार अपने परिवार के साथ रहते है। उनका बेटा प्रियांशु आज सुबह 4 बजे के करीब सोसायटी के पार्क में जाकर बैठ गया। वह आधे घंटे तक यहां बैठा रहा और कुछ सोचता रहा। इसके बाद छात्र घर के अंदर गया और पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर लेकर आया। इसके बाद उसने खुद को गोली मार ली।

**सुरक्षागार्ड मौके पर पहुंचे:** गोली चलने की आवाज सुनकर सोसायटी के सुरक्षागार्ड मौके पर पहुंचे। प्रियांशु खून से लथपथ पड़ा था। सुरक्षागार्ड की तरफ से परिजन व पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

**रिवॉल्वर की जब्त:** फिलहाल पुलिस ने उस रिवॉल्वर को जब्त कर लिया है जिससे युवक ने खुद को गोली मारी। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। परिवार के लोग यह नहीं बता पा रहे है कि आखिर प्रियांशु ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया।

## सेक्टर-34 में 53 लोगों ने रक्तदान किया

**नोएडा।** फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 की ओर से सामुदायिक केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर चाइल्ड पीजीआई नोएडा के सहयोग से किया गया। शिविर में 53 लोगों ने रक्तदान किया। फेडरेशन आरडब्ल्यूए महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा ने उन्होंने अपने जीवनकाल का 44 वाँ रक्तदान करते हुए सेक्टर निवासियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। स्वस्थ व्यक्ति को एक निश्चित समय अंतराल पर अवश्य रक्तदान करना चाहिए रक्तदान से एक ओर जहां किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। वहीं दूसरी ओर नियमित तौर पर रक्तदान करने से मनुष्य को स्वास्थ्य को लाभ मिलता है इस मौके पर चिकित्सक दल द्वारा रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र सम्मानित किया गया।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा संभालेंगे 1030 सीआईएसएफ के जवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था आज से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के हाथ में आ जाएगी। एयरपोर्ट परिसर में होने वाले इंडक्शन प्रोग्राम में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, जिला प्रशासन की मौजूदगी में सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ को सौंपगी। पहले फेज में सीआईएसएफ के 1030 जवान एयरपोर्ट पर तैनात रहेंगे।

इंडक्शन कार्यक्रम के तहत एयरपोर्ट परिसर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ राकेश कुमार सिंह, डीएम मेधा रुपम के साथ सीआईएसएफ के महानिदेशक राजविंदर सिंह भाटी मौजूद रहेंगे। इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज का काम 30 अक्टूबर में पूरा होगा। इसका उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। उद्घाटन से 45 दिन के अंदर 10 शहरों के लिए उड़ान भी शुरू करने की तैयारी है।

**एआई और 350 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी:** सीआईएसएफ के जवान नोएडा एयरपोर्ट परिसर और बाहर लगे 350 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखेंगे। इसके अलावा एआई बेस्ड हाई रेजुलेशन कैमरों से भी सीआईएसएफ सुरक्षा और निगरानी करेगी। एयरपोर्ट से उड़ान शुरू होने से पहले कार्गो हब का काम पूरा होगा।

कुल 2.5 लाख मीट्रिक टन क्षमता के कार्गो हब का ढांचागत कार्य पूरा हो गया है। फिलहाल टेस्टिंग, सिस्टम जोड़ने समेत सरकारी मंजूरी की प्रक्रिया चल रही है।

**डॉकिंग जोन तैयार:** कार्गो हब के इंटीग्रेटेड वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स जोन में 42 ट्रकों की पार्किंग क्षमता वाला केंद्र और 27 भारी वाहनों के लिए डॉकिंग जोन तैयार हो चुके हैं। यह भारत के सबसे बड़े कार्गो हब में एक होगा, जहां कार्गो टर्मिनल के साथ फल-सब्जियों और दवाइयों के लिए अलग कोल्ड स्टोरेज , कूरियर टर्मिनल, विदेशी माल के लिए वेयरहाउस, ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक पार्क, ड्राइवरों के आराम के लिए सेंटर आदि सुविधाएं होंगी।

# ग्रेनो में पहली बार तीन ई-चार्जिंग स्टेशन तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। ग्रेटर नोएडा में पहली बार तीन चार्जिंग स्टेशन बनकर तैयार हो गए हैं। ये चार्जिंग स्टेशन सिटी पार्क, नॉलेज पार्क स्थित जीएनआईओटी और शारदा विश्वविद्यालय के पास बनाए गए हैं। इन चार्जिंग स्टेशनों से यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने में भी सुविधा हो गयी है। ये तीनों चार्जिंग स्टेशन स्थाई रूप से तैयार किए गए हैं, जिससे कि ट्रेड शो के बाद भी इलेक्ट्रिक वाहन चार्ज हो सकेंगे।

ग्रेटर नोएडा में ई-चार्जिंग स्टेशन न होने से इलेक्ट्रिक वाहन स्वामियों को चार्जिंग के लिए परेशान होना पड़ रहा था। ट्रेड शो में भी सवारियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक




बसें लगाई गई हैं। इनके चार्जिंग को लेकर चौलेंज था। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने यूपीआईटीएस-2025 शुरू होने से पहले चार्जिंग स्टेशन तैयार करने के निर्देश दिए। एसीईओ प्रेरणा सिंह की निगरानी में प्राधिकरण के अर्बन सर्विस विभाग ने एनपीसीएल के सहयोग से तीन जगहों पर ई-चार्जिंग स्टेशन का काम शुरू कराया। ये तीनों चार्जिंग स्टेशन अब बनकर तैयार हो गए हैं। ग्रेटर नोएडा के सिटी पार्क, नॉलेज पार्क स्थित जीएनआईओटी और शारदा विश्वविद्यालय के पास बने तीनों ही चार्जिंग स्टेशनों पर वाहनों की चार्जिंग शुरू हो गई है। अब ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वाले वाहन स्वामियों के साथ ही ट्रेड शो आने वाली इलेक्ट्रिक बसों व अन्य वाहनों की चार्जिंग की सुविधा हो गई है। इससे ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने जरूरत के अनुसार और भी चार्जिंग स्टेशन बनवाने की बात कही है।

# सेक्टर 150 में मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र खुलेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र की संख्या बढ़ेगी। इसके तहत सेक्टर 150 में एक और ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र खुलेगा। इससे नोएडा रहने वाले लोगों को सुविधा होगी। लोगों को दादरी तक की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। अभी तक ग्रेटर नोएडा में दो प्रशिक्षण केंद्र हैं और दोनों ही दादरी में हैं। प्रदेश सरकार के निर्देश पर सभी जिलों में निजी मोटर प्रशिक्षण केंद्र बनाने के लिए आवेदन मांगे गए थे। इसी कड़ी में गौतमबुद्ध नगर में में दो मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र चालू हो गए हैं। पहला केंद्र दादरी के पास बिसहाड़ा में मैसर्स शिवम मार्वल मोटर प्रशिक्षण केंद्र हैं।

इस केंद्र को बीते साल 24 जुलाई को मान्यता दे दी गई थी और एक अगस्त से ड्राइविंग लाइसेंस के लिए परीक्षा समेत अन्य प्रक्रिया शुरू हो गई थी। वहीं, दादरी में ही मैसर्स वाईबी बिल्डर्स ड्राइविंग प्रशिक्षण एवं परीक्षण केंद्र शुरू हो गया है। यह केंद्र दादरी बाईपास के पास स्थित है। आरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि सेक्टर 150 में भी निजी मोटर प्रशिक्षण केंद्र शुरू होगा। बड़ी संख्या में लोग ड्राइविंग परीक्षा के लिए लंबी दूरी नहीं तय करना चाहते हैं। ऐसे में इस केंद्र के खुलने से नोएडा में रहने वाले लोगों को आसानी होगी। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के लिए मुख्यालय स्तर पर प्रक्रिया चल रही है। वहीं ग्रेटर नोएडा वेस्ट में भी एक केंद्र खुलने की प्रक्रिया में है। इस तरह से जिले में निजी मोटर प्रशिक्षण केंद्र की संख्या बढ़कर चार हो जाएगी। पहले परिवहन विभाग के पास में थी परीक्षा की जिम्मेदारी बीते साल एक अगस्त से पहले तक सेक्टर 33 स्थित सहायक संभागीय परिवहन विभाग के पास में स्थाई ड्राइविंग लाइसेंस परीक्षा की जिम्मेदारी थी।

# भाकियू के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के गांव रौनीजा में भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 55वें दिन भी जारी रहा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज के नेतृत्व में यह आंदोलन चल रहा है।

किसान नेताओं का प्रतिनिधिमंडल जिला मुख्यालय पहुंचा। उन्होंने जिलाधिकारी से मुलाकात कर किसानों की समस्याएं रखीं। प्रतिनिधिमंडल ने खाद और बीज की कमी की समस्या बताई। बिजली विभाग से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा की। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर 22ई में जेबीएम यूनिवर्सिटी द्वारा हो रहे अनियमित जल दोहन का मुद्दा भी उठाया।

संगठन के अनुसार 55 दिनों में किसानों से कोई सार्थक वार्ता नहीं हुई है। इससे किसानों में नाराजगी है। उनका आरोप है कि जिला गौतमबुद्ध नगर में किसानों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है।

जिलाधिकारी ने प्रतिनिधियों की मांगों को सुना। उन्होंने जल्द वार्ता का आश्वासन दिया। धरने में सतीश मुखिया, सुनील प्रधान, सतेंद्र सिंह, रविंदर सिंह, नरेश भाटी, लो. केश भाटी (खैमी पहलवान), अमित गोड, संत महेंद्र और गजब सिंह मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# जैविक खेती में आगे निकला दादरी का बंबावड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी क्षेत्र का बंबावड़ गांव जैविक खेती का मॉडल बन गया है। गांव के 450 किसानों में से 400 से अधिक किसान पूरी तरह जैविक खेती कर रहे हैं। इस प्राकृतिक तरीके से किसानों को बेहतर मुनाफा मिल रहा है।

कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार, परंपरागत खेती में गेहूं और धान का उत्पादन प्रति एकड़ 16-17 क्विंटल होता है। बंबावड़ के किसान जैविक खेती से 19-20 क्विंटल प्रति एकड़ तक उत्पादन कर रहे हैं। कृषि अधिकारियों ने बताया कि गांव की मिट्टी में जैविक तत्व अधिक मात्रा में हैं। यही उत्पादन बढ़ने का प्रमुख कारण है।

प्रशासन बंबावड़ को जैविक गांव घोषित करने की तैयारी कर रहा है। जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार और कृषि रक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने गांव में किसान पाठशाला का आयोजन किया। इसमें बाकी किसानों को भी जैविक खेती के लिए प्रेरित किया गया।

गांव में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) बनाया जा रहा है। इससे किसान सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। साथ ही खेती के साथ व्यापार भी कर सकेंगे। गांव के 20 किसानों को सहभागी गारंटी प्रणाली (पीजीएस इंडिया) से जैविक प्रमाणपत्र मिल चुका है। बंबावड़ की सफलता को देखते हुए अब अन्य गांवों में भी जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।

# क्रिश बायोमेडिकल्स ने खोला मेडिकल डिवाइस पार्क

## यीडी में अपना विनिर्माण संयंत्र खोला, बायोमेडिकल क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्रतिष्ठित लैबोरेटरी और ब्लड बैंक उपकरण निर्माता, क्रिश बायोमेडिकल्स, ने सोमवार को मेडिकल डिवाइस पार्क, यमुनाएक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल एंड इकोनॉमिक डिवेलपमेंट अथॉरिटी में अपने अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन के साथ ही क्रिश बायोमेडिकल्स ने बायोमेडिकल क्षेत्र में पहला कदम रखा है और यमुनापार के मेडिकल डिवाइस पार्क में विनिर्माण इकाई स्थापित करने वाला पहला उद्योग बन गया है। यह पार्क भारतीय स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विकास के लिए एक अहम कदम साबित होगा।

2007 में स्थापित क्रिश बायोमेडिकल्स ने हमेशा नवीनतम




बायोमेडिकल समाधान प्रस्तुत किए हैं। कंपनी की प्रमुख पेशकशों में एआई-सक्षम डेटा मॉनिटरिंग, आरएफआईडी-आधारित सुरक्षा प्रणाली, और सटीक इंजीनियर्ड लैबोरेटरी तथा ब्लड बैंक उपकरण शामिल हैं। होरीबा, थर्मोफिशर, डायसिस, स्नाइब और हेल्मर जैसी वैश्विक कंपनियों के साथ साझेदारी करते हुए, क्रिश बायोमेडिकल्स ने भारतीय स्वास्थ्य संस्थानों और लैबोरेटरीज के लिए विश्वास और नवाचार की मिसाल पेश की है। नया संयंत्र कंपनी के घरेलू विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने, आयात निर्भरता कम करने और भारत को वैश्विक बायोमेडिकल उद्योग में एक मजबूत स्थिति देने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। यह संयंत्र अत्याधुनिक उत्पादन प्रणालियों से सुसज्जित है, जो हेल्थकेयर प्रदाताओं की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विश्वस्तरीय उपकरण बनाने पर केंद्रित होगा।

# बदमाशों ने दर्जनों पेट्रोल पंप पर लगाए अपने क्यूआर कोड

## पूरी घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद, पुलिस आरोपियों की तालाश में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार देर रात बाइक सवार बदमाशों ने करीब 15 पेट्रोल पंप से असली क्यूआर कोड के ऊपर अपना क्यूआर कोड चिपका दिया। इसके बाद 150 से ज्यादा ग्राहकों के पेमेंट उनके खाते में ट्रांसफर भी हो गए।

पूरी वारदात पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सुबह जब कर्मचारी ने चेक किया कि क्यूआर के जरिए पैसे खाते में नहीं आ रहे हैं। तब क्यूआर कोड को चेक किया गया तो पता चला कि ये किसी दूसरे बैंक का क्यूआर है। शक होने पर पंप मालिक कमलेश राणा और उनके बेटे विवेक राणा ने फुटेज चेक की तो फ्रॉड की पूरी वारदात का खुलासा हुआ।

इसके बाद उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। विवेक राणा ने बताया कि शनिवार रात से रविवार सुबह तक 150 से ज्यादा लोगों ने बारकोड से पेमेंट किया है, लेकिन यह जांच की जा रही है कि उनके खाते में कितनी रकम पहुंची। पूरा मामला जनपद के दोघट थाना क्षेत्र का है, जहां रविवार देर रात दो अज्ञात युवकों ने इलाके के करीब 10 से 15 पेट्रोल पंपों के क्यूआर कोड पर अपना क्यूआर कोड चिपका दिया, जिसके बाद करीब 150 लोगों का पेमेंट उनके खाते में पहुंच गए। पेट्रोल पंप चौधरी फीलिंग सेंटर पुसार में 10 से अधिक ग्राहकों से ठगी हुई है।





समय रहते पेट्रोल पंप पर तैनात कर्मचारी राहुल राजेश अलर्ट हो गए। यहां पर केवल 500 से अधिक रुपयों की ठगी हुई है। कर्मचारी राहुल शर्मा ने बताया कि शनिवार की रात 12:20 पर दो बाइक सवार पेट्रोल पंप पर आए और पेट्रोल पंप लगे क्यूआर कोड के ऊपर अपना क्यूआर कोड लगा दिया। हालांकि, पेट्रोल पंप पर तैनात सीनियर सेल्समैन राजेश को उस समय भनक लग गई, जब तीन ग्राहकों ने पेट्रोल लेकर क्यूआर कोड के जरिए भुगतान किया। इसके बाद भी पेट्रोल पंप पर लगे क्यूआर कोड से लिंक्ड बैंक में पैसे नहीं आए। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि रात में दो युवक बाइक से पंप पर पहुंचे। उनमें से एक युवक ने कुछ ही सेकेंड में असली क्यूआर कोड के ऊपर नकली कोड चिपकाया और दोनों फरार हो गए। सुबह जब ग्राहकों ने पेट्रोल डलवाने के बाद पेमेंट किया तो रुपए पंप मालिक के खाते में नहीं पहुंचे। वहीं, दाहा गांव में स्थित दूसरे पेट्रोल होशियार देवी फिलिंग सेंटर में भी साइबर ठगी हुई। यहां के कर्मचारी विनोद ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में दो बाइक सवार युवक पेट्रोल पंप पर आते दिखाई दिए। उन्होंने पेट्रोल पंप पर लगे क्यूआर के ऊपर अपना फर्जी क्यूआर कोड लगा कर चले गए। ऐसी घटना पहले भी बागपत में हो चुकी है। दाहा गांव में एक किराना दुकानदार की दुकान पर भी किसी ने फर्जी क्यूआर कोड चिपका दिया था। कई घंटे तक दुकान पर होने वाले सभी पेमेंट उस खाते में जाते रहे, जिसका बारकोड लगाया गया था। सीओ विजय कुमार का कहना है कुछ पेट्रोल पंप मालिकों ने इस संबंध में दोघट थाने पर तहरीर दी है। मौके पर पुलिस भेजकर सीसीटीवी कैमरे फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही पेट्रोल पंप पर तैनात कर्मचारियों से भी गहनता से पूछताछ की जाएगी, क्योंकि पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों की भी कुछ जिम्मेदारी होती है। जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

## बालिकाएं मोबाईल का ज्यादा प्रयोग न करें: दादी प्रकाशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** थाना परिसर में सोमवार को महिला शक्ति केंद्र का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मिशन शक्ति अभियान के तहत हुई गोष्ठी में नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन पर बल दिया गया।

गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची वयोवृद्ध निशानेबाज दादी प्रकाशी तोमर ने कहा कि बालिक. ाओं को किशोरावस्था से ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए लगन से कठिन परिश्रम चाहिए। उन्होंने बालिकाओं को सतर्क करते हुए कहा कि वे मोबा. इल का ज्यादा प्रयोग ना करें। इससे पूर्व उन्होंने थाना परिसर में बने महिला शक्ति केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा के संचालन में हुई गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि डा.अनिल आर्य, महिला एसआई शीलेश चौधरी, एसआई दीप शिखा, एसआई नीलकांत, राहुल, वीप्रधानाचार्य तेजवीरी देवी, गुड़िया खोखर, श्यामबाला, प्रवीण लता, सोनू भारद्वाज आदि ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान करीब दस विद्यालयों से आई बालिकाओं को एसएसआई नरेश चंद यादव ने मिशन शक्ति व हेल्पलाइन नंबर लिखे पत्रक वितरित किए।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 17वीं अर्धवार्षिक बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को जनपद में केंद्र सरकार के कार्यालयों, संस्थानों एवं उपक्रमों में हिंदी राजभाषा के प्रयोग को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन कार्यालय गाजियाबाद के सहायक निदेशक कार्यान्वयन अजय कुमार चौधरी ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 17वीं अर्धवार्षिक बैठक में शामिल हुए।

बैठक में समिति के सदस्य कार्यालयों में केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों, बैंकों और बीमा संस्थानों में कार्यालयीन हिंदी के प्रयोग का मूल्यांकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं हिंदी गान के साथ हुआ। हिंदी गान की मधुर प्रस्तुति ने माहौल को राष्ट्रभाषा प्रेम से ओतप्रोत कर दिया, और अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट से किया गया। चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य संस्थान के संयुक्त आयुक्त डा.संदीप कुमार सिंह ने स्वागत संबोधन में संस्थान के कार्यों एवं हिंदी राजभाषा के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## थाना चांदीनगर परिसर में हुआ मिशन शक्ति केंद्र का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** चांदीनगर थाना परिसर में सोमवार को मिशन शक्ति केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र का उद्घाटन ग्राम ढ़िकोली की 14 वर्षीय नेशनल शूटर दिवाशा ढाका ने किया। दिवाशा केंद्रीय विद्यालय चांदीनगर में कक्षा-8 की छात्रा है।

दिवाशा ने 3 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता में पुरस्कार जीता था। इसी उपलब्धि को देखते हुए उन्हें मिशन शक्ति केंद्र का रिबन काटने का अवसर दिया गया। मनोज ढाका की पुत्री दिवाशा ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से जिले का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय, थाना अध्यक्ष अतर सिंह मौजूद रहे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिलाएं और ग्रामीण भी उपस्थित थे। एसपी राय ने कहा कि दिवाशा समाज के लिए प्रेरणा हैं। मिशन शक्ति केंद्र का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित और सशक्त बनाना है। गांव के लोगों और विद्यालय के शिक्षकों ने दिवाशा को बधाई दी। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन द्वारा एक युवा छात्रा को यह सम्मान देना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।



## एक नजर

### संतनगर की पहलवान नीलम तोमर ने जीता रजत पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** हरियाणा के करनाल में हुई ऑल इंडिया पुलिस कुश्ती क्लस्टर प्रतियोगिता में संतनगर गांव की महिला पहलवान नीलम तोमर ने दमदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। पदक जीतने पर स्वजन व ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है। हरियाणा के करनाल जनपद के मधुबन स्थित वाचर स्टेडियम में 20 से 24 सितंबर तक चलने वाली वी आल इंडिया पुलिस कुश्ती क्लस्टर में संतनगर की महिला पहलवान नीलम तोमर ने 76 किग्रा.भार वर्ग में यूपी पुलिस का प्रतिनिधित्व करते हुए सेमी फाइनल मुकाबले में राजस्थान पुलिस की मनु तोमर पटखनी देकर फाइनल में पहुंची। फाइनल में हुए कांटे के संघर्ष में सीआईएसएफ की मंजू से एक अंक के अंतर से हारकर रजत पदक जीता। पदक जीतने पर नीलम को जहां अप पुलिस के अधिकारियों ने साधुवाद दिया। वहीं इस उपलब्धि पर लक्ष्मी देवी, रामबीर सिंह, ग्राम प्रधान फिरोज खान, पूर्व प्रधान जरीफ, रालोद पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष धीरज उज्ज्वल, राजू तोमर सिरसली, सुधीर तोमर, इनाम कुरैशी, इकराम कुरैशी, दीपक शर्मा एडवोकेट, मास्टर अरुण त्यागी आदि ने भी हर्ष व्यक्त किया है।

## लंबे समय से वेतन न मिलने पर आउटसोर्स कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को विद्युत विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों में कंप्यूटर ऑपरेटर और अन्य पदों पर कार्यरत स्टाफ शामिल है।

कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता जगदीश चंद्र यादव से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। उन्होंने बताया कि लंबे समय से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। इससे उनके परिवारों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता का कहना है कि आउटसोर्सिंग कंपनी को पत्र भेजकर कर्मचारियों का वेतन जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चेता. वनी दी है कि समय पर वेतन नहीं देने पर कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। कर्मचारियों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद उन्हें वेतन नहीं मिल रहा है। अधीक्षण अभियंता ने सभी कर्मचारियों को आश्वासन दिया है कि उनका वेतन जल्द ही जारी करवाया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान गौरव तोमर, कार्तिक शर्मा, विकास तोमर, संजय, शारूख, अजय, दीपक, सुनील, वेदप्रकाश तोमर आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



## भाजपा अवसरवादी पार्टी है जो आंखे बंद कर जनता का शोषण करती है:रामहरि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में एक बैठक करने के बाद सोमवार को शहर अध्यक्ष राम हरि पवार ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि जहां एक तरफ भाजपा सरकार जीएसटी की दरे घटाकर बचत महोत्सव मनाने का काम कर रही है। वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा कि विगत लम्बे समय से जीएसटी की भारी दरो की मार से व्यापारी व देश का आम नागरिक त्रस्त हुआ है।

पंवार ने अब तक जनता को गुम. राह कर इसे लूट महोत्सव बताया। जनता की कमर टूटी है, कहा भाजपा अवसरवादी पार्टी है जो आँखे बंद कर जनता का शोषण करती है, जिसके पास कोई नीतिया नहीं है। बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार चरम पर है। देश भारी कर्ज में डुबा हुआ है। यमुना नदी के किनारे भारी संख्या में यमुना नदी में किसानो की जमीन पर कहर बरपाया था। किसान भुखमरी के पगार पर आ गया था। आज तक सरकार द्वारा कोई भी संपूर्ण तरीके से मुआवजा किसानों के खाते में नहीं भेजा गया। कांग्रेस पार्टी यमुना नदी पर बांध बनवाने की केंद्र व प्रदेश सरकार से मांग करती है। अगर किसानों की समस्याओं का केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस पाटी सड़कों पर उतरकर धरने प्रदर्शन करेगी। उन्होने कहा किसान आज आत्महत्या करने पर मजबूर है। बदहाल आर्थिक स्थिति के चलते बेटियो की शादी समय से नही हो पा रही है। कांग्रेस ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसमें हर वर्ग का हित सुरक्षित है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी ओमकार दत्त शर्मा सुभाष शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिवार के सदस्यों के लिए फैमिली आईडी कैम्प आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशों में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, बागपत द्वारा ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, कलेक्ट्रेट बागपत के सहयोग से भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए फैमिली आईडी पीएम सूर्य घर योजना, आयुष्मान कार्ड योजना बनाने हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में जनपद ऐसे भूतपूर्व सैनिक एवं उनके पारिवारिक सदस्य, जिनके राशन कार्ड अभी तक फैमिली आईडी से जुड़े नहीं हैं, उन्हें फैमिली आईडी से जोड़ने हेतु आवे. दन करने का अवसर प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर निर्देश दिए कि इस कैंप के माध्यम से भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को सरकारी सुविधाओं का लाभ समय पर और सरल तरीके से दिया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि आवेदन प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और सहज हो, ताकि कोई भी पात्र परिवार सुविधा से वंचित न रहे। इस कैम्प में भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और अधिकारियों द्वारा उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया।

## केयरटेकरों का भुगतान समय से किया जाए:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि केयरटेकर का भुगतान समय से किया जाए ताकि वे मनोयोग से जिम्मेदारी निभा सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता केवल बुनियादी ढांचे से नहीं आएगी, बल्कि इसके लिए जन-जागरूकता भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर बनाया जाए और हर पंचायत में लोगों को समझाया जाए कि गंदगी से बीमारी और स्वच्छता से खुशहाली आती है। बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि जनपद में दो फिकल स्लज मैनेजमेंट इकाइयाँ स्थापित की जाएंगी। इसके बनने से न केवल शौचालयों का सीवर मैनेजमेंट सुधरेगा बल्कि खुले में गंदगी फैलने की समस्या पर भी नियंत्रण मिलेगा। साथ ही विकास खंड स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की मासिक बैठक बीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित करने के निर्देश दिए गए ताकि योजनाओं की निरंतर समीक्षा हो सके। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति के निर्देश भी दिए गए। योजना सहायक/लेखाकार अविश कुमार के कार्य में अनियमितताओं की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई और जांच के आद. ेश दिए। वरिष्ठ कोष अधिकारी की अध्यक्षता में सीडीओ द्वारा नामित अधिकारी पंचायती राज जिला समन्वयक और अन्य अधिकारियों को शामिल किया गया है, जो 15 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि जनपद की प्रमुख नदियों व उनकी सहायक धाराओं के किनारे बसे गांवों में ग्राम गंगा सेवा समितियों का गठन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि यह समितियाँ नदी संरक्षण और साफ-सफाई में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेंगी। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि समिति और विभाग के अधिकारी केवल औपचारिकता न निभाएँ बल्कि पूरे मनोयोग और ईमानदारी से कार्य करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक आंदोलन है, जिसे गांव-गांव तक ले जाना है। अगर हर अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण अपना-अपना दायित्व निभाएँ तो हमारा जनपद पूरे प्रदेश में स्वच्छता का उदाहरण बन सकता है।

## उद्यान मंत्री के साथ जयदेव सिंह 7 दिवसीय भ्रमण के लिए डेनमार्क रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रमाला मिल के उपसभापति व शहद का व्यापार करने वाले अंब्रेसिया कंपनी के मालिक जयदेव सिंह ने सात दिवसीय दौरे पर दिनेश प्रताप सिंह मंत्री उद्यान एवं एग्री एक्सपोर्ट मार्केटिंग फॉरेन ट्रेड एवं अध्यक्ष डेलिगेशन उत्तर प्रदेश सरकार के साथ डेनमार्क गए।

रमाला मिल के उपसभापति जयदेव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार में उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सात दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत डेनमार्क देश के लिए आज रवाना हो गया जिसमें उनके साथ बीएल मीणा एडिशनल चीफ सेक्रेटरी उत्तर प्रदेश सरकार जयदेव सिंह निर्यातक एवं प्रतिनिधि उत्तर प्रदेश भी प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा में केवल उत्तर प्रदेश को वैश्विक कृषि और शहद उद्योग में अग्रणी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी, बल्कि यह इस बात का भी प्रमाण है कि हमारे प्रदेश की धरती से उपजा शहद और कृषि उत्पादन अब पूरी दुनिया की थाली में मिठास और पोषण भरेंगे। हमारा प्रदेश कृषि बागवानी और मधुमक्खी पालन उद्योग को नई पहचान दिलाकर उत्तर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार व निर्यात का सशक्त केंद्र बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। आपको बता दे कि उत्तर प्रदेश के बागपत जनपद के छोटे से गांव कंडेरा मे जन्मे रमाला मिल के उपसभापति जयदेव सिंह ने एक छोटी सी शुरुआत से शहद का व्यापार शुरू करके आज जनपद को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दुनिया में पहचान दिला चुके हैं। उन्होंने अमरे. शिया कंपनी बनाकर लगभग दस हजार लोगों को रोजगार देने का भी काम किया है। जयदेव सिंह वर्तमान में रमाला मिल के उपसभापति के पद पर रहते हुए क्षेत्र के किसानों के लिए उनकी समस्याओं को हल कराने के लिए संघर्षरत है।



## जीएसटी उत्सव में बाजार में दुकानदारों से मिले राज्यमंत्री केपी मलिक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में प्रदेश में राज्य मंत्री केपी मलिक ने पदयात्रा कर लोगों को नए जीएसटी सुधारों के फायदे बताए और नवरात्र पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरें घटने से बाजार मजबूत होंगे, खपत बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने नगर के संजय मूर्ति से होते हुए मुख्य बाजार के प्रत्येक दुकान पर जाकर दुकानदार से मिले और उन्हें फूल भेंट किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को जीएसटी में कमी और आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं देते हुए उनसे आग्रह किया कि वह जीएसटी के लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाये। दुकानों पर जीएसटी बचत उत्सव के स्टीकर भी लगाए गए। राज्य मंत्री केपी मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्र और दीपावली से पहले देशवासियों को बड़ा तोहफा दिया है। भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा के दौरान मंत्री केपी मलिक प्रत्येक दुकानों से गुजरे, तो स्थानीय व्यापारियों ने उन पर फूलों की वर्षा की। मुस्लिम समुदाय समेत सभी वर्गों के लोग इस दौरान मौजूद रहे। केपी मलिक ने व्यापारियों व स्थानीय लोगों से बातचीत की और उन्हें जीएसटी कम होने के फायदे गिनाये। उन्होंने कहा कि त्योहारों के समय में लोग अधिक उत्साह के साथ खरीदारी करेंगे। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रत्येक नागरिकों के सुख-दुख की चिंता है। तभी उन्होंने जीएसटी में सुधार कर देश के प्रत्येक नागरिकों के जीवन को सरल बनाने का कार्य किया है।

## भाजपा सरकार ने नवरात्रि पर दिया किसानों, मजदूरों, व्यापारियों व गरीबों को अच्छा तोहफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश विश्वकर्मा ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश के लोगों को नवरात्रि पर किसानों मजदूरों व्यापारियों गरीबों को नवरात्रि के अवसर पर एक अच्छा तोहफा देने का कार्य किया है। इसी से पता लगता है कि भाजपा में सबका साथ सबका विकास है। भाजपा सभी लोगों को एक साथ मिलाकर चलने का काम कर रही है। इस मौके पर राकेश विश्वकर्मा ने कहा कि उन्नाव में फिर से देश की अखंडता एकता को खतरे की घंटी बजाने का काम किया गया। उन्नाव में सर्तन से जुड़ा के नारे लगाकर एक बार फिर देश की एकता को तोड़ने का काम आ सामाजिक तत्वों ने किया है। समय रहते इस्लामी मानसिकता रखने वाले सामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार को जिहादियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई अमल में लानी चाहिए। नवरात्रि के त्यौहार पर आम लोगों को बड़ा तोहफा मिला है। देश में आज से GST की नई दरें लागू हुई है, तो अब आम लोगों को राहत मिलेगी। समान सस्ते मिलेंगे। इसके तहत अब सिर्फ 5प्रतिशत और 18प्रतिशत के दो स्लैब लागू होंगे, जिससे रोजमर्रा की चीजों की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिलेगी।

## प्लास्टिक का उपयोग बंद कराने के लिए चलाए जाएं अभियान:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की अहम बैठक जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जनपद स्तर पर चल रही स्वच्छता गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ आने वाले समय के लिए ठोस कार्ययोजना पर चर्चा हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि गंदगी का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। एक बीमारी परिवार के आर्थिक बोझ को बढ़ा देती है, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित करती है और मानसिक तनाव भी पैदा करती है। उन्होंने कहा कि अगर हमारे गांव स्वच्छ होंगे तो न केवल बीमारियां कम होंगी बल्कि ग्रामीण समाज स्वस्थ, आत्मनिर्भर और खुशहाल बनेगा। बैठक में जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों में बनाए गए रूरल रिसोर्स सेंटर (आरआरसी) के निष्क्रिय पड़े होने पर नाराजगी जताई और उन्हें तत्काल सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांवों से निर्धारित वाहन द्वारा कचरा नियमित रूप से एकत्रित किया जाए और उसे आरआरसी तक लाकर समुचित प्रबंधन और निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। गीले कचरे से खाद बनाई जाए और सूखे कचरे का निस्तारण कबाड़ियों के माध्यम से किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम पंचायतों में एकल प्रयोग वाली प्लास्टिक का उपयोग बंद कराने के लिए अभियान चलाए जाएं और कूड़ा-कचरा संग्रहण का रजिस्टर हर पंचायत में तैयार कर उसका नियमित निरीक्षण किया जाए। पंचायती राज विभाग द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में 5002 शौचालय निर्माण का लक्ष्य है, जिसमें से 1327 शौचालय पूरे हो चुके हैं। जिलाधिकारी ने इस प्रगति पर असंतोष जताया और गति तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक शौचालयों का संचालन और रखरखाव पूरी जिम्मेदारी से होना चाहिए। शौचालय बंद रहना, ताले लगे रहना या समय पर न खुलना बेहद गंभीर लापरवाही है। यह न केवल योजना की असफलता है बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, ब्लॉक प्रमुख अनीश यादव, प्रतिनिधि प्रवेंद्र धामा, समस्त खंड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।



**सूचना**

मेरे पुत्रो का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र वाजिद,राशिद व उनकी पत्नियों से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
कय्यूम पुत्र जुम्मा निवासी ग्राम मिलाना थाना दोघट तहसील बडौत्त जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र आकाश यादव से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
सतेन्द्र पुत्र गंगाशरण व अनीता पत्नि सतेन्द्र निवासी ग्राम अमीपुर बालैनी थाना बालैनी जनपद बागपत।

# नए युग की दहलीज पर खड़ा आज का भारतः आनंदी बेन पटेल

## सीसीएसयू के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं को वितरित किए 245 पदक







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रदेश की महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति विश्वविद्यालय/राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सोमवार को चौ. चरण सिंह विवि के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय का 37वां दीक्षांत समारोह भव्य रूप से मनाया गया। समारोह में कुल 245 पदक विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं को दिए गए। कुलपति द्वारा राज्यापाल/कुलाधिपति, मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि तथा अति विशिष्ठ अतिथि को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर राष्ट्रगीत गाया गया। कार्यक्रम मे जनपद हापुड़ की 300 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट प्रदान की गई। राज्यपाल ने प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों को पुस्तक भेंट की। राज्यपाल महोदया द्वारा विश्वविद्यालय विभिन्न भवनों का ऑनलाईन लोकार्पण एवं विवि की नीतियो का विमोचन किया गया।

राज्यपाल द्वारा 83587 उपाधियों को डिजी लॉकर में समावेशित किया गया। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 06 महाविद्यालयों को नैक द्वारा ए व ए प्लस ग्रेड प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। प्राथमिक विद्यालय मीरपुर की छात्रा कु. आयुषी द्वारा दहेज प्रथा, डाल्फिन स्कूल की छात्रा कु. अनुष्का शर्मा द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा पर्यावरण गीत एवं अभिनय की प्रस्तुति दी गई, सभी छात्राओं को राज्यपाल द्वारा उपहार दिये गये। गोद लिये गये गांव में आयोजित भाषण, चित्रकाल, कहानी-कथन आदि प्रतियोगिता में तीन विजेताओं अनुज, शगुन व अक्का को पुरस्कृत किया गया। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुये राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि मेडल प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राएं बधाई के पात्र है। भारत आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नित्य नये सोपान गढ़ रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि आज का भारत नये युग की दहलीज पर खडा है। नये भारत के सामने विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी भारत पर्यावरण संरक्षण से समृद्ध भारत, अपनी विरासत पर गर्व करता भारत, सभी क्षेत्रो में विश्व को नेतृत्व प्रदान करता भारत जैसे अनेक लक्ष्य है। यह केवल लक्ष्य नहीं है बल्कि करोडों भारतीय आकांक्षाएं है जो हमे नये भविष्य की ओर अग्रसर करती है। आज भारत हर क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भारत अब अनुसरण करने वाला नहीं है बल्कि नेतृत्व करने वाला राष्ट्र बन चुका है।

मुख्य अतिथि अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली प्रो. टी.जी. सीताराम ने उपाधि प्राप्त छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुये कहा कि आज का यह समारोह केवल व्यक्तिगत सफलता का ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का स्मरण करने का है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि अपनी शैक्षणिक उपलब्धियो के साथ-साथ आप सभी सामाजिक विषमताओ को दूर करने, आर्थिक उत्थान लाने और देश की प्रगति के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करने हेतु स्वयं समर्पित रहे।

अति विशिष्ट अतिथि मंत्री उच्च शिक्षा विभाग उ.प्र. योगेन्द्र उपाध्याय ने क्रांति की धरा मेरठ को नमन करते हुये उपाधि प्राप्त छात्र-छात्राओं को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है उसमें सब सहभागी बनें।

विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग उ.प्र. रजनी तिवारी ने उपाधि प्राप्त छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत बदल रहा है, भारत आगे बढ़ रहा है, आपकी जिम्मेदारी है कि आप भी राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें। कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने दीक्षांत समारोह के दौरान विवि की उपलब्धियों तथा भविष्य में चलाये जाने वाले कार्यकमों, परियोजनाओं एवं शिक्षा, शोध एवं प्रसार के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने राज्यपाल व मुख्य अतिथि के जीवन वृत्त पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर सांसद बागपत डा. राजकुमार सांगवान, विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद, एमएलसी धर्मेन्द्र भारद्वाज, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तौगी, कुलपति कृषि विवि प्रो. के.के. सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हापुड़, समस्त कार्यकारी परिषद सदस्य, अन्य अधिकारीगण, विवि के समस्त संकायो के डीन/प्रोफेसर, गणमान्य व्यक्ति, उपाधि प्राप्त छात्र-छात्राएं, अभिभावकगण, प्राथमिक विद्यालय की छात्राएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि उपस्थित रही।

# सीसीएसयू बना भ्रष्टाचार का अड्डा!

## कुलपति संगीता शुक्ला पर छात्रों ने लगाया करोड़ों के गबन का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय मेरठ की अव्यवस्थाओं, भ्रष्टाचार और छात्रों की मूलभूत समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मेरठ कॉलेज से पैदल मार्च करते हुए बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर पहुंचे। छात्रों ने वहां पर सीओ सिविल लाइन को राज्यपाल/कुलाधिपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय में वित्तीय, शैक्षणिक और प्रशासनिक स्तर पर गम्भीर भ्रष्टाचार और अव्यवस्था व्याप्त है। छात्रों का भविष्य खतरे में है और यदि तत्काल कदम ना उठाए तो विश्वविद्यालय एक भ्रष्टाचार का तंत्र बन जाएगा।

### छात्रों की प्रमुख मांगे

छात्र संघ चुनाव की बहाली, कई वर्षों से बंद छात्र संघ चुनाव तुरंत बहाल किए जाएँ। ऑडिट रिपोर्ट की जाँच, वर्ष 2022-23 की ऑडिट रिपोर्ट में करोड़ों के घोटाले उजागर हुए हैं। वर्ष 2023-24 की ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए तथा पिछले वर्षों का ऑडिट दोबारा कराया जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। मार्कशीट, डिग्री और माइग्रेशन में दलाली खत्म हो, छात्रों को दस्तावेज पाने के लिए महीनों भटकना पड़ता है और दलालों का शिकार होना पड़ता है। एक पारदर्शी ऑनलाइन व्यवस्था बनाई जाए जिससे सभी प्रमाणपत्र समय पर सीधे छात्रों को मिलें। इसी के साथ अन्य मांगे भी प्रमुख रहीं।

### संगीता शुक्ला के वित्तीय लेन-देन की हो जांच

प्रो. संगीता शुक्ला के कार्यकाल की जांच, उनके कार्यकाल में हुए सभी वित्तीय लेन-देन, बिना दिनांक हस्ताक्षर वाले दस्तावेजों और भ्रष्टाचार की विशेष समिति बनाकर जांच हो और दोषियों को जेल भेजा जाए।

### यह रहे मौजूद

इस पैदल मार्च व ज्ञापन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आदेश प्रधान एडवोकेट, विजित तालियान, आदित्य पवार, अनुज भड़ाना, आकाश भड़ाना, शशिकांत गौतम, शिरा जाट, रविन्द्र प्रधान, रोहित राणा, शुभम मलिक, प्रियव्रत राणा, मोहित केनापुर, भारतीय किसान यूनियन अंबेडकर के जिला अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## दीक्षांत समारोह समाप्त होने के बाद छात्र नेता शान मोहम्मद को पुलिस ने छोड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** सीसीएस यूनिवर्सिटी में 37वें दीक्षांत समारोह से पहले ही छात्र नेता शान मोहम्मद को दो दिन पूर्व किठौर पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया था। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल थी। वहीं सभी छात्र नेताओं ने वीसी द्वारा घोटाले की पोल खोलने व छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर एक साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन का ऐलान कर रखा था। इसी को लेकर प्रशासन अलर्ट पर था। पुलिस ने छात्र नेताओं को चिन्हित किया था। सभी को 2023 की धारा 168 के अंतर्गत नोटिस दिया गया था। नोटिस मिलने के बाद छात्र नेता शान मोहम्मद को उसके आवास से हिरासत में लिया गया था। छात्र नेता शान मोहम्मद को पुलिस हिरासत से सोमवार 5 बजे छोड़ा गया। हिरासत से छूटने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शान मोहम्मद ने कहा कि प्रशासन द्वारा इस तरह का व्यवहार लोकतंत्र की हत्या नहीं तो क्या।

# सलावा-कपसाड़ विवाद पर खुलकर सामने आए विधायक अतुल प्रधान

## अतुल बोले मुस्लिम-गुर्जर व सर्वसमाज को साथ लेकर बढ़ूंगा आगे

**कहा नफरत की राजनीति का सरधना में होकर रहेगा खात्मा**



विधायक अतुल प्रधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना विधानसभा के सलावा-कपसाड़ प्रकरण केवल एक मामूली विवाद नहीं रहा, बल्कि अब यह राजनीतिक बहस का केंद्र बन गया है। क्षेत्र के विधायक अतुल प्रधान ने इस मुद्दे पर बड़ा और बेबाक बयान देते हुए न केवल नफरत फैलाने वाली राजनीति को बेनकाब किया, बल्कि सरकार को भी कटघरे में खड़ा कर दिया।

अतुल प्रधान ने एक बार फिर लाइव आकर मीडिया से कहा कि सरधना में सामाजिक सौहार्द को तोड़ने की साजिशें लगातार रची जा रही हैं। पहले मुस्लिम समाज को टारगेट किया गया और अब गुर्जर समाज को निशाना बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह सब केवल राजनीतिक फायदा उठाने की को. शिश है। सरधना की जनता अब इन चालों को भली-भांति समझ चुकी है और जो भी समाज को बांटने की को. शिश करेगा, उसे जनता मुंहतोड़ जवाब देगी। हम मुस्लिम गुज्जर में सर्व समाज मिलकर सरधना से नफरत की राजनीति का पूरी तरह खत्म करके दिखाएंगे और संविधान के दायरे में नफरत फैलाने वालों को सबक सिखाएंगे।

### योगी सरकार पर करारा वार

विधायक अतुल प्रधान ने प्रदेश की योगी सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार को गुर्जर समाज की बढ़ती राजनीतिक चेतना और जागरूकता से डर लग रहा है। उनका कहना था यह सरकार गुर्जर और मुस्लिम समाज को कमजोर करने की रणनीति बना रही है, लेकिन यह भूल रही है कि सरधना की धरती पर नफरत का बीज कभी अंकुरित नहीं हो सकता। यहाँ भाईचारे की ताकत हर बार नरत को हराती रही है और आगे भी हराएगी उन्होंने कहा कि पहले सालवा औरत कपसद की घटना नरत की राजनीति को पूरी तरह बयां कर रही है इसके खिलाफ अब सर्व समाज को एकजुट होना होगा। अतुल प्रधान ने कहा कि पूरे प्रदेश में गुर्जर समाज अपनी राजनीतिक सामाजिक पहचान बनाने के लिए जागरूकता फैला रहा है जिससे योगी सरकार घबरा गई है और इसी को लेकर सरकार ने जातीय सम्मेलनों पर रोक लगाने का फरमान सुनाया है।

### सर्वसमाज को साथ लेकर चलूंगा

अतुल प्रधान ने संकल्प लेते हुए कहा मैं किसी एक समाज का नहीं बल्कि पूरे सरधना का विधायक हूँ। मैं मुस्लिम, गुर्जर, सैनी, उपाध्याय, जाट, यहाँ तक की ठाकुर समाज व सर्वसमाज के लिए काम कर रहा हूं और सब को साथ लेकर चलूँगा। जातीय और धार्मिक राजनीति करने वाले नेताओं को सरधना की जनता पहले भी सबक सिखा चुकी है और आगे भी सिखाएगी। सरधना की मिट्टी में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है।

### समर्थकों ने बताया शांति और एकता का संदेश

विधायक के बयान के बाद क्षेत्र में नई सियासी बहस छिड़ गई है। समर्थकों ने कहा कि अतुल प्रधान का यह रुख शांति, भाईचारे और सर्वसमाज की एकता का प्रतीक है। लोगों का कहना है कि जिस मजबूती से उन्होंने मुस्लिम और गुर्जर समाज के सम्मान की बात की है, उसने क्षेत्र की राजनीति में नई ऊर्जा भर दी है।

## मेरठ में वैश्य परिवार ने धूमधाम से मनाई महाराज अग्रसेन जयंती

**मेरठ।** बागपत रोड स्थित वैश्य परिवार द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराज अग्रसेन जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भव्य हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें वैश्य समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में अमित गर्ग (मूर्ति) ने आहुति दी। मुख्य अतिथि के रूप में महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल, सत्य प्रकाश अग्रवाल और बिजेंद्र प्रभुजी उपस्थित रहे। इस मौके पर संयोजक राजीव मित्तल, राधेश्याम गर्ग, अमित गोयल, सचिन गोयल, मनीष गोयल, पियूष गोयल, विशाल गुप्ता, पवन मित्तल, सर्वेश नंदन गर्ग, अजय गुप्ता और नटराज सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सलावा प्रकरणः आजाद समाज पार्टी का सरधना तहसील में प्रदर्शन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव सलावा में हुए ठाकुर व मुस्लिम समाज के बीच विवाद प्रकरण में सोमवार को तहसील में पहुंचकर आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। जिसमें आसपा ने प्रशासन पर एकतरफा कार्यवाही करने का आरोप व बिना कोर्ट इजाजत के बुल्डोजर की कार्यवाही पर सवाल उठाए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने निष्पक्ष कार्यवाही करने की मांग की है।

गौरतलब है कि गत मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव सलावा गांव में ठाकुर व मुस्लिम समाज के पक्ष के बीच कहासुनी के बाद विवाद हो गया था जिसके बाद गांव में हालात तनावपूर्ण हो गए थे। गांव में भारी पुलिस फोर्स बल की तैनाती की हुई है। इस मामले में ठाकुर समाज की तरफ से पुलिस ने मुकदमा कायम करते हुए मुस्लिम समाज के आठ लोगों को जेल भेज दिया था। ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन ने आरोपियों के घर पर बुल्डोजर की कार्यवाही की थी, जिस पर कई दलों के नेताओं ने विरोध जताया था। सोमवार को आजाद पार्टी के जिलाध्यक्ष चरण सिंह, वरिष्ठ नेता शाहजेब रिजवी, शाहरूख उर्फ बंटी कुरैशी के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया जिसमें डीएम के नाम का ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपते हुए कई सूत्रीय मांग पूरी करने को सौपा। जिसमे मुस्लिम पक्ष की रिपोर्ट दर्ज होने, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद बुल्डोजर कार्यवाही होने पर सवाल के साथ कार्यवाही करने वाले अधिकारियों पर भी सवालिया निशान उठाएं गए।

आजाद समाज पार्टी की तरफ से शाहजेब रिजवी ने कहा कि यह कार्रवाई एकतरफा है जब दो पक्षों में झगड़ा हुआ तो करवाई दोनों तरफ क्यों नहीं हुई पुलिस की ऐसी कार्रवाई से ही समाज में नफरत का माहौल बनता है। शाहजेब सलावा की कार्रवाई को पहले ही एक तरफा बता चुके हैं। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद सभी के नेता है और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान को मानने वाले कभी एकतरफा कार्रवाई की सहमति नहीं दे सकते। इस दौरान शाहरुख उर्फ बंटी ने भी भीड़ को संबोधित करते हुए इस कार्रवाई की निंदा की। इस दौरान ओमप्रकाश, ब्रजमोहन, श्रीचंद, मोनू तोमर, संजय बंसल, रामकिशोर, शेर मोहम्मद, इमरान ठाकुर सभासद, सदाम अंसारी, जफर कुंलजन, हकीम कलीम आदि मौजूद रहे।

## शाहजहांपुर में मनाया गया महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शाहजहांपुर कस्बे में सोमवार को महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर वैश्य सम्मेलन, सहभोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाहजहांपुर के अलावा किठौर, हसनपुर, शोल्दा, महलवाला, नानपुर, ढाना, मवाना और मेरठ से बड़ी संख्या में वैश्य समाज के लोग पहुंचे। समाज के लोगों ने सामूहिक सहभोज कर महाराजा अग्रसेन को वंदन किया और समाज की एकजुटता का संदेश दिया। सम्मेलन में समाजहित से जुड़े कई विषयों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि समय-समय पर इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए, जिससे आपसी भाईचारा और संगठन और मजबूत हो सके। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर समाज के लोगों ने प्रसन्नता जताई।

# छेड़छाड़ के आरोपी शिक्षक को बर्खास्त करने की मांग

## पीड़ित छात्रा के परिजनों से मिले राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही, पुलिस पर तहरीर बदलवाने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** कुछ दिन पूर्व नगर के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक द्वारा छात्रा के साथ मारपीट व छेड़छाड़ के मामले में सोमवार को अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही मवाना पहुंचे। उन्होंने पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आरोपी को बचाने के लिए पुलिस ने तहरीर बदलवाई और मात्र शांतिभंग में उसका चालान किया। उन्होंने कहा कि वह डीएम मेरठ से आरोपी को बर्खास्त करने की मांग करते हैं।

गौरतलब है कि नगर के प्रीतनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में एक शिक्षक ने छात्रा के साथ बुरी तरह मारपीट की थी। आरोप है कि शिक्षक बच्चों से अपने सिर की मालिश भी कराता है। पिछले साल भी इसी शिक्षक ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की थी। जिसमें वह जेल गया था, लेकिन उसके बाद से उसकी तैनाती उसी विद्यालय में रही। सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही पीड़ित छात्रा के परिजनों से मिले। उन्होंने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि वह आरोपी शिक्षक को सजा दिलवाकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि अब बीएसए ने आरोपी को कहीं और अटैच कर दिया है। जबकि उसके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई होनी चाहिए। वह डीएम मेरठ से मांग करते हैं कि आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा हो और उसके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाए। इस दौरान धर्मेंद्र मलिक, अशोक शर्मा, संदेश प्रधान, हर्षित अरोड़ा, विनोद शर्मा, प्रभात यादव, कुलदीप खटीक मौजूद रहे।

# शोभित इंस्टीट्यूट में 'एचसीएल गुवी डे' का भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी) इन दिनों विश्वविद्यालय की 'कमिटमेंट टू नॉलेज एंड इनोवेशन' के उदेश्य को साकार करने हेतु कमिटमेंट वीक का आयोजन कर रहा है। इस सप्ताह के पहले दिन, 22 सितम्बर 2025 को, स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग एवं कम्प्यूटर क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 'एचसीएल गुवी डे' का सफल और ऐतिहासिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित स्पेशल सेशन का विषय 'जेनेरेटिव एआई' रहा। सत्र को इंडस्ट्री के अनुभवी और विशिष्ट विशेषज्ञों सारांश सक्सेना (जनरल मैनेजर ग्रोथ), डॉ. अमित अर्जुन वर्मा (हेड ऑफ डाटा साइंस), लोकेश और अमन ने संबो. धित किया। सभी वक्ताओं ने छात्रों को अत्यंत सरल, रोचक और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार जेनेरेटिव एआई भविष्य की तकनीकी दुनिया को आकार दे रहा है। सारांश सक्सेना ने व्यापार और उद्योग में एआई के वास्तविक अनुप्रयोगों तथा बिजनेस ग्रोथ में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. अमित अर्जुन वर्मा ने जेनेरेटिव एआई की तकनीकी बारीकियों, डाटा साइंस में इसके उपयोग और नैतिक पहलुओं को विस्तार से समझाया। लोकेश ने भविष्य के रोजगार और स्किल रिक्वायरमेंट्स पर बात करते हुए बताया कि किस प्रकार एआई उद्योग की आवश्यकताओं को पूरी तरह बदल देगा। वहीं अमन ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों को प्रोजेक्ट्स, स्टार्टअप्स और रिसर्च कार्यों में जेनेरेटिव एआई के प्रयोग से जुड़े अवसरों के बारे में प्रेरित किया। सेशन अत्यंत प्रभावशाली और ज्ञानवर्धक रहा। सभागार छात्रों से खचाखच भरा हुआ था और हर छात्र की आँखों में नई जानकारी प्राप्त करने का उत्साह स्पष्ट झलक रहा था। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपने जिज्ञासापूर्ण प्रश्न प्रस्तुत किए। विशेषज्ञों ने धैर्यपूर्वक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दिया और व्यावहारिक दृष्टिकोण साझा किया। छात्रों ने इस अनुभव को 'आई-ओपनिंग' बताते हुए कहा कि इस सत्र ने उन्हें एआई की वास्तविक क्षमताओं और संभावनाओं से रूबरू कराया।

वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) वी.के. त्यागी ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास है कि छात्रों को समय-समय पर नवीनतम तकनीकों से अवगत कराया जाए। गुवी डे जैसे आयोजन छात्रों के करियर निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। प्रो. वाइस चांसलर डॉ. जयनंद ने अपने विचार रखते हुए कहा कि डिजिटल युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का गहन ज्ञान छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाता है। यह आयोजन भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप उन्हें तैयार करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस आयोजन में 500 से अधिक छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की। विद्यार्थियों को न केवल विशेषज्ञों से संवाद करने का अवसर मिला बल्कि उन्हें गुडीज भी प्रदान किए गए, जिससे उनका उत्साह और बढ़ गया। छात्रों ने कहा कि यह आयोजन उनके लिए केवल एक शैक्षिक अनुभव नहीं था बल्कि उन्हें उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं, नए अवसरों और भविष्य की तकनीकी दिशा को समझने का अद्भुत मौका मिला। कार्यक्रम का समापन राजेश पांडे, असिस्टेंट प्रोफेसर स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग एवं फैकल्टी इंचार्ज कम्प्यूटर क्लब द्वारा किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, वक्ताओं और छात्रों का आभार व्यक्त किया और कहा कि गुवी डे केवल एक आयोजन नहीं बल्कि छात्रों के लिए सीखने, अनुभव प्राप्त करने और अपने करियर को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने का सुनहरा अवसर रहा है।

## परीक्षितगढ़ की रामलीला में अहिल्या उद्धार एवं खर दूषण वध की लीला का मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर में चल रही रामलीला के मंच पर अहिल्या उद्धार एवं खर दूषण वध की लीला का मंचन किया गया। भगवान श्री राम ने पत्थर की बनी अहिल्या को शाप मुक्त किया। वहीं आतताई खर दूषण का वध कर ऋषि मुनियों के यज्ञ की रक्षा भी की रामलीला कमेटी के महासचिव पं. श्याम दत्त शर्मा ने बताया कि सोमवार कि रात को धनुष तोड़ा जाएगा तथा मंगलवार को भगवान श्री राम की बारात नगर की गुड मंडी से मुख्य मार्ग से होती हुई रामलीला मैदान में संपन्न होगी। इस अवसर पर विकल नागर, महेश त्यागी, विद्या भूषण गर्ग, राम अवतार नागर, भरत अग्रवाल, महावीर गुप्ता, अभिषेक गर्ग, सुनील शर्मा भूरे, राम शर्मा, राहुल शर्मा, योगेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक प्रमोद अटवाल का भाजपा नेता मनिंदर विहान ने किया स्वागत




**दौराला।** पुरकाजी विधानसभा से भाजपा के पूर्व विधायक प्रमोद अटवाल की बिहार विधानसभा चुनाव में ड्यूटी लगी है। बिहार जाने के दौरान सिवाया टोल प्लाजा पर दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने टीम के साथ फूलमालाओ सें जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से एमएसलसी चुनाव, पंचायत चुनाव और 2027 के लिए दिशा निर्देश करते हुए कहा कि बूथ स्थर से ही चुनाव के परिणाम के फैसले होते है। इस दौरान आदित्य गुप्ता, नीरज चौधरी, अंकित चौहान, दीपक चौहान, राजवीर चौहान, प्रशांत चौहान, अश्वनी चौधरी, चेतन शर्मा, अंकित विहान, शिवम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भारत की पाक पर लगातार 7वीं जीत



## ● अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने 59 गेंदों पर 105 रन जोड़े, सात गेंद के बाकी रहते हुए जीता मैच

**दुबई, वार्ता।** भारतीय फील्डर्स ने 20 ओवर में 5 कैच टपका दिए। भारत के प्रीमियम फास्ट बॉलर जसप्रीत बुमराह ने 4 ओवर में 45 रन दे दिए। भारत के स्पिनर्स का जादू भी नहीं चला। कुलदीप, वरुण और अक्षर ने मिलकर सिर्फ 1 विकेट लिया। एशिया कप सुपर-4 राउंड में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की पारी में पाकिस्तान के लिए जो कुछ भी सही हो सकता था हुआ। इसके बावजूद नतीजा क्या रहा। भारत ने 6 विकेट से आसान जीत हासिल की। यह इंटरनेशनल क्रिकेट में टीम इंडिया की पाकिस्तान के ऊपर लगातार सातवीं जीत है। बालिंग और फील्डिंग में कुछ हद तक कमजोर प्रदर्शन के बावजूद भारत ने शानदार जीत की पटकथा कैसे लिख डाली। भारत ने टॉस जीता, सूर्या ने फिर सलमान से हाथ नहीं मिलाया दुबई की पिच पर टारगेट चेज करना फायदेमंद रहता है। इस मैच से पहले पिछले 5 साल में यहां टॉप-12 टीमों के बीच 19 टी-20 इंटरनेशनल खेले गए थे। इसमें 17 में टारगेट चेज करी टीम जीती थी। इस बार भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीता और टारगेट चेज करने का ही फैसला किया। सूर्या ने टॉस के बाद एक बार फिर पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। पाकिस्तान के साथ ग्रुप स्टेज मुकाबले में भी उन्होंने यही किया था। इससे नाराज पाकिस्तानी टीम मैच रेफरी एंडी पाइक्राफ्ट को हटाने पर अड़ गई थी। आईसीसी ने न सिर्फ उनकी डिमांड खारिज की, बल्कि इस मैच के लिए भी एंडी पाइक्राफ्ट को ही मैच रेफरी बनाया गया। पावरप्ले में पाकिस्तान ने की दम दिखाने की कोशिश पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज मैच में भी पहले बल्लेबाजी की थी। तब पाकिस्तानी टीम पावरप्ले के पहले 6 ओवर में 2 विकेट खोकर सिर्फ 42 रन बना पाई थी। इस बार पाकिस्तान ने बेहतर प्रदर्शन किया और 6 ओवर में 1 विकेट खोकर 55 रन बनाए। सईम अयूब की जगह ओपनिंग करने आए फखर जमान 15 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद दूसरे ओपनर साहिबजादा फरहान ने नंबर 3 पर खेलने आए सईम के साथ 72 रन की पार्टनरशिप कर डाली। मिडिल ओवर में धीमी पड़ी पाकिस्तान की पारी पावरप्ले में अच्छी शुरुआत के बाद पाकिस्तान की पारी मिडिल ओवर्स में धीमी पड़ गई। पहले 6 ओवर में करीब 9 की रन रेट से बैटिंग करने वाली टीम अगले 10 ओवर में सिर्फ 64 रन बना सकी। तीन विकेट भी गंवाए। 16 ओवर की समाप्ति तक पाकिस्तान का स्कोर 119/4 था। फहीम की बैटिंग ने दिया संघर्ष करने लायक स्कोर पाकिस्तान ने डेथ ओवर्स यानी आखिरी 24 गेंदों पर 52 रन बनाए और टीम 20 ओवर में 171 रन तक पहुंचने में कामयाब रही। इसमें फहीम अशरफ का योगदान अहम रहा। फहीम ने सिर्फ 8 गेंदों पर 20 रन बनाए। कप्तान सलमान अली आगा ने 13 गेंदों पर 17 रन बनाए। इस मैच में भारत के प्रमुख गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बिल्कुल लय में नहीं दिखे। उन्होंने अपने 4 ओवर में 45 रन खर्च कर दिए और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। वरुण ने 4 ओवर में रन तो 25 ही दिए, लेकिन विकेट का खाता वे भी नहीं खोल पाए। कुलदीप ने 1 विकेट जरूर लिया, लेकिन उन्होंने 31 रन खर्च कर दिए। अभिषेक और गिल के आगे बेबस पाकिस्तानी क्रिकेट एक्सपर्ट्स इस पिच पर 171 रन के स्कोर को चुनौतीपूर्ण बता रहे थे। लेकिन, भारतीय ओपनर्स अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने जिस आक्रामक तेवर से बल्लेबाजी की उससे बहुत जल्द यह पता चल गया कि पाकिस्तान की एक और हार तय है। इन दोनों ने पावरप्ले में ही 69 रन बटोर लिए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 59 गेंदों पर 105 रन की पार्टनरशिप की। पिछले तीन मैचों में सिर्फ 35 रन बना पाए शुभमन गिल इस बार अलग अंदाज में दिखे। उन्होंने 167 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 47 रन बनाए।

## सुल्तान जोहोर कप: भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को मलेशिया में होने वाले सुल्तान जोहोर कप के आगामी संस्करण में भाग लेने के लिए रोहित की अगुवाई में 18 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। डिफेंडर रोहित को कप्तान बनाया गया है। टीम में गोलकीपर बिक्रमजीत सिंह और प्रिंसदीप सिंह, डिफेंडर रोहित, तलेम प्रियोबर्ता, अनमोल एक्का, आमिर अली, सुनील पी बी और रवनीत सिंह( मिडफील्डर अंकित पाल, थुनाओजम इंगलेम्बा लुवांग, अदरोहित एक्का, अराजित सिंह हुंदल, रोसन कुजूर और मनमीत सिंह शामिल हैं।

# भारत-पाक में अब प्रतिद्वंद्विता नहीं रही: सूर्या



● मुझे लगता है कि पत्रकारों को प्रतिद्वंद्विता पर यह सवाल पूछना बंद कर देना चाहिए

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस धारणा को खारिज कर दिया है कि भारत बनाम पाकिस्तान मुकबला अब प्रतिद्वंद्विता है। सूर्यकुमार यादव ने रविवार रात पाकिस्तान को छह विकेट से हराने के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि मैं इस सवाल पर एक बात कहना चाहूंगा। मुझे लगता है कि आपको प्रतिद्वंद्विता पर यह सवाल पूछना बंद कर देना चाहिए। इससे पहले उन्हें याद दिलाया गया कि सवाल प्रतिद्वंद्विता के बारे में बिल्कुल नहीं था। स्तर और प्रतिद्वंद्विता एक जैसी ही है।

मेरे हिसाब से, अगर दो टीमें 15-20 मैच खेलती हैं और अगर आमने-सामने मुकाबला 7-7 या 8-7 का होता है, तो उसे प्रतिद्वंद्विता कहते हैं। लेकिन 13-0, 10-1--- मुझे नहीं पता कि आंकड़े क्या हैं। लेकिन अब यह प्रतिद्वंद्विता नहीं रही। लेकिन हां, मुझे लगता है कि हमने उनसे बेहतर क्रिकेट खेला। रिकॉर्ड के लिए, भारत ने दुबई में 2022 में एशिया कप में पाकिस्तान से मिली पिछली हार के बाद से अब तक लगातार सात मैचों में खसिर्फ पुरुष अंतर्राष्ट्रीय मैचों में, पाकिस्तान को हराया है। इस 'प्रतिद्वंद्वी' के बारे में उनकी राय पूछे जाने से पहले, सूर्यकुमार ने बताया कि उन्हें खेल का निर्णायक दौर पाक की पारी का आधा समय लगा जब पाकिस्तान ने दस ओवर में एक विकेट पर 91 रन बनाए थे, जो भारत के खिलाफ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में अब तक का उनका सर्वोच्च हाफटाइम स्कोर था। यही वह समय था जब सूर्यकुमार ने अपनी टीम को संभाला और अंपायरों ने ड्रिंक्स इंटरवल की घोषणा कर दी। इसके बाद, भारत ने अगले सात ओवरों में केवल 38 रन देकर पाक पर लगाम कसी। इस टूर्नामेंट में 10-17 ओवरों के बीच बल्लेबाज़ी करने वाली टीमों का यह सबसे कम स्कोर है। सूर्या ने कहा कि मेरे हिसाब से, पहली पारी के पहले ड्रिंक्स में टर्निंग पॉइंट आया। उसके बाद लोगों ने अपनी बॉडी लैंग्वेज बदल दी। आप हमेशा पावरप्ले के बाद खेल में बदलाव देखते हैं। लेकिन आज, दस ओवर के बाद खेल बदल गया, जब गेंदबाजो ने अपनी लाइन और लेंथ बदली, उस स्थिति में क्या ज़रूरी था, यह समझा और थोड़ी ज्यादा ऊर्जा दिखाई। स्पिनरों ने अच्छी गेंदबा. जी की। और मेरे हिसाब से, शिवम का स्पैल, आप कह सकते हैं कि यह एक टर्निंग पॉइंट था। सूर्या ने शिवम के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि वह सभी अभ्यास सत्रों में अपनी गेंदबाजी पर बहुत मेहनत कर रहा है।

# चोटिल बवुमा पाक के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर




● बवुमा को यह चोट इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे पर लगी थी, जिसे ठीक होने में छह से आठ हफ्ते लगेंगे

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बवुमा पिंडली में खिंचाव के कारण पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। बावुमा को यह चोट हाल ही में इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे पर लगी थी और उन्हें ठीक होने में छह से आठ हफ्ते का समय लग सकता है।

उनकी गैरमौजूदगी में एडन मारक्रम टीम की कप्तानी करेंगे। टीम में ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की दो साल से अधिक समय के बाद वापसी हुई है। वह स्पिन विभाग में सेनुरन मुथुमसे और प्रेनेलन सुब्रायन के साथ शामिल होंगे। पहली पसंद के स्पिनर केशव महाराज इंग्लैंड में कमर में खिंचाव के बाद केवल दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध हैं। एक और बड़ी खबर यह है कि विकेटकीपर लक्वटन डी कॉक ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास वापस ले लिया है और पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 दोनों टीमों में वापसी की है। डी कॉक ने आखिरी बार पिछले साल जून में बारबाडोस में हुए टी-20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के लिए खेला था। पाकिस्तान दौरे के सफेद गेंद वाले चरण के लिए कॉर्बिन बॉश और डेवाल्ड ब्रेविस को छोड़कर अपने सभी ऑल-फॉर्मेट खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया है। डेविड मिलर टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे जबकि मैथ्यू ब्रीट्जके वनडे टीम की कमान संभालेंगे। दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट से एक दिन पहले लवडहोक में अपने नए स्टेडियम का उद्घाटन करने के लिए नामीबिया में एक अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच भी खेलेगा और उस मैच के लिए उसकी एक अस्थायी टीम होगी। ऑलराउंडर डोनोवन फरेरा उस टीम की कप्तानी करेंगे, जिसमें डी कॉक, नंद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी, रीजा हेंड्रिक्स और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, और रिवाल्डो मूनसामी शामिल हैं, जिन्हें पहली बार टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय टीम में फेरेरिया को बर्गर, कोएत्जी और डी कॉक के साथ शामिल किया गया है, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर जॉर्ज लिंडे और ब्योर्न फोर्टुइन की वापसी हुई है। लेग स्पिनर नकाबा पीटर एक मजबूत स्पिन गेंदबाजी टीम का हिस्सा हैं। टेस्ट टीम में जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप गदा जीतने वाले मुख्य खिलाड़ी शामिल हैं। ब्रेविस, सुब्रायन और ज़ुबैर हम्जा इस ग्रुप में नए हैं, जबकि डेन पैटरसन या लुंगी एनगिडी, जो सफेद गेंद वाली टीम का हिस्सा हैं, के लिए कोई जगह नहीं है। कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और वियान मुल्डर तेज गेंदबाज टीम में हैं। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि टेम्बा की पिंडली की चोट के कारण दुर्भाग्यवश वह छह से आठ हफ्तों तक मैदान से बाहर रहेंगे, लेकिन हमारा ध्यान उन्हें नवंबर में होने वाले भारत दौरे के लिए पूरी तरह तैयार होने का सर्वश्रेष्ठ मौका देने पर है। उन्होंने कहा हम टेम्बा के उपलब्ध न होने से निराश हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### उत्तराखंड क्रिकेट में गड़बड़ी के मामले में बीसीसीआई से जवाब तलब

**नैनीताल, वार्ता।** उच्च न्यायालय ने उत्तराखण्ड क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) में व्याप्त अनियमितताओं के मामले में सुनवाई करते हुए सोमवार को भारतीय क्रिकेट की प्रमुख संस्था भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को आठ अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। इस मामले से जुड़ी पांच याचिकाओं पर न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की पीठ में सुनवाई हुई। सोमवार को बीसीसीआई के प्रतिनिधि अदालत में पेश हुए और जवाब देने के लिए पीठ से समय की मांग की। पीठ ने आठ अक्टूबर तक की मोहलत दे दी। डॉ. बुद्धि चंद्र रमोला, धीरज भंडारी और संजय गुसाई एवं अन्य की ओर से याचिका दायर कर कहा गया कि यूसीए में अनियमितताएं व्याप्त हैं। बीसीसीआई के धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। खाने के नाम पर लाखों की अनियमतता की गयी है। याचिकाकर्ताओं की ओर से 12 करोड़ के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है।

### आयुष शेट्टी व एचएस प्रणय कोरिया ओपन में करेंगे भारत की अगुवाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** आयुष शेट्टी और एचएस प्रणय मंगलवार से दक्षिण कोरिया के सुवन में शुरू होने वाले कोरिया ओपन में भारत टीम की अगुवाई करेंगे। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय का हाल के वर्षों में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा हैं। प्रणय के साथ पुरुष एकल में आयुष शेट्टी भी होंगे, जो जून में यूएस ओपन सुपर 300 में जीत के साथ इस सीजन में 2025 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। किरण जॉर्ज भी मुख्य ड्रॉ में हैं, जबकि थारुण मन्नेपल्ली और मीराबा लुवांग मैसनम को क्वालीफायर से भिड़ना होगा।

# श्याम लाल कॉलेज ने जीता बिट्स पिलानी हॉकी टूर्नामेंट का खिताब



● फाइनल मुकाबले में नंद किशोर ने दो और प्रत्यूष, अभिषेक व हर्ष ने एक-एक गोल किए

**पिलानी, वार्ता।** दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्याम लाल कॉलेज ने फाइनल में श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स को 5-0 से हराकर बिट्स पिलानी हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

राजस्थान स्थित बिट्स पिलानी के मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में श्याम लाल कॉलेज की ओर से नंदकिशोर ने 2 और प्रत्यूष सिंह जग्गी, अभिषेक और हर्ष ने एक- एक गोल किए। इसी टूर्नामेंट में हार्ड लाइन मैच में हंसराज कॉलेज ने मेजबान बिट्स पिलानी को 6-5 से ट्राइब्रेकर में हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्धारित समय में हंसराज कॉलेज और बिट्स पिलानी टीम के बीच मैच एक- एक गोल से बराबर रहा। हंसराज कॉलेज की तरफ से रविराज व बिट्स पिलानी की तरफ से अंकित ने एक-एक गोल किया। इसके बाद हुए ट्राइब्रेकर में हंसराज कॉलेज ने बिट्स पिलानी को 6-5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता टीम श्याम लाल कॉलेज टीम को 25 हजार रूपये का तथा उपविजेता एससीओसी को दस हजार का ईनाम मिला।

### डिकॉक ने संन्यास का फैसला लिया वापस

**केप टाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने का अपना फैसले वापस ले लिया है और चयनकर्ताओं उन्हें पाकिस्तान दौरे के लिए एकदिवसीय और टी-20 टीमों में शामिल किया गया है। इसके साथ ही वह नामीबिया के साथ एकमात्र टी-20 मैच भी खेलेंगे। डी कॉक ने 2023 के एकदिवसीय विश्व कप के बाद 50 ओवर के क्रिकेट से संन्यास ले लिया था,और द. अफ्रीका के लिए उनका आखिरी सीमित ओवरों का मैच बारबाडोस में 2024 का टी-20 विश्व कप फाइनल था। हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर टी-20 से संन्यास नहीं लिया। इस बीच, वह हाल ही में समाप्त हुई सीपीएल सहित दुनिया भर की टी-20 लीगों में सक्रिय रहे हैं। वर्तमान मुख्य कोच ने डीकॉक के साथ चर्चा की है और कहा है कि उन्होंने फिर से राष्ट्रीय टीम के लिए प्रतिबद्धता जताई है।

# जीएडब्ल्यू को रोमांचक मुकाबले में हराकर टीकेआर ने जीता पांचवां सीपीएल खिताब

● खेले गए फाइनल मुकाबले में सौरव नेत्रवलकर और अकील ने शानदार गेंदबाजी की

**प्रोविडेंस, वार्ता।** सौरभ नेत्रवलकर (तीन विकेट) और अकील होसेन (दो विकेट/16 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने गयाना अमेजन वॉरियर्स को तीन विकेट से हराकर सीपीएल का खिताब अपने नाम किया।

यह टीकेआर का पांचवां सीपीएल खिताब है। खेले गए फाइनल मुकाबले में टीके आर ने सौरभ नेत्रवलकर और अकील होसेन के शानदार गेंदबाजी के दम पर गयाना अमेजन वॉरियर्स को 130 रनों पर रोक दिया। 131 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीकेआर के लिए टीकेआर के लिए एलेक्स हेल्स (26), कॉलिन मुनरो (23), सुनील नारायण ने (22), कोरेन पोलार्ड ने 21 रनों का योगदान दिया। होसेन ने बल्लेबाजी के दौरान लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिरी क्षणों में सात गेंदों पर नाबाद 16 रनों की तेज पारी खेलकर ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) को पांचवां सीपीएल खिताब दिलाया। होसेन उस समय बल्लेबाजी करने उतरे जब टीकेआर का स्कोर सात विकेट पर 116 रन था और उसे 22 गेंदों में 15 रन चाहिए थे और उन्होंने गुडाकेश मोटी की गेंदों पर पहले छक्का और फिर चौका लगाकर नाटकीय अंदाज में जीत का जश्न मनाया। टीकेआर ने 18 ओवर में सात विकेट पर 133 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया।

## टी-20 सीरीज: आदिल आलम व संदीप जोरा नेपाल टीम में शामिल

**काठमांडु, वार्ता।** नेपाल ने इस महीने के आखिरी में यूएई में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली ऐतिहासिक तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर मोहम्मद आदिल आलम और मध्यक्रम बल्लेबाज संदीप जोरा को टीम में शामिल किया है। यह नेपाल की किसी पूर्णकालिक सदस्य के खिलाफ पहली द्विपक्षीय श्रृंखला होगी।

आलम ने आखिरी बार अगस्त 2022 में और जोरा ने जून 2024 में नेपाल के लिए खेला था। रोहित पौडेल टीम की अगुवाई करेंगे और दीपेंद्र सिंह ऐरी उनके उप-कप्तान होंगे। गेंदबाजी आक्रमण लेग स्पिनर संदीप लामिछाने पर केंद्रित होगा। बाएं हाथ के स्पिनर ललित राजबंशी, जो पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में हुई टॉप एंड टी-20 श्रृंखला से चूक गए थे, की भी टीम में वापसी हुई है।

# किदांबी श्रीकांत, नंदी हैदराबाद पिकलबॉल लीग में शामिल हुए

● श्रीकांत विश्व बैडमिंटन में भारत के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है उनके नाम 12 से अधिक खिताब है

**हैदराबाद, वार्ता।** भारत के बैडमिंटन स्टार और पूर्व पुरुष एकल विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत, नंदी चार्जर्स फ्रैंचाइजी में निवेशक और भागीदार के रूप में आधिकारिक तौर पर हैदराबाद पिकलबॉल लीग (एचपीएल) में शामिल हो गए हैं।

लीग अक्टूबर में हैदराबाद में अपनी शुरुआत करेगी। श्रीकांत विश्व बैडमिंटन में भारत के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके नाम 12 से अधिक खिताब है। उनका अब नंदी चार्जर्स के साथ जुड़ना पिकलबॉल में भी उसी चैंपियन जैसी मानसिकता और प्रतिस्पर्धी भावना लाता है। किदांबी श्रीकांत ने कहा कि मैं हैदराबाद पिकलबॉल लीग का हिस्सा बनकर और नंदी चार्जर्स के साथ हाथ मिलाकर वाकई उत्साहित हूं। पिकलबॉल तेज-तर्रार, गतिशील है और इसमें भारत में प्रशंसकों से जुड़ने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है, यह देखने में आसान, रोमांचक और बेहद प्रतिस्पर्धी है। सबसे अधिक उत्साहित करने वाली बात यह है कि मुझे अपने खेल के अनुभव को एक नए क्षेत्र में लाने और इस लीग की प्रतिष्ठा बढ़ाने का मौका मिला है। इस सफर की शुरुआत में ही इसमें शामिल होना इसे और भी सार्थक बनाता है और मेरा मानना है कि नंदी चार्जर्स एक ऐसी टीम बनकर माहौल बना सकती है जो पूरे जोश और गर्व के साथ प्रतिस्पर्धा करती है। नंदी चार्जर्स के फ्रैंचाइजी मालिक ने कहा कि हमें नंदी चार्जर्स फैमिली में श्रीकांत का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

# पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय दल की ध्वजवाहक होगी प्रीति पाल

● पैरा एथलेटिक्स में देश के सबसे चमकते सितारों में से एक बनने का प्रीति का सफर दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता का प्रतीक है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की पैरा-एथलीट और पेरिस पैरालंपिक 2024 में दोहरा कांस्य पदक जीतने वाली प्रीति पाल को आगामी इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारतीय दल की आधिकारिक तौर पर ध्वजवाहक नियुक्त किया गया है। सेरेब्रल पाल्सी से जूझने से लेकर पैरा-एथलेटिक्स में देश के सबसे चमकते सितारों में से एक बनने तक का उनका सफर दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता का प्रतीक है। प्रीति ने अपनी अथक भावना और समर्पण से सभी बाधाओं को पार किया है। 100 मीटर में 14:21 सेकंड और 200 मीटर टी-35 स्प्रिंट श्रेणियों में 30:01 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ उन्होंने पेरिस में दो ऐतिहासिक कांस्य पदक जीते। 27 सितम्बर से पांच अक्टूबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक आयोजन में देश के शीर्ष एथलीटों और वैश्विक सितारे प्रदर्शन करने उतरेंगे। अगली पीढ़ी के पैरा-एथलीटों के लिए प्रेरणास्रोत प्रीति ने कहा कि यह सफर कड़ी मेहनत और समर्पण का रहा है। जहां एक ओर विशेषज्ञ कोचिंग ने मुझे तकनीकी रूप से मार्गदर्शन दिया है, वहीं साई और टॉप्स का सहयोग मेरे लिए एक बड़ा बदलाव लेकर आया है, जिसने मुझे उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक




सुविधाएं, उपकरण और वित्तीय सहायता प्रदान की है। मेरा दैनिक प्रशिक्षण गहन है और मैं अपने प्रदर्शन के हर पहलू को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करती हूं। यह क्षण न केवल मेरी यात्रा की पहचान है, बल्कि लचीलेपन और टीम वर्क का प्रमाण भी है। मेरा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना और भारत को और अधिक गौरव दिलाना है। मेरा हर कदम उन लोगों के लिए है जो मुझ पर विश्वास करते हैं और उन लोगों के लिए जो चुनौतियों के बावजूद सपने देखने का साहस रखते हैं।

### टीम को पिछली हारों पर ध्यान नहीं देकर, आगे बढ़ना होगा: उपेंद्र मलिक

**जयपुर, वार्ता।** यूपी योद्धा के सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने कहा है कि टीम को पिछली हार पर ध्यान न देते हुए आगे बढ़ने की जरूरत हैं।

यूपी योद्धा सोमवार को जयपुर के एसएमएस इंडोर स्टेडियम में तमिल थलाइवाज से मुकाबला करेंगे। यूपी योद्धा का अब तक का अभियान मुश्किल रहा है, उन्होंने अपने छह मैचों में केवल चार अंक ही जुटाए हैं। वे लगातार चार मैच हारे हैं और अगर उन्हें अपना सीजन जारी रखना है तो उन पर जल्द से जल्द स्थिति बदलने का दबाव है। सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने स्वीकार किया कि हालिया नतीजे टीम के लिए कठिन रहे हैं, लेकिन उन्होंने शि. विर के भीतर सकारात्मक माहौल बनाए रखने के महत्व पर बल दिया।

## सम्पादकीय

मंगलवार, 23 सितम्बर 2025

# पीएम का खुला पत्र

सोमवार को अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई। रविवार को अपने राष्ट्र संबोधन के बाद पीएम मोदी ने सोमवार को इस संबंध में देशवासियों के नाम एक खुला पत्र भी जारी किया। जिसमें 22 सितम्बर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की बात कही गई थी। निश्चित रूप से सरकार का यह एक अच्छा कदम ही कहा जाएगा। इससे महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग सभी को लाभ होगा। इस फायदे का इशारा पीएम मोदी के खुले पत्र में भी स्पष्ट रूप से बताया गया है। अब रोजमर्रा की जरूरी चीजें जैसे खाना, दवाई, साबुन आदि सामान अब 5 फीसदी की दर से मिलेंगे। बाकी सामानों पर भी टैक्स दरों में कमी की बात पत्र के माध्यम से देशवासियों से कही गई है। उन्होंने उन दुकानदारों की प्रशंसा की, जिन्होंने अपने यहां पहले और अब के बोर्ड इस तरह लगाए हैं, जिसमें लोगों को बताया जा सके कि कोई सामान कितना सस्ता हो गया है। पत्र में 11 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की बात भी कही गई है। पीएम मोदी कुछ समय से स्वदेशी सामान पर अधिक जोर दे रहे हैं। विपक्ष हालांकि अभी भी उनसे नाखुश दिखाई दे रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो कह भी दिया कि आठ साल जनता को लूटने के बाद अब उसको थोड़ी राहत प्रदान की गई है। विपक्ष का यह भी कहना है कि वह काफी लंबे समय से जीएसटी को लेकर आवाज उठा रहे थे, क्योंकि जो दरें पहले निश्चित की गई थीं उससे सरकार का खजाना तो भर रहा था, लेकिन जनता की जेब खाली हो रही थी। यह बात सरकार भी अप्रत्यक्ष रूप से ही सही मानती दिखाई भी दे रही है, क्योंकि पीएम मोदी स्वयं कह रहे हैं कि नए जीएसटी सुधार से आम आदमी को लाभ होगा। उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, क्योंकि इससे जो बचत होगी उससे उनकी आर्थिक मजबूती में बढ़ोतरी होगी। इसलिए इसको उन्होंने बचत उत्सव का नाम भी दिया है। निश्चित रूप से सरकार की तरफ से यह देशवासियों के लिए एक बड़ा तोहफा ही कहा जाएगा। यह भी देखना दिलचस्प है कि अभी तक सरकार की तरफ से ही इस फैसले को लेकर अधिक गंभीरता दिखाई जा रही है और पूरा सरकारी अमला इसे सरकार की बड़ी उपलब्धि बताकर माहौल को अपने पक्ष में करता दिखाई दे रहा है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने भी सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि मोदी सरकार का नवरात्र के शुभ अवसर पर देश की सभी माताओं बहनों को जीएसटी सुधारों का उपहार। उन्होंने इसके लिए पीएम मोदी की तारीफ भी की। केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण भी नई दिल्ली में एक स्टेशनरी की दुकान पर गईं ताकि वह देख सकें कि दुकानदार इसका ठीक से पालन कर रहे हैं या नहीं। निश्चित रूप से पक्ष विपक्ष के दावे आरोप प्रत्यारोप के चलते ही रहते हैं, लेकिन इस समय तो यही कहा जा सकता है कि समय की नजाकत को देखते हुए सरकार ने यह एक सराहनीय कदम उठाया है। अब जरूरत इस बात की है यह सुनिश्चित किया जाए कि लोगों को सीधे लाभ पहुंचे।

## पीओके के लोग आजादी की मांग कर रहे



पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओ. के) भारत में बिना किसी लड़ाई या हमले के अपने आप मिल जाएगा, पीओके के लोग खुद आजादी की मांग कर रहे हैं और एक दिन वे कहेंगे कि मैं भी भारत हूं, 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के अगले ही दिन सीडीएस, तीनों सेनाध्यक्षों और रक्षा सचिव के साथ बैठक में उन्होंने पूछा था कि अगर सरकार आदेश दे, तो क्या सेना तैयार है, उन्होंने बिना एक पल गंवाए कहा कि बिल्कुल तैयार हैं, इसके बाद पीएम मोदी ने हमें पूरी छूट दी और आपने नतीजा देखा कि सीमा पर नहीं, बल्कि 100 किमी अंदर जाकर आतंकी ठिकाने तबाह किए गए, भारत ने आतंकियों को उनके धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि उनके कर्म (अपराध) देखकर मार गिराया, आतंकी हमारे लोगों को धर्म पूछकर मारते हैं, पर भारत ने उनका धर्म नहीं देखा, सिर्फ बुरे काम देखकर जवाब दिया है।

**राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है मां शाकुम्भरी सिद्ध पीठ

## सहारनपुर में 42 किमी. उत्तर निर्जन वन में है प्रागैतिहासिक मंदिर

सहारनपुर से 42 किलो मीटर उत्तर निर्जन वन क्षेत्र में शाकुम्भरी देवी का प्रागैतिहासिक धार्मिक मंदिर है। लोगों का मत है कि मां शाकुम्भरी देवी असोज (अश्विन) शुदी चौदस को अवश्य अपने मंदिर में आती हैं। इसी कारण यहां असोज शुदी चौदस को मेला लगता है। इस पीठ में दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु आते हैं और शाकुम्भरी देवी के दर्शन कर सोने व चांदी के छत्र चढ़ाते हैं। शाकुम्भरी देवी का उल्लेख संस्कृत के अनेक ग्रन्थों में मिलता है। इनमें महाभारत, देवी भागवत, मार्कण्डेयपुरा, पद्पुराण आदि का नाम लिया जा सकता है। सहारनपुर जनपद के गजेटियर में भी शाकुम्भरी देवी तथा उसके मंदिर का उल्लेख मिलता है। महाभारत में वन पर्व का उल्लेख मिलता है।



यह देवी तीनों लोको में शाकुम्भरी नाम से विख्यात है। उत्तम व्रत का पालन करने वाली उस देवी ने एक हजार दिव्य वर्षों तक एक-एक महीने पर केवल शाक का आहार किया था। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर अहुत से तपोधन ऋषि यहां आये तो उस देवी ने उन महर्षियों का आतिथ्य सत्कार भी शाक के द्वारा ही किया। महाभारत के अतिरिक्त कई पुराणों में भी शाकुम्भरी को उल्लेख मिलता है। तक मै पृथ्वी में शाकुम्भरी नाम से प्रसिद्धि प्राप्त करूंगी और वहीं पर दुर्गम नामक राक्षस का वध करूंगी। सन् 1921 ई. में प्रकाशित सहारनपुर गजेटियर के पृष्ठ 225 पर उल्लेख मिलता है। लगभग 2400 वर्ष पूर्व प्रवास काल में सम्राट चन्द्रगुप्त यहां (बेहट)ठहरता था और यहीं से शाकुम्भरी देवी के दर्शनों को जाता था। इसी प्रसंग का एक प्रकरण डा. सत्यकेतु विद्यालंकार द्वारा लिखित आचार्य चाणक्य नामक उपन्यास में इस प्रकार दिया गया है। शिवा. लिक पहाड़ियों में स्थित यह मंदिर उस समय बड़ा पवित्र माना जाता था और भगवती शाकुम्भरी के दर्शन के लिये लाखों श्रद्धालु प्रति वर्ष यहां आया करते थे। इस मंदिर के चारों और घनघोर जंगल था और दिन में समय वहां जाना भय से खाली नहीं समझा जाता था। यहीं कारण है कि शाकुम्भरी के यात्री 'बृहद्हटट्' नामक नगर में ठहरकर दिन के समय टोली बनाकर दर्शन को जाते थे। बृहद्टट् नगरी शाकुम्भरी देवी के मंदिर से डेढ़ योजन पर उस राजमार्ग पर स्थित थी, जो कुरुक्षेत्र से उत्तर के पार्वत्य नगरों के साथ व्यापार हेतु इस मार्ग का उपयोग था और बृहद्हटट् इस व्यापार का महत्वपूर्ण स्थान था। श्री मंदिर के गर्भ में मां शाकुम्भरी देवी के दाहिने ओर छोटी सी मूर्ति बालगणपति की है। दाहिने भीमा भ्रामरी की मूतियां है, बाये शताक्षी देवी की मूर्ति है। प्रमुख मंदिर के बाहर आंगन में शिव, हनुमान, काली एवं भैरव आदि की मूर्तियां है। मंदिर के सामने ही स्वच्छ जल की प्राकृतिक धारा बहती है, इसके दूसरी ओर विशाल 'वीर क्षेत्र' का मैदान है। पास ही पहाड़ पर माता छिन्नमस्ता देवी का मंदिर है। मंदिर से एक मील पहले भूरादेव का एक छोटा सा मंदिर है। इसे भगवती का पहरेदार भी कहते हैं। कहते हैं कि देवी का यह मंदिर बहुत ही भव्य था। इसके आसपास कोई निर्माण नहीं था केवल अश्विनी मास की चतुर्दशी को ही यहां छोटा सा मेला लगता था। दर्शनार्थी रात्रि में यहां ठहरना नहीं चाहते थे क्योंकि यह घाटी हिंसक पशुओं से भी थी। तीर्थ यात्री बेहट में ही डेरा डालते थे। वहां से प्रातः ही बैलगाड़ियों में यहां दर्शन करने आते थे और रात होते-होते बेहट लौट जाया करते थे। 7-8 किलो मीटर ऊपर सहस्रा ठाकुर जी का प्राचीन मंदिर है। श्रद्धालु तब इसी मंदिर को अधिक महत्व देते थे। इस क्षेत्र की सम्पूर्ण परिक्रमा 1-2 मील की थी, जिसमें शाकुम्भरी देवी, सहस्रा ठाकुर शाकेश्वर महादेव, रक्त दंतिका, छिन्न मस्तिका आदि पूजनीय स्थान थे। प्रथम दर्शन भूरे देव का माना जाता था। अन्यथा यात्रा अधूरी मानी जाती थी। अब परिस्थितियां अत्यन्त बदल चुकी है। आज मां शाकुम्भरी देवी की मान्यता न केवल भारत वरन् विश्व स्तर की हो चुकी है। प्रतिदिन यात्रियों तथा दर्शनार्थियों का ताता लगा रहता है। रविवार अष्टमी तथा चतुर्दशी को तो छोटे मेले जैसा दृश्य देखने को मिलता है। समृद्ध परिवारों के तीर्थ यात्री तो अब अपने-अपने निजी वाहनों से आते हैं और दर्शन कर भण्डारा देकर सांयकाल वापस चले जाते है। वैसे सहारनपुर से बसें भी मंदिर द्वार तक जाती आती है। मंदिर के समीप ऊपर भी आश्रम है जहां निःशुल्क आवास तथा भोजन की सुविधा उपलब्ध है। विशाल यज्ञ शाला में सहस्र चण्डी यज्ञ होते रहते हैं। सामने तथा नीचे खोल में कई धर्मशालाएं, रैन बसेरा तथा अग्रवाल धर्मशाला, श्री शंकराचार्याश्रम आदि है अर्थात ठहरने की अच्छी व्यवस्था है। इसके लिए मंदिर के व्यवस्थापक राणा आदित्य प्रताप सिंह मंदिर परिक्षेत्र में अच्छा इंतजाम रखते हैं। सहस्रा खोले में मंदिर में पास भोजन जलपान तथा प्रसाद आदि की अस्थायी दुकाने हैं। दुकानों में भी यात्रियों को ठहराने की व्यवस्था रहती है। वर्षाकाल में बरसाती नदी में जल भर जाने के कारण भूरादेव से मंदिर श्री शाकुम्भरी देवी तक मार्ग प्रायः अवरुद्ध हो जाता है और तीर्थ यात्रियों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। वाहन तथा सामान ओर कभी-कभी यात्री भी पानी में बह जाते हैं। भूरादेव से भवन तक का एक मील का यह टुकड़ा अभी तक नहीं बन पाया है। कई बार मंत्रियों, वन विभाग तथा जिला पंचायत द्वारा घोषनाएं हुई किन्तु यह कार्य सम्पन्न नहीं हुआ। जब तक नदी पर दो पुल नहीं बनते और ऊपर पहाड़ी मार्ग नहीं बन जाता तक तक मंदिर तथा आसपास के सौन्दर्यीकरण का प्रश्न ही नहीं उठता। यह गुरूतर कार्य प्रदेश तथा केन्द्रीय सरकार ही करा सकती है। माता वैष्णवी देवी की तर्ज पर इस मंदिर का विकास भी किया जा सकता है अन्यथा तीर्थ यात्रियों की कठिनाइयां जस की तस ही बनी रहेगी। इस बार भरने वाला शाकुम्भरी मेला आज 22 सितम्बर से 2025 से शुरू हो गया है। मेले की सभी व्यवस्था जिला पंचायत करती है। जबकि जिले का पुलिस व प्रशासन भी अपनी व्यवस्था बनाए रखने में कोई कमी नहीं छोड़ता। लगभग दस दिनों तक चलने वाले इस मेले में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा हुआ है। आजकल चतुर्थ नवरात्र पर्व पर सिद्धपीठ श्री मां शाकुम्भरी देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं का सैलाब सा उमड़ा हुआ है।



**ज़िया अब्बास ज़ैदी**
वरिष्ठ पत्रकार
**मोबाइल नंबर-9837776610,**
**ई-मेल- ziaabbaszaidist@gmail.com**

# बच्चों का हास-परिहास और उनका विकास

**यह है कि छोटे बच्चे अक्सर कहे जाने पर मजाक नहीं करते और शोधकर्ताओं के सामने शर्माते भी हैं। कभी-कभी उनका हास्य समझना भी मुश्किल होता है। फिर, कुछ विद्वान हास्य को हल्का-फुल्का विषय मानते हैं और शोध के लायक नहीं समझते। लेकिन हाल के अध्ययनों ने इस सोच को बदला है। एलेना होइका जैसे मनोवैज्ञानिकों ने बच्चों के हास्य के विकास को बारीकी से ट्रैक किया और दिखाया कि यह उनके मानसिक विकास से जुड़ा है। यानी यह केवल हंसी-मजाक नहीं है, बल्कि बच्चों के विकास में गंभीर और अहम भूमिका निभाता है। बहरहाल, हास्य का महत्व सिर्फ बचपन के विकास या सामाजिक रिश्तों तक सीमित नहीं है। इसकी असली ताकत यह है कि यह हमें इंसान बनाता है।**

हास्य-विनोद इंसानी व्यक्तित्व का बहुत पुराना और रोचक पहलू है। बच्चे पूरे वाक्य बोलने या किताब पढ़ने से पहले ही हंसी-मजाक और शरारतें करने लगते हैं। यह उनके विकास, दूसरों से जुड़ाव और बुद्धिमत्ता से जुड़ा होता है।

शोध बताता है कि बच्चे जन्म के कुछ ही महीनों बाद मुस्कराने और थोड़े समय बाद हंसने लगते है। शुरू में वे सरल खेलों से मजा लेते हैंय जैसे आंख-मिचौली, गुदगुदी या टेढ़े-मेढ़े चेहरे बनाना। फिर वे अजीब जगहों पर छिपने का नाटक, उछल-कूद या चीजों को खिलौने बना कर मजा लेने लगते हैं। धीरे-धीरे बच्चे और उन्नत हास्य करने लगते हैंय जैसे चिढ़ाना, भूमिकाएं निभाना, बेतुके शब्द बोलना और अंत में शब्दों के खेल और चुटकुले समझना। मनोवैज्ञानिकों ने इसे 'अर्ली ह्यूमर सर्वे' जैसे शोधों में दर्ज किया है। इससे स्पष्ट होता है कि बच्चे अचानक मजाकिया नहीं बन जाते बल्कि धीरे-धीरे यह कौशल विकसित करते हैं, जो आगे चलकर उनकी सोच और संवाद की क्षमता को मजबूत बनाता है। हास्य सिर्फ मनोरंजन नहीं है, बल्कि यह सीखने और सामाजिक विकास का एक महत्वपूर्ण जरिया है। जब कोई बच्चा मजाक या चुटकुला समझता है, तो उसे कई बातों पर ध्यान देना पड़ता है - जैसे किसी चीज का सामान्य उपयोग क्या है, उसमें क्या अलग या अजीब किया गया है और क्यों वह मजेदार लग रहा है। इसका मतलब है कि बच्चा चीजों को केवल अपनी नजर से नहीं बल्कि दूसरों के दृष्टिकोण से भी देखना सीखता है। मनोवैज्ञानिक इसे थ्योरी ऑफ माइंड कहते हैं। जो बच्चे ज्यादा मजाक करते हैं या खेल-खेल में हंसी-मजाक करते हैं, वे सामाजिक और मानसिक रूप से ज्यादा तेजी से विकसित होते हैं। वे जल्दी सीखते हैं, बेहतर संवाद करते हैं और अच्छे रिश्ते बना पाते हैं। हंसी-विनोद हमारे रिश्तों को मजबूत करने का काम करते हैं। मनोवैज्ञानिक रॉबर्ट प्रोवाइन के अध्ययन में पाया गया कि हम दूसरों के साथ रहते हुए लगभग 30 गुना अधिक हंसते हैं। दिलचस्प बात यह है कि हम केवल 20 प्रतिशत मजाक या चुटकुलों पर हंसते है, बकाया तो आम बातचीत के दौरान हंसते हैं। यानी हंसी जुड़ाव, भरोसे और अपनेपन से जुड़ा मामला है। यह आदत सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं है। चिम्पैंजी और गोरिल्ला जैसे अन्य प्राइमेट भी खेलते समय हंसी जैसी हरकतें दिखाते हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि शुरू में हंसी का विकास 'सोशल ग्रूमिंग' के लिए हुआ था। क्योंकि शारीरिक ग्रूमिंग जैसे एक-दूसरे को साफ करना छोटे समूहों तक सीमित था और समय लेता था, हंसी शायद एक आसान और तेज तरीका बनी जिससे बड़े समूहों में भी अपनापन बढ़ सके। मनुष्यों में हंसी और भी मजबूत भूमिका निभाती है। यह दो तरह की होती है। एक, स्वाभाविक हंसी (जब हमें सच में कुछ मजेदार लगता है)। दूसरी, जान-बूझकर की गई हंसी जिसे हम दोस्ती जताने, तनाव घटाने या रूचि दिखाने के लिए करते हैं। दोनों ही तरह की हंसी लोगों को जोड़ने और समूहों को एकजुट रखने में अहम भूमिका निभाती है। वैज्ञानिक कहते हैं कि इंसानी हंसी हमारी निहायत नैसर्गिक अभिव्यक्तियों में से एक है। इंसानों की खासियत यह है कि हम केवल खेल-खेल में नहीं, बल्कि व्यंग्य, कटाक्ष और यहां तक कि गहरी दार्शनिक बातों पर भी हंस सकते हैं। यह दिखाता है कि हास्य मानव स्वभाव की बुनियादी विशेषता है। इतिहास में कई दार्शनिकों ने इंसान की अनोखी पहचान को परिभाषित करने की कोशिश की है - अरस्तू ने इसे तार्किकता का नाम दिया, विट्गेंस्टाइन ने इसे भाषा बताया और सार्त्र ने स्वतंत्र निर्णय, लेकिन हास्य की सर्वव्यापकता और बच्चों द्वारा इसे इतनी जल्दी अपनाना यह संकेत देता है कि हास्य हमारी पहचान के लिए उतना ही जरूरी है जितनी तार्किकता या भाषा। कहना गलत न होगा कि हम हंसते हैं इसलिए हम इंसान हैं।

**सीखने में हास्य का महत्व**

हास्य सीखने को आसान और मजेदार बना देता है। शोध बताते हैं कि यदि बच्चों को पढ़ाते समय हंसी-मजाक का इस्तेमाल किया जाता है तो बच्चे जल्दी और बेहतर सीखते हैं। यहां तक कि खबरें भी मजेदार अंदाज में सुनाई जाएं तो लोग उन्हें ज्यादा दिलचस्पी से सुनते हैं। बच्चों द्वारा हास्य और कल्पना को मिलाना भी सीखने का हिस्सा है। जैसे केले को फोन बनाना या अजीब से शब्द गढ़ना-यह केवल खेल नहीं बल्कि रचनात्मकता की शुरुआत हैं। हास्य बच्चों को सुरक्षित और मजेदार तरीके से नियम तोड़ने का मौका देता है, जिससे वे नई बातें सोच पाते हैं और आगे बढ़ते हैं। धीरे-धीरे यही खेल-खेल में किया गया हास्य उन्हें कहानी कहने, नकल करने और गहराई से सोचने की क्षमता तक ले जाता है। हालांकि बच्चों में हास्य बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन इस पर उतना शोध नहीं हुआ है जितना अन्य मनोवैज्ञानिक विषयों पर हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आयुर्वेद दिवस: स्वास्थ्य और प्रकृति के संतुलन का महत्व

आयुर्वेद, जिसकी जड़ें भारतीय संस्कृति और ज्ञान की हजारों वर्षों पुरानी परंपराओं में निहित हैं, आज वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और कल्याण की एक मान्यता प्राप्त प्रणाली बन चुका है। ऋग्वेद और अथर्ववेद में वर्णित औषधीय ज्ञान से लेकर चरक, सुश्रुत और वाग्भट्ट जैसे आचार्यों के ग्रंथों तक, आयुर्वेद ने सदियों से मनुष्य को प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने की शिक्षा दी है। यह केवल एक औषधि-प्रणाली नहीं है बल्कि जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति है, जिसमें आहार, विहार, आचरण, योग और ध्यान को स्वास्थ्य का मूल आधार माना जाता है। इसी कारण आयुर्वेद को 'जीवन वेद' कहा जाता है, जो मनुष्य को केवल रोगमुक्ति ही नहीं बल्कि दीर्घायु, संतुलित और पर्यावरण-सम्मत जीवन की ओर प्रेरित करता है। 2016 में जब पहली बार आयुर्वेद दिवस मनाया गया था, तब इसकी तिथि धनतेरस के साथ जुड़ी थी लेकिन वैश्विक महत्व और स्थाई पहचान को ध्यान में रखते हुए अब प्रत्एक वर्ष 23 सितंबर को यह दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस का 10वां संस्करण 'आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए' थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो न केवल मनुष्य के व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और पारिस्थितिकीय स्थिरता को भी केंद्र में लाता है। इस .ष्टि से यह वर्ष आयुर्वेद दिवस को वैश्विक स्वास्थ्य और धरती के कल्याण का एक संयुक्त मंच बना देता है। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में जब आधुनिक जीवनशैली अनेक चुनौतियां खड़ी कर रही है, तब आयुर्वेद की प्रासंगिकता बहुत बढ़ गई है। मधुमेह, मोटापा, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मानसिक तनाव इत्यादि जीवनशैली से संबंधित रोग आज विश्वभर में गंभीर समस्या बन चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल करोड़ों लोग जीवनशैली संबंधी विकारों से प्रभावित हो रहे हैं और इनसे जुड़ी मृत्यु दर लगातार बढ़ रही है। ऐसे समय में आयुर्वेद का यह संदेश कि रोग की रोकथाम उपचार से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। आहार-विहार के संतुलन, प्राकृतिक जीवन पद्धति, दिनचर्या और ऋतुचर्या पर आधारित जीवनशैली को अपनाकर न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुधारा जा सकता है बल्कि सामाजिक और वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य भार को कम किया जा सकता है।



आयुर्वेद दिवस का इस वर्ष का विषय पर्यावरण की रक्षा को भी प्राथमिकता देता है। आज वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन, वायु और जल प्रदूषण, प्राकृतिक संसाधनों की कमी और असंतुलित उपभोग जैसी चुनौतियां हमारे सामने हैं। वैज्ञानिक रिपोर्टें लगातार चेतावनी दे रही हैं कि यदि इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाली पीढ़ियां गंभीर संकट का सामना करेंगी। आयुर्वेद इस दिशा में मार्गदर्शन करता है कि कैसे हम प्रकृति के साथ संतुलित संबंध बनाकर अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों की रक्षा कर सकते हैं। आयुर्वेदिक उपचार पद्धतियां रासायनिक दवाओं की तुलना में पर्यावरण पर कहीं अधिक कम बोझ डालती हैं। औषधीय पौधों और प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित चिकित्सा न केवल सुरक्षित है बल्कि जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र को भी संरक्षित करने में मददगार है। विश्व स्तर पर भी आयुर्वेद अब केवल भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं है। आज 24 देशों में इसे पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के रूप में मान्यता प्राप्त है और 100 से अधिक देश आयुर्वेदिक औषधियों और उत्पादों का आयात करते हैं। आयुष मंत्रालय के अनुसार भारत का आयुर्वेदिक उद्योग वर्ष 2023-24 में लगभग 5.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है और 2028 तक इसके 10 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह न केवल भारत की अर्थव्यवस्था में योगदान कर रहा है बल्कि विश्व को प्राकृतिक और सुरक्षित स्वास्थ्य विकल्प भी उपलब्ध करा रहा है। आयुर्वेदिक उत्पादों की मांग अमेरिका, यूरोप, एशिया और अफीका के देशों में लगातार बढ़ रही है और योग तथा ध्यान के साथ मिलकर यह एक समग्र स्वास्थ्य समाधान के रूप में स्थापित हो रहा है। आयुर्वेद दिवस 2024 की उपलब्धियों ने इस वर्ष के आयोजन के लिए ठोस आधार तैयार किया है। पिछले वर्ष अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) के दूसरे चरण का उद्घाटन किया गया, जिससे शोध, शिक्षा और उपचार की सुविधाओं का विस्तार हुआ। साथ ही आयुर्वेद में चार उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए, जिन्होंने आधुनिक अनुसंधान और पारंपरिक ज्ञान को जोड़ने का कार्य किया। 'देश का प्रकृति संरक्षण अभियान' भी इसी क्रम में शुरू किया गया, जो यह दर्शाता है कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा नहीं है बल्कि पर्यावरणीय संरक्षण का भी हिस्सा है। यह उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि भारत आयुर्वेद को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठा रहा है।



**योगेश कुमार गोयल**

आयुर्वेद का प्रभाव सामाजिक स्तर पर भी उल्लेखनीय है। हाल ही में हुए प्रथम अखिल भारतीय एनएसएसओ सर्वेक्षण ने स्पष्ट किया है कि भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में आयुर्वेद सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली उपचार प्रणाली है। इसका कारण यह है कि लोग इसे सुरक्षित, सुलभ और किफायती मानते हैं। आयुर्वेदिक औषधियां न केवल घरेलू स्तर पर आसानी से उपलब्ध होती हैं बल्कि इनके दुष्प्रभाव भी न्यूनतम होते हैं। यही कारण है कि आज आम नागरिक से लेकर वैश्विक स्वास्थ्य विशेषज्ञ तक, आयुर्वेद को आधुनिक चिकित्सा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण पूरक मान रहे हैं। आयुर्वेद का यह स्वरूप न केवल स्वास्थ्य की .ष्टि से बल्कि सांस्कृतिक और कूटनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। विश्व के कई देशों में भारत की 'सॉफ्ट पावर' के रूप में आयुर्वेद और योग की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### सुशीला कार्की की कैबिनेट में शामिल हुए चार नए मंत्री

**काठमांडू।** नेपाल में पीएम सुशीला कार्की की कैबिनेट में सोमवार को चार नए मंत्री शामिल हो गए है। इन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के निवास में आयोजित एक समारोह में शपथ दिलाई गई। इसमें पूर्व जज अनिल कुमार सिन्हा को उद्योग, विधि एवं भूमि प्रबंधन और सहकारिता मंत्रालय, महावीर पुन को शिक्षा मंत्रालय, मदन परियार को कृषि मंत्रालय और जगदीश खरेल को संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही कार्की की कैबिनेट में प्रधानमंत्री सहित आठ सदस्य हो गए हैं।

### पश्चिमी इराक में दो सुरक्षाकर्मी मारे गए

**बगदाद।** इराक के आतंकवाद निरोधी सेवा (सीटीएस) के दो सदस्य रविवार को पश्चिमी प्रांत अनबार में सुरक्षा अभियान के दौरान हुए विस्फोट में मारे गए और एक खुफिया अधिकारी घायल हो गया। यह जानकारी इराकी सेना ने दी। इराकी संयुक्त ऑपरेशन कमांड से संबद्ध मीडिया आउटलेट, सिक्योरिटी मीडिया सेल ने एक बयान में कहा कि यह घटना स्थानीय समयानुसार अपराह्न 3:00 बजे (1200 जीएमटी) हुई, जब सीटीएस और अनबर खुफिया एवं आतंकवाद निरोधक निदेशालय का एक संयुक्त बल अनबर में इस्लामिक स्टेट आतंकवादियों के ठिकानों पर हाल ही में किए गए हवाई हमले के स्थल का निरीक्षण कर रहा था।

### क्रीमिया में यूक्रेनी ड्रोन हमलों में तीन लोगों की मौत

**मास्को।** क्रीमिया में एक यूक्रेनी ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 16 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी यूक्रेन के क्षेत्रीय प्रमुख सर्गेई अक्स्योनोव ने रविवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर दी। अक्स्योनोव ने कहा कि यह घटना फोरोस बस्ती के पास हुई जहां फोरोस सैनिटोरियम और एक स्थानीय स्कूल भवन की कई सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। अक्स्योनोव के सलाहकार ओलेग क्रायुचकोव ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि फ़ोरोस स्कूल पर ड्रोन हमले में असेंबली हॉल पूरी तरह नष्ट हो गया और लाइब्रेरी को भारी नुकसान पहुंचा।

### रागासा ने हांगकांग की सभी उड़ानों पर डाला असर, 500 से अधिक रद्द

**हांगकांग।** हांगकांग हवाई अड्डा प्राधिकरण ने सोमवार को तूफान रागासा के रौद्र रुप को देखते हुए विभिन्न विमानन कंपनियों की कई उड़ानें रद्द करने की घोषणा की। प्राधिकरण ने कहा कि मंगलवार शाम से ही उड़ानों में कटौती शुरु कर दी जाएगी। इस शक्तिशाली तूफान के बुधवार को यहां पहुंचने की आशंका है। इस दौरान केवल 'कुछ ही उड़ानों' को उड़ान भरने और उतरने की अनुमति होगी।

# ChatGPT की मदद से महिला ने जीते 1.25 करोड़ रुपये

## आठ सितम्बर को वर्जीनिया लॉटरी में चार सही नंबर और पावरबाल मिलाकर लाटरी जीती



■ जैसे ही यह इनाम मेरे पास आया, तो मुझे तुरंत समझ आ गया कि मुझे इस पैसे का क्या करना है: कैरी

**वर्जीनिया।** रिश्तों में सलाह देना हो या किसी की मन की बात सुनना, आज चैटजीपीटी कई तरह से लोगों की मदद कर रहा है, लेकिन अब यह लाटरी जीतने में भी मददगार साबित हो रहा है। वर्जीनिया के मिडलोथियन शहर की रहने वाली कैरी एडवर्ड्स इसका ताजा उदाहरण हैं। उन्होंने आठ सितम्बर को वर्जीनिया लाटरी में चार सही नंबर और पावरबाल मिलाकर लाटरी जीत ली।

पहले उन्हें 50 हजार अमे. रिकी डॉलर (करीब 42 लाख रुपये) मिलने वाले थे। लेकिन उन्होंने 'पावर प्ले' नाम का एक विकल्प चुना, जिसमें केवल एक डॉलर और जोड़ने पर इनाम तीन गुना हो गया। इस तरह उन्हें कुल 150000 डॉलर (करीब 1.25 करोड़ रुपये) मिले। अब सवाल यह है कि ये इनाम जीतने वाले नंबर उन्हें किसने बताए? ये नंबर चौटजीपीटी ने दिए। कैरी आमतौर पर लाटरी नहीं खेलतीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने फोन के चौटजीपीटी ऐप से नंबर पूछे। एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान उन्होंने बताया कि मैंने चौटजीपीटी से कहा-मुझसे बात करो...क्या तुम्हारे पास मेरे लिए कुछ नंबर हैं? दो दिन बाद जब वह एक बैठक में थीं, तो उनके फोन पर एक नोटिफिकेशन आया, जिसने उन्हें चौंका दिया। शुरुआत में उन्हें लगा कि यह कोई धोखाधड़ी है, लेकिन जब उन्होंने खबर की पुष्टि की तो उन्हें इस जिंदगी बदल देने वाली जीत पर भरोसा हुआ। उन्होंने कहा, जैसे ही यह इनाम मेरे पास आया तो मुझे तुरंत समझ आ गया कि मुझे इस पैसे का क्या करना है। मुझे लगा कि मुझे यह सब दान कर देना चाहिए, क्योंकि मुझे पहले ही बहुत कुछ मिला है। मैं चाहती हूं कि यह एक उदाहरण बने कि जब किसी को कुछ अच्छा मिले तो वह दूसरों की मदद करे। कैरी एडवर्ड्स ने पूरे 150000 डॉलर अच्छे कामों में बांटने का फैसला किया। पहला हिस्सा उन्होंने एक चौरिटी को दिया, जिसका नाम एसोसिएशन फार फ्रंटोटेम्पोरल डिजेनरेशन है।

यह संस्था ऐसी बीमारी पर शोध करती है, जिससे 2024 में उनके पति की मौत हुई थी। दूसरा हिस्सा शलोम फार्म्स को दिया गया, जो रिचमंड में एक जैविक खेती करने वाला फार्म है और भूख की समस्या को हल करने के लिए काम करता है। तीसरा हिस्सा नेवी-मरीन कार्प्स रिलीफ सोसायटी को मिला, जो उनके दिल के बहुत करीब है, क्योंकि उनके पिता एक फाइटर पायलट थे और इस संस्था से हमेशा जुड़े रहे।



यूक्रेन। जापोरिज्जिया में रूसी हमले के दौरान नष्ट हुई एक इमारत में काम करते बचावकर्मी।

## बांग्लादेश में डेंगू से एक दिन में हुई सबसे अधिक मौतें: डीजीएचएस

**ढाका।** बंगलादेश के स्वास्थ्य सेवा महानिद. ेशालय (डीजीएचएस) ने रविवार को कहा कि देश में डेंगू से कुल 12 लोगों की मौत हुई है। बंगलादेश में एक दिन में हुई मौतों का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। डीजीएचएस के आंकड़ों के अनुसार इस साल मरने वालों की संख्या 179 तक पहुंच गई है। डीजीएचएस ने बताया कि पिछले 24 घंटों में रविवार सुबह आठ बजे तक देश में 740 नए संक्रमण के मामले सामने आये जिससे इस वर्ष अब तक डेंगू के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 41,831 हो गई है। संक्रमण के ये ताजा आंकड़े देश के कुछ हिस्सों में मच्छर जनित बीमारी के तेजी से बढ़त को दिखाते हैं। गौरतलब है कि जून-सितम्बर मानसून अवधि बंगलादेश में डेंगू बुखार का मौसम माना जाता है, इस कारण इसे मच्छर जनित बीमा. रियों के लिए उच्च जोखिम वाला देश माना जाता है।

## परमाणु निरस्त्रीकरण अब पुरानी कहानी: किम जोंग उन



■ किम ने द. कोरिया के साथ बातचीत की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग उन ने कहा है कि परमाणु निरस्त्रीकरण एक अवधारणा के रूप में अपना अर्थ खो चुका है और उनका देश अपने परमाणु हथियारों को 'कभी नहीं' त्यागेगा, लेकिन अगर अमेरिका 'परमाणु निरस्त्रीकरण के अपने मोह को छोड़ दे' तो वह उसके साथ 'शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व' पर चर्चा के लिए तैयार है।

उत्तर कोरिया की संवाद समिति केसीएनए के अनुसार, उन ने चौदहवीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली के तेरहवें सत्र के दूसरे दिन यह टिप्पणी की। यह सत्र 20 से 21 सितम्बर तक मानसुडे असेंबली हॉल में आयोजित किया गया था।अपने संबोधन में किम ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी 'अच्छी यादें' साझा कीं। साल 2018-19 में हुई इन मुलाकातों में प्रतिबंधों में राहत के बदले परमाणु निरस्त्रीकरण के कदमों पर चर्चा करने के लिए तीन बार बात की गई थी। यह टिप्पणी अमेरिका के राष्ट्रपति के इस साल किम से मिलने की इच्छा व्यक्त करने के एक महीने से भी कम समय बाद आई है। उन्होंने तब किम के साथ अपने 'बेहद मैत्रीपूर्ण' संबंधों पर ज़ोर दिया था। किम ने दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया।

# अमेरिका को छोड़ 150 देशों ने फलस्तीन को दी मान्यता

## पिछले 24 घंटे में ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फलस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दी



■ ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा: दो राष्ट्र समाधान ही शांति का रास्ता
■ इस कदम से इजरायल पर गाजा में मानवीय संकट कम करने का दबाव बढ़ा
■ फ्रांस इस हफ्ते यूएन में फलस्तीन को मान्यता देने के पक्ष में वोट करेगा

**लंदन।** पिछले 24 घंटे में ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फलस्तीन को औपचारिक तौर पर एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी। इससे फलस्तीन को मान्यता देने वाले देशों की संख्या अब करीब 150 हो गई है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि दो राष्ट्र समाधान ही शांति का रास्ता है।

वहीं पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रेंजेल ने कहा कि फलस्तीन को मान्यता देना ही स्थाई शांति का एकमात्र रास्ता है। इस कदम से इजरायल पर गाजा में मानवीय संकट कम करने का दबाव बढ़ा है। हालांकि, अमेरिका अब भी फलस्तीन को एक देश के तौर पर मान्यता नहीं देता है। वहीं, फ्रांस ने भी ऐलान किया है कि वह इस हफ्ते यूएन में फलस्तीन को मान्यता देने के पक्ष में वोट करेगा। ब्रिटिश पीएम ने वीडियो संदेश जारी कर फलस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया। वहीं, इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि फलस्तीन को आजाद देश मानना आतंकवाद को इनाम देना है। जार्डन नदी के पश्चिम में फलस्तीनी देश नहीं बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों को दोगुना कर दिया है और इसे और बढ़ाएंगे। नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि वह इस मान्यता का जवाब अमेरिका से लौटने के बाद देंगे। विदेश मंत्री यवेट कूपर ने इजरायल को साफ चेतावनी दी है कि ब्रिटेन के फलस्तीनी को मान्यता देने के बाद वह वेस्ट बैंक के हिस्सों पर कब्जा करने की कोशिश न करे, उनकी सरकार यह बर्दाश्त नहीं करेगी। कूपर ने कहा कि दोनों तरफ कट्टरपंथी लोग हैं जो टू स्टेट साल्यूशन को खत्म करना चाहते हैं, लेकिन ब्रिटेन इसे बचाना चाहता है। कई सालों से पश्चिमी देशों की सरकारें कहती रही हैं कि फलस्तीन देश को मान्यता तब दी जाएगी जब हालात सही होंगे। उनका मानना था कि सिर्फ मान्यता देने से असलियत नहीं बदलेगी। लेकिन अब हालात इतने बिगड़ गए हैं कि सरकारें दबाव महसूस कर रही हैं। इजरायल की लगातार सैन्य कार्रवाई से इजरायल को लेकर दुनिया की राय बदल रही है। इन्हीं वजहों से कई देशों ने फलस्तीन को मान्यता देने का फैसला किया है। फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से करीब 75 प्रतिशत देश मान्यता दे चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र में इसे 'परमानेंट आबजर्वर स्टेट' का दर्जा हासिल है। इसका मतलब है कि फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति तो है लेकिन वोटिंग का अधिकार नहीं है। फ्रांस की मान्यता मिलने के बाद फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के 5 में 4 स्थाई देशों का समर्थन मिल जाएगा। चीन और रूस दोनों ने 1988 में फलस्तीन को मान्यता दी थी। ऐसे में अमेरिका इकलौता देश होगा जिसने फलस्तीन को मान्यता नहीं दी है। उसने ने फलस्तीनी अथारिटी (एपी) को मान्यता दी है। फलस्तीनी अथारिटी 1994 में इसलिए बनाई गई थी ताकि फलस्तीनियों के पास अपनी स्थानीय सरकार जैसी व्यवस्था हो और आगे चलकर यह पूरा राज्य बनने की नींव बन सके।

# H-1B वीजा की फीस बढ़ने के बाद चीन लाया K वीजा

## टैलेंटेड युवाओं को बुलाना मकसद, चीनी कंपनी में नौकरी के ऑफर के बिना भी आवेदन कर सकेंगे




■ के-वीजा साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है

**बीजिंग।** अमेरिका ने प्रोफेशनल्स के लिए एच-1बी वीजा की फीस करीब 6 लाख से बढ़ाकर 88 लाख कर दी है। इस बीच चीन ने नया 'के-वीजा' शुरू करने का ऐलान किया है।

साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट के मुताबिक के-वीजा साइंस, टेक्नोलाजी, इंजीनियरिंग, मैथ (एसटीईएम) से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है। यह 1 अक्टूबर, 2025 से जारी होगा। इन सब्जेक्ट्स में रिसर्च कर रहे कैंडिडेट भी के-वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। खास बात यह है कि चीनी कंपनी से नौकरी का ऑफर न होने पर भी इस वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। अमेरिका ने 21 सितम्बर से एच-1बी वीजा फीस बढ़ा दी है। इससे प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में मुश्किलें होंगी। ऐसे में चीन के के-वीजा को एच-1बी का विकल्प माना जा रहा है। इस बीच ब्रिटेन भी हाई स्किल्ड लोगों के लिए वीजा फीस खत्म करने पर विचार कर रहा है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक जिन लोगों ने दुनिया के टॉप 5 यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की है या फिर कोई बड़ा इंटरनेशनल अवार्ड जीता है, उनकी पूरी वीजा फीस माफ हो जाएगी। फिलहाल, ब्रिटेन के ग्लोबल टैलेंट वीजा की आवेदन फीस 766 पाउंड (करीब 90 हजार) है। 26 नवम्बर के बजट से पहले इसे खत्म करने का ऐलान हो सकता है। चीन अभी 12 तरह के वीजा जारी करता है। अभी चीन में काम करने के लिए आर-वीजा या जेड-वीजा का इस्तेमाल किया जाता है। जेड-वीजा की वैधता 1 साल की है। जबकि आर-वीजा में ठहरने के लिए सिर्फ 180 दिन मिलते हैं। आर वीजा के लिए कोई फीस नहीं लगती, लेकिन इसकी आवे. दन प्रक्रिया लंबी और पेचीदा है। इसलिए यह सफल नहीं हो पाया। वहीं, के- वीजा में विदेशियों को ज्यादा समय तक चीन में रहने की सुविधा मिलेगी। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि यह कितने समय के लिए होगी। के-वीजा में कुछ ऐसी सुविधाएं दी गई हैं, जो अभी चल रहे जेड वीजा में नहीं है। जेड वीजा वाला विदेशी व्यक्ति अगर चीन में काम करना चाहता है, तो उसे पहले किसी चीनी कंपनी या संस्था से नौकरी का प्रस्ताव या स्पान्सरशिप चाहिए होती है, लेकिन के-वीजा में यह नियम नहीं है। इसमें आवे. दक को किसी स्थानीय कंपनी की जरूरत नहीं है। बस उसकी योग्यता, जैसे आयु, शिक्षा और काम का अनुभव देखा जाएगा। इससे विदेशी पेशेवरों के लिए आवेदन करना आसान हो जाएगा। अलग-अलग देशों के लिए के-वीजा से जुड़ी डिटेल जानकारी चीनी दूतावास और कान्सुलेट जारी करेंगे। चीन सरकार ने अगस्त में इस फैसले को मंजूरी दी थी।

## उत्तर कोरिया हर साल 15-20 अतिरिक्त परमाणु हथियार बना रहा: दक्षिण कोरिया

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने कहा है कि उत्तर कोरिया हर साल 15-20 अतिरिक्त परमाणु हथियार बना रहा है और 'एक अंतरिम आपातकालीन उपाय' के रूप में इस पर रोक लगाना फिलहाल परमाणु निरस्त्रीकरण का 'एक व्यवहार्य और यथार्थवादी विकल्प' होगा। ली ने बीबीसी के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पड़ोसी देश उत्तर कोरिया के प्रमुख किम के बीच हुए उस समझौते पर सहमत होंगे, जिसमें उत्तर कोरिया परमाणु हथियारों से छुटकारा पाने के बजाय उनका उत्पादन रोकने पर राजी होगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर कोरिया ने 2022 में खुद को एक परमाणु शक्ति घोषित किया थी।

## सीरिया 58 साल बाद यूएन महासभा में शामिल होगा

### सीरियाई राष्ट्रपति अल-शरा न्यूयॉर्क पहुंचे, अमेरिका से रिश्ते सुधारने की करेंगे कोशिश

**वाशिंगटन।** सीरिया 58 साल में पहली बार यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली (यूएनजीए) में शामिल होगा। इसके लिए सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा रविवार को न्यूयार्क पहुंचे हैं। वे यहां 80वीं महासभा के सत्र में हिस्सा लेंगे।

ये 23 सितम्बर से 29 सितम्बर, 2025 तक चलेगा। इससे पहले 1967 में तत्कालीन सीरियाई राष्ट्रपति नूर अल-दीन अल-अतासी ने यूएनजीए में हिस्सा लिया था। इसके बाद सीरिया में असद परिवार (हाफिज असद और बशर असद) का 50 साल लंबा शासन रहा। पिछले साल दिसम्बर में अल-शरा ने असद परिवार का तख्तापलट किया और अंतरिम राष्ट्रपति बने। अब सीरियाई सरकार अमेरिका और पश्चिमी देशों से रिश्ते सुधारने में जुटी है। सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने रविवार रात न्यूयॉर्क में सीरियाई समुदाय के प्रति. निधियों के साथ मुलाकात की। सीरिया और इजरायल के रिश्ते लंबे समय से तनावपूर्ण हैं। असद के पतन के बाद इजरायल ने सीरिया पर हवाई हमले बढ़ा दिए थे। इजरायल ने यूएन शांति सैनिकों की निगरानी वाला गोलन हाइट्स बफर जोन पर भी कब्जा कर लिया। इस बैठक में अल-शरा इजरायल के साथ अपने रिश्तों को सुधारने पर जोर दे सकते हैं। अल-शरा ने हाल ही में कहा था की वो 1974 के डिसएंगेजमेंट समझौते को फिर शुरू करना चाहते हैं। पिछले हफ्ते उन्होंने कहा कि जल्द ही कोई डील हो सकती है।

# पाक एयरफोर्स ने अपने ही लोगों पर की बमबारी

## 30 की मौत, चीन के जे-17 विमानों से 8 लेजर-गाइडेड बम गिराए



■ सेना बोली: यहां तालिबान बम बना रहा था

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी वायुसेना ने रविवार रात 2 बजे अपने ही देशवासियों पर चीन के जे-17 विमानों से 8 लेजर-गाइडेड बम गिराए। पाकिस्तानी वायुसेना ने यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तिराह घाटी के एक गांव पर किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हवाई हमले में करीब 30 लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सेना का कहना है कि इन हमलों का टारगेट तहरीक-ए-तालि. बान पाकिस्तान (टीटीपी) का बम बनाने वाला ठिकाना था। लोकल पुलिस ने मीडिया को बताया कि टीटीपी के दो कमांडर, अमान गुल और मसूद खान बम बनाकर मस्जिदों में छिपा रहे थे। इस हमले से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, लेकिन उनकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, इलाके के लोगों का कहना है कि सरकार और सेना सही जानकारी के बिना हमले कर रही है, जिससे आम लोग मर रहे हैं। जून में एक ड्रोन हमले में बच्चे की मौत के बाद एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पाकिस्तान सरकार की आलोचना की थी। मार्च में भी खैबर के कटलांग में 10 नागरिक मारे गए थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया गया है कि पाकिस्तानी एयरफोर्स के हमले में करीब 30 लोगों की मौत हुई है। हालांकि इन वीडियोज की पुष्टि नहीं हुई है। 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। इसमें बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सेना के विरोधी गुट के लोग शामिल थे। इनकी लड़ाई पाकिस्तान की सेना और सरकार के खिलाफ है। इस संगठन से जुड़े कई समर्थक पाकिस्तानी सेना में मौजूद हैं। अमेरिका ने पाकिस्तान को चेताया है कि टीटीपी एटमी हथियारों तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान अक्सर आरोप लगाता है कि पाकिस्तानी तालिबान अफगानिस्तान के जमीन का इस्तेमाल करके उस पर आतंकी हमले करता है। हालांकि पाकिस्तान के इन आरोपों को अफगानिस्तान खारिज करता रहा है। अफगानिस्तान में 2021 के तालि. बान की वापसी के साथ ही पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) मजबूत हुआ है। टीटीपी ने नवम्बर 2022 में पाकिस्तान के साथ सीजफायर को एकतरफा तौर पर खत्म कर दिया था। इसके बाद उसने पाकिस्तान पर हमले तेज कर दिए हैं।

# फिलीपींस में भ्रष्टाचार को लेकर जोरदार प्रदर्शन

■ 95 पुलिसकर्मी घायल 216 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

**मनीला।** नेपाल के बाद अब फिलीपींस के हजारों युवाओं ने बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं से जुड़े घोटाले को लेकर राजधानी मनीला में रविवार को सड़कों पर जोरदार प्रदर्शन किया जिसमें 95 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

इस दौरान 216 प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को विरोध प्रदर्शन काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा, लेकिन जल्द हिंसा भड़क उठी और प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ अयाला ब्रिज, मेंडिओला और क्लारो एम. रेक्टो एवेन्यू सहित प्रमुख क्षेत्रों में झड़पें हो गईं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें की। फिलीपीनी न्यूज चैनल एबीएस-सीबीएन (एएनसी) के अनुसार गृह विभाग ने सोमवार को बताया कि 21 सितम्बर को मनीला में आयोजित भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिसक झड़पों में 95 पुलिस कर्मी घायल हो गए और 216 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने एएनसी को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में 127 युवा और 89 नाबालिग शामिल हैं। मनीला शहर के मेयर इस्को मोरेना ने बताया कि इनमें एक 12 साल का किशोर भी है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108